सुप्रभात
रांची, बुधवार
26.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 342




12 पेपर लीक करने पर उम्रकैद, एक करोड़ जुर्माना



मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की, कहा

# आयुष्मान कार्ड से वंचित सभी लोगों के इलाज की नयी योजना होगी शुरू

सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में पढ़ रहे विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिले, प्लेसमेंट की भी बेहतर व्यवस्था हो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम चम्पई सोरेन ने कहा है कि राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए सरकार एक नई योजना शुरू करने जा रही है। श्री सोरेन मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियायें जल्द पूरी करने का निर्देश दिया।

**स्वास्थ्य उप केंद्रों को सुविधायुक्त बनायें :** उन्होंने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाया जाये। ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिये। इसके साथ स्वास्थ्य उप केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाये। इसमें संबंधित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उससे संपर्क कर सके।

**नर्सिंग स्कूलों और कॉलेज की कैपेसिटी बढ़ाई जाये :** उन्होंने कहा कि राज्य के सभी सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों की जो वर्तमान क्षमता हैए उसे बढ़ाया जाये। इसके साथ इन नर्सिंग स्कूल और कॉलेजों में जो विद्यार्थी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलना चाहिये ।
इसके साथ इन विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था सुनिश्र्ित करें। उन्होंने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर और मजबूत बनाने के लिये मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है । इस दिशा में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिये निवेशकों को आमंत्रित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग कदम उठाये। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को कई अहम सुझाव भी दिये।
बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्र^ र डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के एमडी श्री अबू इमरान, एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ सीके साही और निदेशक औषधि ऋतु सहाय समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय हो : सीएम

मुख्यमंत्री ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की

### दाल भात केंद्रों को सुदृढ़ करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मात्र पांच रुपये में एक वक़्त का भोजन उपलब्ध कराने के लिये शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई दाल भात केंद्र संचालित हैं। उन्होंने इन दाल भात केंद्रों को सुदृढ़ बनाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि इसे साफ स्वच्छ और सुंदर रखने के लिये समुचित कदम उठाये जायें। राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा गरीब लोग इन केंद्रों में भोजन कर सकें।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने राज्य सरकार की रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। श्री सोरेन मंगलवार को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की आज उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की पहल करें। इसके तहत हरा राशन कार्ड जारी करने का जो निर्धारित लक्ष्य है, उसमें बढ़ोतरी की जाये। नये लाभुकों को इस योजना से जोड़ने की दिशा में शीघ्रता से कदम उठायें।

**मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना के स्वरूप में हो बदलाव :** मुख्यमंत्री ने कहा कि दो पहिया वाहनों के लिए पेट्रोल क्रय पर अनुदान हेतु मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना योजना की शुरूआत हुई थी। लेकिन, इस योजना का बेहतर परिणाम देखने को नहीं मिला है। ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभुक लाभ लेने के लिये आगे आयें। इसके गाइडलाइन और स्वरूप में बदलाव लाने की जरूरत है। अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने इस योजना के गाइडलाइन को सरल बनाने का निर्देश दिया।

**धोती, लूंगी और साड़ी को पैकेट बनाकर लाभुकों को दें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सोना सोबरन धोती, साड़ी वितरण योजना के तहत दिये जाने वाले धोती, लूंगी और साड़ी की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे लाभुकों को धोती, लूंगी और साड़ी को पैकेट में उपलब्ध करायें। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, खाद्य सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, ओएसडी सतीश चंद्र चौधरी, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, जेएसएफसी के प्रबंध निदेशक सत्येंद्र कुमार, निदेशक खाद्य उपभोक्ता मामले दिलीप तिर्की और नियंत्रक विधिक माप तौल विज्ञान श्री कृष्ण चंद्र चौधरी मौजूद थे।

## पोटा एक्ट के तहत दोषी को आठ साल कैद की सजा

**रांची।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को पोटा एक्ट 2002 के तहत ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त तिलकमान साहू को दोषी करार कर आठ साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त आठ महीने जेल काटनी होगी। अभियुक्त पर माओवादी संगठन से जुड़कर माओवादियों के लिये लेवी वसुलने का कार्य करने का आरोप था। इस मामले में पालकोट थाना में कांड संख्या 5/2002 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पालकोट थाने के पुलिस ने गुप्त सूचना पर माओवादी संगठन;एमसीसी का सक्रिय सदस्य गुमला के पालकोट बाजार में लेवी की मांग कर रहा है। इसी सूचना पर वहां की पुलिस ने तिलकमान साहू को धर दबोचा। साथ ही, उसकी तलाशी ली गई। जिसमें उसके पास से लेवी की रकम बरामद की गई और तिलकमान साहू के बताये अनुसार मुरूमकेला गांव से एक अन्य माओवादी सदस्य शंकर लोहरा को गिरफ्तार किया गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice
Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 01 /2024-25
Date:-25-06-2042

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of HSC Achaljamo, Block- Bishnugrah, District :-Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 5549825/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 27-06-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 05-07-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 327662 Building(24-25).D


## इडी ने विष्णु अग्रवाल को पुगरु स्थित 9.5 एकड़ जमीन खाली करने का भेजा नोटिस




**रांची।** जमीन फर्जीवाड़े की जांच कर रहे इडी ने विष्णु अग्रवाल को नोटिस भेजा है। नोटिस के माध्यम से नामकुम के पुगरु स्थित 9.5 एकड़ जमीन को दस दिनों में खाली करने को कहा है। पूर्व में इस जमीन को इडी ने कुर्क कर लिया है और निर्णायक प्राधिकारी ने कुर्की की पुष्टि कर दी है, अब इडी इस जमीन पर कब्जा करेगा। गौरतलब हो कि नामकुम के पुगरु मौजा में 9.5 एकड़ खासमहल जमीन की रजिस्ट्री विष्णु अग्रवाल और आदर्श हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर की गई थी। जांच में तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने रजिस्ट्री को गलत पाया। लेकिन टाइटल सूट का मामला मानते हुए जमीन की अवैध रजिस्ट्री को रद्द नहीं किया। इडी ने इस मामले में आशीष कुमार गांगुली समेत डेढ़ दर्जन लोगों से पूछताछ की थी। आशीष ने 9 अगस्त 2019 को विष्णु अग्रवाल को यह जमीन बेची थी, जबकि आशीष कुमार गांगुली ने 2013 में उसी जमीन के लीज रिन्युअल के लिए तत्कालीन डीसी को आवेदन दिया था। इससे पूर्व इस जमीन की लीज 31 मार्च 2014 तक रामचंद्र मुखर्जी के नाम पर स्वीकृत है। गांगुली को यह पता था कि यह जमीन खासमहल की है, बावजूद उसने इस जमीन को विष्णु अग्रवाल को बेची। भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से भू-माफियाओं के पक्ष में फर्जी तरीके से इन भू-खंडों का म्यूटेशन किया गया है।

## चंपई सरकार में महिलाएं असुरक्षित : कमलेश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बीते दिनों एक मासूम लड़की के साथ हुए दुष्कर्म की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। 12 वर्षीय बच्ची को दरिंदों ने विकास चौक से कार में बैठाकर घंटे तक दुष्कर्म किया और फिर अधमरे स्थिति में ओरमांझी क्षेत्र में सड़क किनारे फेंक दिया। पीड़िता अभी भी रिम्स में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। मंगलवार को इस घटना के विरोध में कांके विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता कमलेश राम के नेतृत्व में मेसरा चौक पर आक्रोश मार्च निकालकर सीएम का पुतला दहन किया गया। मौके पर इस घटना का कड़ा विरोध करते हुए कमलेश ने कहा कि यह मन को झकझोर देने वाली घटना हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह है किया है कि दुष्कर्म के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिलायें और पीड़ित परिवार मुआवजा दिया जाये। अन्यथा स्थानीय लोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जायेंगे। झारखंड में महिलाएं के साथ -साथ नाबालिक बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं और सरकार और प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शिवलाल महतो ने कहा राज्य में अराजकता का माहौल बन गया है। भाजपा रांची ग्रामीण के महामंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि यह बेहद ही चिंतनीय विषय यह है कि मुख्यमंत्री हो या राज्य के मंत्री कोई भी ऐसी वीभत्स घटना पर एक शब्द कहने को तैयार नहीं है। इसी से अपराधियों का मन और मनोबल बढ़ा हुआ है। आक्रोश मार्च में राजा महतो, संदीप कुमार, संजय महतो, श्रवन कुमार, सागर महतो, अर्जुन मंडल, श्रृष्टि महतो, किरन देवी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 26 से 6 जुलाई तक आजसू पार्टी का राज्यभर में हल्ला बोल कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी राज्य के सभी 260 प्रखंडों और 51 नगर इकाइयों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन करेगी। हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन 26 जून से 6 जुलाई तक होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ नगर आयुक्त और विकास प्रखंड पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने मंगलवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते बताया कि हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से आजसू पार्टी राज्यवासियों की आवाज बनेगी। आज सरकारी कार्यलयों में जरूरमंद लोगों का काम नहीं हो रहा है। काम सिर्फ उनका हो रहा है जिनके पास पैसे हैं। गरीबों को अपने छोटे से काम के लिए कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं और वहीं दूसरी ओर जिनके पास पैसे हैं, उनका हर काम आसानी से हो जाता है। अबुआ आवास को इन लोगों ने बबुआ आवास बना दिया है। इस अराजक व्यवस्था के खिलाफ हम हल्ला बोल करेंगे।

**30 जून को पूरे राज्य में हूल दिवस मनाएगी पार्टी :** अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक हूल दिवस पर सभी जिला एवं प्रखंड में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। अमर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो व अन्य क्रांतिकारी सपूतों को पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा संताल विद्रोह के महानायकों की संघर्ष गाथा पर प्रकाश डालेंगे। प्रेसवार्ता में केंद्रीय महासचिव विजय साहू भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### जमीन कारोबारी कमलेश को इडी ने भेजा समन, 28 जून को हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को ईडी ने दोबारा समन भेजा है। ईडी ने समन भेजकर 28 जून को उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले बीते 21 जून को ईडी ने कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उसके ठिकानों से एक करोड़ कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे। जिसके बाद ईडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा ने पूरे मामले में झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह को पत्र लिखा और कार्रवाई की मांग की थी। रांची के कांके में थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था।

**शेखर कुशवाहा के बयान पर हुई कार्रवाई :** फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने वाले सिंडिकेट से जुड़े शेखर कुशवाहा ने बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कांके इलाके में कई जगहों पर कमलेश कुमार द्वारा जमीन के फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमीन हड़पने की जानकारी दी थी। मामला सामने आने के बाद ईडी ने समन कर कमलेश कुमार को रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन ईडी के समन पर उपस्थित ना होकर कमलेश फरार हो गया। जिसके बाद शुक्रवार की दोपहर 12 बजे ईडी की टीम कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्ट्रो ग्रीन स्थित फ्लैट पहुंची। लेकिन ईडी के पहुंचने से ठीक पहले कमलेश वहां से निकल गया था।

### एनआईए से जुड़े मामले में प्रभु प्रसाद साहू को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** एनआईए से जुड़े एक मामले में आरोपी प्रभु प्रसाद साहू को मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। प्रभु प्रसाद साहू पर उग्रवादी संगठन सीपीआई माओवादी के सदस्यो के आने-जाने, रुकने आदि का बंदोबस्त करने का आरोप है। इसके अलावा व्यवसाईयों एवं माओवादियों के बीच मध्यस्थता कायम रखने में भूमिका निभाने का भी उसपर आरोप है। मामले को लेकर चुटिया थाना में कांड संख्या 180 /2017 दर्ज की गई थी। 30 अक्टूबर 2017 को इस मामले को एनआईए ने अपने हाथों में लिया था। वर्ष 2017 से प्रभु प्रसाद साहू जेल में है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह एवं अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान प्रतीक की ओर से कोर्ट को बताया गया की इसी से संबंधित मामले में एक आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

### औद्योगिक नीतियों में जीएसटी प्रतिपूर्ति भुगतान प्रणाली लागू

**रांची।** राज्य सरकार की विभिन्न औद्योगिक नीतियों में जीएसटी इंसेंटिव के प्रावधानों को विलोपित कर दिया गया। इसके स्थान पर अब जीएसटी रीइंबर्समेंट के प्रावधानों को लागू कर दिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जीएसटी रीइंबर्समेंट के प्रावधानों को लागू किये जाने से अब विभिन्न औद्योगिक इकाई को वर्ष 2017-18 से वर्ष 2022-23 की अवधि के लिए विस्तारित योजना के लिए अनुमान्य एसजीएसटी रीइंबर्समेंट तीन माह के अंदर मिलने का रास्ता साफ हो गया। इस संबंध में गिरिडीह के अतिवीर इंडस्ट्री और झारखंड सरकार के बीच हाइकोर्ट में वाद भी चल रहा था। कोर्ट से पारित आदेश के आलोक में यह बदलाव किया गया है। बताते चलें कि यह संशोधन उद्योग विभाग झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021, झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2016, झारखंड औद्योगिक नीति 2012, झारखंड टेक्सटाइल एपरेल एवं फुटवेयर नीति 2016 एवं झारखंड ऑटो मोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट पॉलिसी 2016 का अंश भी होगी। मालूम हो कि नेट वैट नीति की वजह से औद्योगिक इकाईयों का प्रतिपूर्ति भुगतान नहीं हो पा रहा था। अब जीएसटी प्रतिपूर्ति भुगतान प्रणाली लागू होने से इकाईयों को लाभ होगा।

### झारेरा की वेबसाइट पर अपने प्रोजेक्ट को अपलोड नहीं कराने वालों पर होगी कार्रवाई

**रांची।** झारखंड भू- संपदा नियामक प्राधिकार (झारेरा) की वैसे प्रोजेक्ट पर विशेष नजर है, जिसका अपडेटेड डॉक्यूमेंट उसकी वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। यही कारण है कि झारेरा ने इसे लेकर एक सूचना जारी की है। झारेरा के अध्यक्ष बीरेन्द्र भूषण ने सभी बिल्डर्स, डेवलपर्स, प्रमोटर को चेतावनी देते हुए कहा है कि जिनका प्रोजेक्ट ऑफलाइन मोड में निबंधित है तथा प्रोजेक्ट से संबंधित सभी कागजात अद्यतन झारेरा की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किए हैं, वे इस सूचना के प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर अपलोड कर दें। ऐसा नहीं करने पर भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) एक्ट 2016 के तहत कार्रवाई की जाएगी। वैसे बिल्डर्स, डेवलपर्स जिनका वर्तमान पता, ई मेल, मोबाइल नंबर आदि किसी कारण से बदल गया हो, वे 7 दिनों के अंदर कार्यालय को उसके मेल आईडी रेरा डॉट झारखंड एट जीमेल डॉटकॉम पर भेज दें।

### हाई कोर्ट ने भाजपा की निलंबित नेत्री सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिवीजन को किया अमान्य

**रांची।** अपनी नौकरानी सुनीता खाखा के साथ क्रूरता मामले में निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली भाजपा की निलंबित नेत्री सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिवीजन की मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में दायर क्रिमिनल रिवीजन को अमान्य कर दिया। साथ ही मामले को अपील में तब्दील करते हुए सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने कहा कि एसटी /एससी अधिनियम की धारा 14 ए के तहत इस मामले में अपील दाखिल की जानी चाहिए थी। दरअसल, बीते सोमवार को मामले में मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर सुनवाई पूरी हो गई थी, जिस पर मंगलवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। बीते सोमवार को सुनवाई के दौरान इस बात पर बहस की गई थी कि यह मामला क्रिमिनल रिविजन का है या अपील का। सूचक विवेक बास्की की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता शोभा लकड़ा ने पैरवी की। बता दें कि मामले को लेकर सीमा पात्रा के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। रांची की निचली अदालत ने सीमा पात्रा की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी। बता दें की प्राथमिकी में नौकरानी सुनीता ने बताया था कि सीमा पात्रा ने उन्हें कई दिनों तक भूखे-प्यासे कमरे में बंद रखा था। लोहे की रॉड से मार कर उसके दांत तक तोड़ दिये थे। इतने से भी उनका जी नहीं भरा तो उन्होंने गर्म तवे से शरीर के कई हिस्सों में दागा, जिसके निशान अभी भी हैं। इसके अलावा पेशाब को भी मुंह से साफ कराती थी। सुनीता पर हो रहे जुल्म की जानकारी किसी तरह कार्मिक विभाग के अफसर विवेक बास्की को मिली थी।


**Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Ranchi**
(DISTRICT PLANNING OFFICE, RANCHI)
(E-mail id : ranchi.dpo@gmail.com)
1st Floor,Vikas Bhawan, Ranchi- 834001
Very Short Expression of Interest (EOI)

SUB – Invitation of Short Term Expression of Interest for Selection of Agency for the Requirement for the projects "Upgradation of education facilities with ICT labs, library, and Recreation Cum Learning Centres" in Government School of RanchiDistrict of Jharkhand.

District Administration, Ranchi invites Special EOIs from reputed firm's/manufacturing agencies/NGOs for the Requirement for the projects 'Upgradation of education facilities with ICT labs, library, and Recreation Cum Learning Centres' in Government Schools of Ranchi District of Jharkhand.

| NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | Invitation of Short Term Expression of Interest for Selection of Agency for the Requirement for the projects 'Recreation Centres' in Government School of Ranchi District of Jharkhand under the limitation of Rs. 8.33 Lakh per school |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 26th June 2024 (11:00 AM) |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | RS 100,000.00 (One Lakh Only) in Favour of DC Ranchi, Payable at Ranchi. |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 04th July 2024 (.05:00 PM) |
| 05 | BID SUBMMISSON PLACE | DPO Office, 1st Floor, Vikas Bhawan Ranchi |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 05th July 2024 (11:00 AM) |
| 07 | BID OPENING PLACE | Conference Hall, Vikas Bhawan, Ranchi |
| 08 | NAME AND OFFICE FOR INVINTING EOI | District Planning Office, Vikas Bhawan, Ranchi |
| 09 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | 7979927699/9431931312 |

Complete EOI Document and the approved proposal of the project from the NITI Aayog is available on official website of Ranchi District

District Administration, Ranchi reserves the right to have negotiation with any or all, accept or reject any or all the EOI Proposal and annual this process at any time without assigning any reason whatsoever be.

Sd/-
Deputy Commissioner
-Cum- District Magistrate, Ranchi

PR 327629 Ranchi(24-25)D


## लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने भाजपा को सिखाया सबक : वृंदा करात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने नरेंद्र मोदी सरकार को सबक सिखा दिया है। चुनाव नतीजों के बाद भी भाजपा कोई सबक नहीं ले रही है। अब भी वह बुलडोजर लेकर पार्लियामेंट चलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई, जमीन घोटाला, कोयला घोटाला, बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। किसानों को भी धोखा दिया है, यूज एंड थ्रो की राजनीति करते हैं, मोदीजी, बांग्ला भाषी मुसलमानों को टारगेट कर रहे हैं, यह गलत है, वे 40 से 50 साल से रह रहे हैं। इसका विरोध जारी रहेगा। वृंदा करात मंगलवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात कर रही थी। इस मौके पर सीपीएम नेता रामचंद्र डोम, प्रकाश विप्लव समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

वृंदा करात ने झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारियों शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिश्व सरमा पर कहा कि हिमंता और शिवराज झारखंड के बारे में कुछ जानकारी नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि हिमंत बिश्व सरमा घूम घूम कर सांप्रदायिकता फैलाते हैं। अगर वह यहां सांप्रदायिक नीतियों पर काम करेंगे, तो उसका भी हम विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशियों की घुसपैठ के मामले में भाजपा जनता को भ्रमित करती है। बांग्लाभाषी मुस्लिमों को जान बूझ कर परेशान किया जा रहा है। भाजपा को ऐसे बयान देने से पहले ये भी बताना चाहिए कि वर्तमान सरकार के पहले झारखंड में जो सरकारें थीं, बांग्लादेश से होनेवाली घुसपैठ को रोकने के लिए उन्होंने क्या किया। केंद्र सरकार ने अब तक क्या कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा चुन चुन कर बांग्लाभाषी मुस्लिमों को परेशान कर रही है।
वृंदा करात ने कहा कि संसद की परंपरा के मुताबिक, कौन स्पीकर बनेगा और कौन डिप्टी स्पीकर, इस पर पहले बातचीत होनी चाहिए। बातचीत के बाद इसकी घोषणा होनी चाहिए। सरकार चाहे, तो स्पीकर कौन बनेगा, यह तय कर ले। लेकिन, डिप्टी स्पीकर के पद पर विपक्ष का ही नेता होना चाहिए। यह हमारी परंपरा रही है। वर्ष 2019 के चुनाव के बाद सदन में कोई डिप्टी स्पीकर नहीं रहा।

**16 से 21 अगस्त तक होगी विरोध कार्रवाई**

वृंदा करात ने कहा कि पार्टी द्वारा जन मुद्दों को भी चिन्हित किया गया है, पानी की विकराल समस्या से शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र जूझ रहे हैं। जमीन के नक्शे को डिजिटल करने से किसान परेशान हैं, हरा राशन कार्डधारियों को कोई राशन नहीं मिल रहा है। मिनिमम वेज बढ़ा है, तो इसे बढ़ने दें, रोक लगेगी तो इस पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। 16 अगस्त से 21 अगस्त तक विरोध कार्रवाई का आयोजन जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर किया जायेगा।

### सीएम चंपई सोरेन से औपचारिक मुलाकात

पूर्व सांसद वृंदा करात के नेतृत्व में सीपीएम का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से झारखंड मंत्रालय में औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने मिल कर जमीन के नक्शे को डिजिटल करने से किसानों की परेशानी समेत अन्य मुद्दों को रखा। मौके पर पार्टी के राज्य सचिव संजय पासवान, स्टेट कमेटी मेंबर सुरेश मुंडा, अशोक साह, सुभाष हेम्ब्रम और सुधांशु रंजन शामिल थे।

सुप्रभात

रांची, बुधवार

26.06.2024

नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 342




12 दो अगस्त को रिलीज होगी फिल्म 'उलझ'

## न्यूज डायरी

### एके को नहीं मिली राहत इडी की याचिका स्वीकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी सीएम अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को फिर बड़ा झटका लगा। दिल्ली की विशेष अदालत से मिली 20 जून को मिली जमानत निलंबित करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली।

### रातू का एसआइ 35 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी में रातू थाना के सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को घूस लेते एसीबी की टीम ने मंगलवार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि कि सत्येंद्र सिंह ने केस डायरी मैनेज करने के नाम पर घूस की मांग की थी। वादी घूस ने इसकी शिकायत एसीबी से की। एसीबी ने पूरे मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन में एसीबी ने घूस मांगे जाने की बात सही पायी। इसके बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर को रंगेहाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।

### शपथ के दौरान ओवैसी के नारे पर सदन में हंगामा

**नयी दिल्ली।** संसद सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भी निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलायी गयी। एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ के दौरान 'जय फिलिस्तीन' और अल्लाह-ओ-अकबर के नारे लगाये। इस पर विवाद हो गया। भाजपा सांसदों ने ओवैसी के जय फिलिस्तीन कहने पर आपत्ति जतायी। प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि ओवैसी के शपथ भाषण में अगर कोई आपत्तिजनक बात पायी गयी तो उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाया जायेगा।

### तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

**हजारीबाग।** इटाक थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो सगे भाइयों की तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गयी। दोनों बच्चों की मौत से गांव में शोक है। ये हादसा डाढा गांव में रामसागर तालाब में नहाने के दौरान हुआ। मृतकों में राजकुमार (9 वर्ष) एवं उसका छोटा भाई एस राज (7 वर्ष) शामिल हैं।

### दनुआ घाटी में पांच वाहन आपस में भिड़े 3 की मौत

**हजारीबाग।** दनुआं घाटी में फिर बड़ी दुर्घटना में तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे में पांच गाड़ियां आपस में टकरा गगयीं। जिसमें तीन ट्रेलर और दो कंटेनर शामिल है। इस दौरान दो कंटेनर खाई में गिर गयी। साथ ही दो गाड़ियों के परखच्चे उड़ गये। वहीं, इस घटना के समय एक बाइक कंटेनर की चपेट में आ गई, जिसमें दो बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी पाकर चौपारण पुलिस मौके पर पहुंची. जहां एक शव गाड़ी के नीचे दबे होने की बात कही जा रही है। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली थी।

# सत्तापक्ष और विपक्ष में नहीं बनी सहमति, आज स्पीकर पद का चुनाव

## इतिहास में पहली बार चुनाव, ओम बिरला और के. सुरेश मैदान में, ह्विप जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष पद को सत्तापक्ष और विपक्ष में सहमति नहीं बन सकी है। ऐसे में ऐसा लोकसभा के इतिहास में पहली बार होगा जब स्पीकर पद के लिए चुनाव होगा। एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ही ओर से लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया गया है। एनडीए की ओर से ओम बिरला का नाम फाइनल हुआ है। वो पिछले सत्र में भी लोकसभा अध्यक्ष पद का जिम्मा संभाल चुके हैं। इस बार भी उन्होंने स्पीकर पद के लिए नामांकन कर दिया है। उधर इंडिया अलायंस की ओर से के सुरेश का नाम सामने आया। के सुरेश ने भी स्पीकर पोस्ट के लिए विपक्ष की ओर से नामांकन कर दिया। अब बुधवार सुबह 11 बजे लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग होगी। इसी के बाद फैसला होगा कि अगला लोकसभा अध्यक्ष कौन बनेगा। इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने स्पीकर के चुनाव को लेकर व्हिप कर दिया है। अपने-अपने सभी सांसदों को को सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। एनडीए ओम बिड़ला को 293 सांसदों का समर्थन है। इनके अलावा कुछ निर्दलीय और अन्य छोटे दलों के सांसदों का भी उन्हें समर्थन मिल सकता है। दूसरी ओर विपक्ष के उम्मीदवार के. सुरेश के समर्थन में करीब 234 सांसद हैं।

**ह्विप जारी :** स्पीकर का चुनाव बुधवार को होना है। इसके लिए कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी करते हुए सदन में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। चीफ व्हिप के सुरेश ने ये निर्देश दिए जोकि स्पीकर पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार भी हैं।

(शेष पेज 11 पर)



### सहमति नहीं बनने का कारण

पहले ऐसी खबरें थीं कि दोनों के बीच बात बन गयी है। जल्द ही इस पर विपक्ष ने स्टैंड क्लीयर कर दिया। विवाद इसलिए गहराया क्योंकि विपक्ष की मांग थी कि स्पीकर सत्ता पक्ष का हो और विपक्षी पार्टी को लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मिले। हालांकि, सत्ताधारी खेमे ने इस पर स्वीकृति नहीं दी। इसी के बाद चुनाव के लिए विपक्ष ने फैसला लिया। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अगर विपक्ष का डिप्टी स्पीकर नहीं होगा तो हम स्पीकर पद के लिए समर्थन करने की जगह अपना उम्मीदवार खड़ा करेंगे।

### सुरेश के नाम पर विपक्षी गठबंधन में दरार

विपक्षी गठबंधन के फैसले के बाद विपक्ष के अंदरखाने कुछ सही नहीं चल रहा। इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टी टीएमसी का कहना है कि स्पीकर पद के लिए के. सुरेश के नाम पर पार्टी के किसी भी नेता के साथ चर्चा नहीं की गयी। जिस समय के.सुरेश ने नामांकन भरा, उस समय टीएमसी का कोई भी नेता वहां हस्ताक्षर करने के लिए मौजूद नहीं था। जब टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से इस मुद्दे पर उनकी पार्टी के रुख को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है। बनर्जी ने आगे कहा कि दुर्भाग्य से यह एक तरफा लिया गया फैसला है। टीएमसी सांसद के अनुसार किसी ने भी इस बारे में टीएमसी से राय नहीं ली और इस बारे में पार्टी की प्रमुख ममता बनर्जी ही कोई फैसला लेंगी।

### आपातकाल लाने वाले संविधान से प्रेम का दावा नहीं कर सकते

# कांग्रेसी संविधान के प्रति अपनी घृणा, दिखावे में छिपाते हैं : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडिया समूह के भाजपा के खिलाफ देश के संविधान के लिये सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाये जाने के एक दिन बाद पीएम मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुये कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा, आपातकाल लागू करने वालों को हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया तथा संघवाद को नष्ट किया। संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। उन्होंने दोहराया कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। उन्होंने कहा, वे अपने दिखावे के जरिये संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिये उन्होंने उन्हें बार-बार नकार दिया है।



#### संविधान को रौंद दिया था

उन्होंने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में कांग्रेस पर 1975 में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी द्वारा करीब 21 महीने तक लगाये गये आपातकाल के लिए हमला बोला। आपातकाल को काले दिन के रूप में याद करते हुये उन्होंने कहा , यह दिन हमें याद दिलायेगा कि कैसे कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को रौंद दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। पीएम मोदी ने कहा, जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। उन्होंने कहा सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। कांग्रेस से असहमत होने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रताड़ित और परेशान किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाने के लिये सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गयी थी। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है , जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। पीएम की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है, जब देश 25 जून को आपातकाल लागू होने की 49 साल पूरे हो रहे हैं।

# सेना में अलग से गठित हो आदिवासी रेजीमेंट : सीएम

## भेंट करने आये सैन्य अधिकारी को सीएम ने अपनी भावना बतायी

### देश भर के आदिवासियों को मिलेगी नयी पहचान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मंगलवार को भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ईस्टर्न कमांडर और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जाट रेजीमेंट, बिहार रेजीमेंट, पंजाब रेजीमेंट, सिख रेजीमेंट और मद्रास रेजीमेंट आदि की तर्ज पर आदिवासी रेजीमेंट बनाने की अपनी भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आदिवासी रेजीमेंट के गठन से देशभर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान भी मिलेगी।

**फौज में आदिवासियों को अधिक अवसर मिले :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना में झारखंड के आदिवासी युवा अपनी सेवा देते आ रहे हैं। फौज बहाली में यहां के आदिवासियों को और ज्यादा से ज्यादा अवसर प्राप्त हो। इसमें सेना आदिवासियों को आगे लाने की दिशा में पहल करने का लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया। साथ ही कहा कि इस दिशा में सेना की स्थानीय जीओसी के माध्यम से आदिवासियों को सेना बहाली के योग्य तैयार करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य सभी सहयोग किया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)



### सीएम समीक्षा बैठक

रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय हो। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की पहल हो। हरा राशन कार्ड के लक्ष्य में बढ़ोतरी की जाये। नये लाभुकों को इस योजना से जोड़ने की दिशा में शीघ्रता से कदम उठायें। दाल भात केंद्रों को सुदृढ़ करें। धोती, लूंगी और साड़ी को पैकेट बनाकर लाभुकों को दें। आयुष्मान कार्ड से वंचित सभी लोगों के इलाज की नयी योजना शुरू होगी। राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए नयी योजना शुरू होगी। नर्सिंग स्कूलों और कॉलेज की कैपेसिटी बढ़ाई जाये।

(खबर पेज 2 पर)

# सीएम आज धनबाद को देंगे 400 करोड़ की सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन बुधवार को धनबाद में 400 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। साथ ही लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। कुछ लोगों के बीच नियुक्ति पत्र भी बांटेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद वह पहली बार चंपई सोरेन धनबाद में किसी सरकारी समारोह में शामिल होंगे। उनके दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

**इन योजनाओं के लाभुकों को बांटेंगे परिसंपत्तियां :** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री अबुआ आवास, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, व्हील चेयर वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत एक मनिहारी दुकान, एक राशन दुकान व एक स्कोर्पियो वाहन का वितरण करेंगे।

इसके साथ ही पशुधन योजना, साइकल वितरण, वेद व्यास आवास निर्माण, रंगीन मछली पालन, मिनी ट्रैक्टर व कृषि उपकरण, प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना, स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना व हिट एंड रन के दो मामले में लाभुकों को दो-दो लाख का वितरण करेंगे।

# नक्सली के शक में पकड़ा, टार्चर किया, अब देना होगा मुआवजा

## दोषी अधिकारी से वसूली जायेगी पांच लाख की राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लातेहार में ग्रामीण अनिल कुमार सिंह को नक्सली के संदेह में गारू थाना के तत्कालीन प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा घर से उठाकर उसे थाना में टॉर्चर करने मामले की सीआइडी जांच को लेकर दाखिल क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट में ग्रामीण अनिल कुमार सिंह को 5 लाख का मुआवजा देने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। मुआवजा की राशि दोषी अधिकारी से वसूलने का निर्देश दिया है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि इस मामले में दोषी के खिलाफ क्यों नहीं उचित कार्रवाई की गयी।



वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार पोद्दार ने कोर्ट को बताया था अनिल कुमार सिंह को गारू थाना की तत्कालीन थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने उसके घर से उठाकर 2 दिनों तक उसे थाने में रखा था। उसे काफी टॉर्चर किया था। मारपीट करने के साथ-साथ उसके पिछले प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल भी डाला गया था। इस संबंध में अनिल कुमार द्वारा थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया था, बाद में 7 माह बाद रंजीत कुमार यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी, लेकिन अब तक तत्कालीन थाना प्रभारी पर किसी तरह का कार्रवाई नहीं हुई है।

(शेष पेज 11 पर)

# दिल्ली से आकर जेल में हेमंत से मिले कांग्रेस प्रभारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर मंगलवार को अचानक दिल्ली से रांची पहुंचे और एयरपोर्ट से ही सीधे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करने बिरसा मुंडा जेल पहुंचे। उनके साथ कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। इस मुलाकात को बिल्कुल सिक्रेट रखा गया था, क्योंकि मुकालात के बाद गुलाम अहमद मीर अगली फ्लाइट से सीधे वापस दिल्ली लौट गये। पार्टी नेतृत्व का कोई संदेश ले कर वह विशेष रूप से सिर्फ हेमंत सोरेन से मिलने आये थे। दोनों की हेमंत सोरेन से क्या बातचीत हुई, इसका पता नहीं चल पाया है। चर्चा है कि मंत्री पद एवं चुनाव के मुद्दे पर चर्चा हुई होगी।

**खास मुलाकात कर दिल्ली गये मीर :** कई वजहों से इस मुलाकात को बेहद खास बताया जा रहा है। दरअसल, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष समेत तमाम बड़े पदाधिकारी दिल्ली में हैं। वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक भी हुई थी। इसी बीच कांग्रेस प्रभारी का रांची आकर हेमंत से मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद से खाली 11वें मंत्री पद को भरने के लिए भी चर्चा हुई है। नाम भी तय हो चुका है। हालांकि दिल्ली लौटते वक्त गुलाम अहमद मीर ने सिर्फ इतना कहा कि बहुत जल्द मंत्री के नाम की घोषणा होगी। इस मुलाकात के दौरान सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा हुई है।

### कल्पना सोरेन भी थीं साथ, कई मुद्दों पर चर्चा की संभावना

**चुनाव पर भी चर्चा :** सूत्रों के मुताबिक इस बात पर भी चर्चा हुई कि आगामी विस चुनाव में इंडिया गठबंधन किन मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगा। 2019 के चुनाव के वक्त महागठबंधन में झामुमो, कांग्रेस और राजद शामिल थे।

(शेष पेज 11 पर)

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 रु./प्रति किलो |




### नीट परीक्षा मामला : हाईलेवल कमेटी की पहली बैठक में मजबूत प्रणाली पर चर्चा

# सीबीआइ ने सौंपी एफआइआर, मुखिया देता था गारंटी

एजेंसी

**पटना, नयी दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 के प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआइ ने अपनी दर्ज प्राथमिकी मंगलवार को पटना स्थित ब्यूरो की विशेष अदालत को सौंप दी। सीबीआइ ने यह प्राथमिकी पटना के शास्त्री नगर थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दर्ज की है, जिसमें दर्ज अभियुक्तों के अलावा अन्य को भी अभियुक्त बनाया है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक में मजबूत परीक्षा प्रणाली विकसित करने पर चर्चा हुई। वहीं जांच के दौरान इस मामले के मास्टर माइंड संजीव मुखिया के राज परत-दर-परत खुलने लगे हैं। वह पैसे लेने के बाद स्टांप पेपर पर लिख कर परीक्षा में सफलता की गरंटी देते था। (शेष पेज 11 पर)




### स्टांप पेपर पर पास कराने की गारंटी

पेपर लीक मामले में अभी झारखंड के देवघर से पकड़े गये छह में से पांच अभुयक्त नालंदा जिले के ही हैं, जो संजीव मुखिया के लिए काम कर रहे थे। संजीव मुखिया का बेटा शिवकुमार बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में जेल में बंद है। मास्टर माइंड संजीव मुखिया के राज परत-दर-परत खुलने लगे हैं। नीट पेपर लीक के मुख्य सूत्रधार संजीव मुखिया कोई मुख्य परीक्षा का पेपर लीक करने में महारथ हासिल थी। संजीव मुखिया जिस भी अभ्यर्थी या अभिभावक से डील करता उससे एक हजार रुपये के स्टांप पेपर पर टर्म एवं कंडीशन के साथ उनका हस्ताक्षर करा लेता था। साथ में किसी भी बैंक का पीडीसी चेक भी ले लेता था। खर्च के नाम पर कुछ रुपये एडवांस के रूप में भी लिये जाते थे। स्टांप पेपर पर लिखा होता था कि नौकरी लगने या परीक्षा पास करने की गारंटी देता था और ऐसा होने पर अभ्यर्थी या अभिभावक संजीव मुखिया गिरोह को देगा।

## स्पीड न्यूज

### कर्नल संजय सिंह ने की केंद्रीय पर्यटन मंत्री से मुलाकात, दी बधाई



**नई दिल्ली/मेदिनीनगर।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने भारत सरकार के पर्यटन तथा कला संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से दिल्ली निवास पर मिलकर मोदी सरकार 3.0 में उन्हें केंद्रीय मंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथ ही झारखंड राज्य के पलामू जिला में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर उनसे चर्चा की।

### हुसैनाबाद नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष ने कार्यपालक को लिखा पत्र



**हुसैनाबाद पलामू।** पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने एक पत्र लिख नगर प्रशासकीय पदाधिकारी को शहर के मुख्य छठ पोखरा में चल रहे सौंदर्यीकरण पर सुझाव दिया है। उन्होंने लिखा कि छठ घाट तालाब में पानी की समस्या हमेशा बनी रहती हैं इसलिए सुंदरीकरण के साथ साथ आठ इंची डीप बोर भी करा दिया जाये।

### ग्राम सभा में सेविका सहायिका चयनित



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढाबकला ग्राम में मंगलवार को ग्राम सभा कर आंगनबाड़ी केंद्र ढाबकला 1 के लिए सेविका सहायिका चुनी गयीं। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका तथा सहायिका के सेवानिवृत्त होने से यह रिक्ति हुई थी। बैठक की अध्यक्षता मुखिया जितेन्द्र पासवान ने की। बैठक में सेविका के लिए 13 तथा सहायिका के लिए 4 आवेदन मिले। जिसमें विभागीय मापदंड के अनुसार सेविका पद पर रेशमा कुमारी तथा सहायिका पद पर रिंकू कुमारी चुनी गयीं। बीडीओ अरविंद बेदिया ने दोनों प्रतिभागियों को औपबंधिक प्रमाण पत्र सौंपा। मौके पर प्रखंड प्रमुख कमला देवी, प्रधानाध्यापक प्रतिमा कुमारी, पास वासुदेव राम, एएनएम मिंटू कुमारी, अनिल पासवान, पूर्व मुखिया सुनिल राम, अर्जुन मेहता, विजय मेहता, प्रेमचंद मेहता आदि थे।

### प्रभारी एमओ ने किया दुकान का निरीक्षण



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने मंगलवार को चावल दिवस पर कई जन वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के जगदेव स्वयं सहायता, भवेश सिंह और भजनियां में गुप्ता राम डीलर सहित अन्य कई दुकानों की स्टॉक और वितरण पंजियों की जांच की। बताया कि इस दौरान इन पंजियों का संधारण अद्यतन और सभी दुकानों को राशन बांटते हुए खुला पाया गया। गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर संबंधित डीलरों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

### थाना प्रभारी ने चलाया नशामुक्ति अभियान



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजु कुमार गुप्ता के नेतृत्व में लेस्लीगंज के कोटखास, पुरानी बाजार, गांधी चौक, ढेला चौक में नशा के खिलाफ अभियान चलाया गया। लोगों को जागरूक करते हुए नशा से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गयी। कई जगह लोगों को शराब, चरस, स्मैक के कारोबार में मिलने वाली सजा की जानकारी देते हुए इस धंधे से दूर रहने को कहा गया। थाना प्रभारी ने कहा कि स्कूलों के नजदीक या गांवों में मादक पदार्थों का सेवन अथवा तस्करी हो रही हो तो कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना पुलिस को दे सकता है। पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। मौके पर प्रदीप कुमार, विक्रम शील, अजय कुमार, राजू मांझी, गोविंद कुमार भी शामिल थे।

### पत्रकार प्रवीण रंजन को पितृशोक



**मेदिनीनगर।** पत्रकार प्रवीण रंजन सिंह के पिता विजय सिंह का निधन गुरुवार को हृदय गति रूक जाने से हो गया। उनका अंतिम संस्कार सुदना पंपूकल घाट स्थित कोयल नदी के तट पर किया गया। इनके ज्येष्ठ पुत्र सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सचिव राजीव रंजन ने बताया कि उनका ब्रह्मभोज तीन जुलाई को पटेल नगर आवास पर होगा। इनकी आत्मा की शांति के लिए गरूड़ पुराण पाठ कराया जा रहा है। वे अपने पीछे भरा पूरा घर परिवार छोड़ गये हैं। शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त किया है।

### शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर चुनाव आयोग ने पुलिस कप्तान को दी बधाई



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव हो या कोई भी चुनाव हो तो चुनाव कराने के लिए मतदानकर्मी एवं पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण होता था। कारण कि तीन दशक से चुनाव के दौरान नक्सली हिंसात्मक घटना को अंजाम दिया करते थे। विशेष कर पलामू जिला के अति संवेदनशील चक, मनातू, छतरपुर, नौडिहा बाजार, हरिहरगंज, पीपरा, हैदरनगर, महुडंड, पांकी, रामगढ़, चैनपुर समेत अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली संगठन द्वारा हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इस घटना में कई लोग शहीद हो चुके हैं लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में पलामू जिला के किसी क्षेत्र में हिंसक घटनाएं नहीं घटी। इसे लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए पलामू एसपी रीष्मा रमेसन को प्रशस्ति पत्र भेजा है। वहीं मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने पलामू जिला समेत लातेहार व गढ़वा जिला के एसपी को भी लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशस्ति पत्र भेजा है। पलामू नक्सल हिंसा के लिए पूरे देश में चर्चित रहा है। पलामू में अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पोलिंग पार्टी को हेलीकॉप्टर से लाने ले जाने की व्यवस्था की जाती थी लेकिन इस बार मतदान कर्मी चक जैसे क्षेत्र में पहली बार सड़क मार्ग से निर्भीक होकर चुनाव कराने गये।

# पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी विस में राजद को मिले मत : प्रदेश अध्यक्ष

- राजद का पलामू लोकसभास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की गयी
- लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा में जुटे राजद के नेता-कार्यकर्ता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राजद द्वारा चंद्रा रेसिडेंसी में समीक्षा बैठक की गयी। पलामू लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार पर मंगलवार को पलामू, गढ़वा जिला के कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में कार्यकर्ताओं ने चुनाव में कमी रहने, पार्टी के प्रदेशस्तरीय नेताओं के द्वारा पर्याप्त सहयोग नहीं मिलने व धन की कमी रहने, चुनाव प्रचार में संसाधनों का घोर अभाव रहने समेत बिभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं के द्वारा जो सुझाव दिये गये हैं या कमियां बताई गयी है उसे पार्टी गंभीरतापूर्वक ले रही है। आगामी चुनाव में इसका पुनरावृत्ति न हो इस पर पार्टी द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक में समाधान किया जायेगा। श्री यादव ने कहा कि चुनाव में हार जीत लगी रहती है। कार्यकर्ता धैर्य के साथ सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव के एक सिपाही के रूप में दृढ़ता के साथ कार्य करें। आनेवाला समय में सबकुछ बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र के सभी विस में पार्टी को बेहतर परिणाम मिले हैं। यह हमारे लिए अच्छी बात है। जहां भी कमी रही है उसे दूर किया जायेगा। श्री यादव ने कहा कि झारखंड विधानसभा का चुनाव होनेवाला है। इसे लेकर कार्यकर्ता अभी से ही कमर कस लें।

# गठबंधन के नाम पर जनता-कार्यकर्ता को दिग्भ्रमित न करें विधायक : विनोद सिंह

- एनसीपी से भाजपा के गठबंधन वाले बयान को भाजपा ने किया खारिज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा एवं एनसीपी के गठबंधन वाले बयान को भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा से गठबंधन के नाम पर राजनीति कर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे है एनसीपी व विधायक। उक्त बातें श्री सिंह रिद्धि सिद्धि होटल में प्रेस वार्ता कर मीडिया से कही।

श्री सिंह ने कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों में एनसीपी (अजित पवार) गुट के द्वारा हुसैनाबाद विधायक व पार्टी के द्वारा दिया गया बयान जिसका शीर्षक झारखण्ड में एक सीट से अधिक पर लड़ेगी एनसीपी और हुसैनाबाद होगा एनडीए एनसीपी के हिस्सा वाला बात बिल्कुल दिग्भ्रमित करने और अपनी खिसकती राजनीतिक जमीन को चर्चा में लाने वाला बयान है।



उन्होंने कहा कि जनता दिग्भ्रमित नही होगी क्योंकि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी हैं बीते लोकसभा चुनाव में मेदिनीनगर में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि झारखंड में मेरा गठबन्धन मात्र आजसू पार्टी सुदेश महतो के साथ है। जहां पर हुसैनाबाद के विधायक व एनसीपी नेता भी मौजूद थे। इसके बाद भी इस तरह के गैर जिम्मेदारी वाला बयान देना उनकी कमजोरी खिसकती राजनीतिक जमीन को बचाने का प्रयास है। जहां तक गठबंधन की बात है तो राष्ट्रीय पार्टी के गठबंधन राज्य के आधार पर होती हैं और यह तय केंद्रीय नेतृत्व करता हैं। हमलोग तो सिर्फ एक साधारण कार्यकर्ता हैं। उन्होंने आगे कहा कि विधायक हार मान चुके हैं क्योंकि हुसैनाबाद की जनता उन्हें चुनाव से पूर्व नकार चुकी हैं जिसका जीता जागता उदाहरण हैं कि पहले विधायक अपने पुत्र को चुनाव लड़ाने की बात करते थे लेकिन सुना है।अब तो वे खुद पुनः चुनाव मैदान में होंगें। आगे कहा कि जनता भूलभुलैया में ना पड़े । यहां भाजपा चुनाव कमल फूल छाप सिम्बल पर लड़ेगी चुनाव कौन लड़ेगा यह तय करना केंद्रीय नेताओ का काम हैं।

### पूर्व पीएम इंदिरा के समय लगी इमरजेंसी के विरोध में भाजपा ने मनाया काला दिवस

# सत्ता पर काबिज रहने को इंदिरा ने लगायी थी इमरजेंसी: जवाहर

- भारतीय राजनीतिक इतिहास का काला अध्याय था इमरजेंसी : अमित तिवारी
- इमरजेंसी में देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित किये गये थे



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री रहीं स्व.इंदिरा गांधी की ओर से लगाई गई इमरजेंसी के विरोध में शनिवार को पलामू भाजपा के नेताओं ने काला दिवस मनाया। मौके पर भाजपा जिला कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की और संचालन जिला उपाध्यक्ष रीना किशोर ने किया। इमरजेंसी के दौरान मेदिनीनगर के एक मीसा बंदी प्रो केके मिश्रा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जवाहर पासवान थे। उन्होंने कहा कि आपातकाल इस देश में आजादी की दूसरी लड़ाई की तरह था। सत्ता पर काबिज रहने के लिए देश में आपातकाल लगाया गया।

मीडिया पर शिकंजा कसा गया। इंदिरा गांधी के खिलाफ एक लाइन भी लिखी जाती तो उसे हटवा दिया जाता या पत्रकारों को जेल में डाल दिया जाता।

जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि 25 जून 1975 की रात में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया था। यह भारतीय राजनीतिक इतिहास का काला अध्याय था। हाईकोर्ट की ओर से इंदिरा गांधी के खिलाफ दिया गया फैसला इस आपातकाल की सबसे अहम वजह थी जिसमें इंदिरा गांधी को चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी पाया गया था।

# डीडीसी और डीइओ ने किया पलामू जिला स्तरीय टीएलएम मेला का भव्य उद्घाटन

- मेला में जिला के सभी 21 प्रखंडों के शिक्षकों ने शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया





दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय टी एल एम मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त रवि आनंद और जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंच का संचालन राज्य साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ल ने किया। जबकि मेला का समापन धन्यवाद ज्ञापन हुसैनाबाद क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी राम नरेश राम ने किया। मौके पर उदघाटन संबोधन में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त ने कहा कि शिक्षकों को निपुण भारत मिशन का सपना पूर्ण करने के लिए अपना भरपूर योगदान देना ही शिक्षक का मुख्य कर्तव्य है। जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा ने कहा कि शिक्षकों का समर्पण ही बच्चों के उम्र और कक्षा के अधिगम स्तर तक पहुंचा सकेगा। उन्होंने राज्य स्तर पर बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं संप्रेषित की। पुरस्कार हेतु चयन समिति में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, डायट संकाय सदस्य प्रेमलता कुमारी, हसन रजा, संपर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधि नवीन कुमार दुबे एवम आई पी ई एल प्रतिनिधि रामायण कुमार सम्मिलित थे। इस मेला में जिला के सभी 21 प्रखंडों के शिक्षकों ने शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया। यहां से चयनित शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन राज्य स्तरीय निपुण समागम 4 से 7 जुलाई में खेलगांव, टाना भगत स्टेडियम रांची में आयोजित होगा। मौके पर शिक्षकों को मोटिवेशनल स्पीकर प्रोत्साहन करेंगे। मौके पर एपीओ जॉन मुथू, दिनेश शुक्ल, पूजा सिन्हा, नंदकिशोर कुमार, अभिषेक राज, प्रेमलता कुमारी का सहयोग सराहनीय रहा।

## केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल, पेयजल के लिए तरस रहे हैं लोग

- कागजों पर 90 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचाने का दावा
- धरातल पर 10 प्रतिशत घरों तक भी नहीं पहुंचा पानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रधानमंत्री मोदी का हर घर पानी पहुंचाने का अति महत्वाकांक्षी जल नल योजना को सरकारी तंत्र ही फेल करने में लगा है.इतना ही नहीं सही आंकड़ा भी सरकार से छुपाया जा रहा है। इसकी बानगी विश्रामपुर प्रखंड का केतात कला पंचायत है। जहां जल नल योजना से पंचायत के दस प्रतिशत घरों में भी पानी नहीं पहुंचा है, वहां सरकार को भेजे गये आंकड़ों में 90 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचाने का दावा किया गया है। धरातल पर बमुश्किल 20 घरों में भी पानी नहीं पहुंचा होगा, जबकि जल शक्ति के पोर्टल पर 447 घरों को जल नल योजना से लाभान्वित दिखाया जा रहा है। केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल हो चुका है। धरातल पर इस योजना का कोई लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। करोड़ों खर्च के बावजूद भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसका मुख्य कारण ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों का मिलीभगत है। इन दोनो के गठजोड़ ने जल नल योजना को लूट योजना में परिवर्तित कर दिया है।

## एसडीओ ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी पियूष सिन्हा ने राजनीतिक दल के अलावा सभी प्रखंडों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक जुलाई की अहर्ता तिथि मानकर 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने के लिए यह अभियान चलेगा। इसमें कोई भी व्यक्ति जो किसी कारण से मतदाता नहीं बन पाये हैं, अपना नाम जुड़वा सकते हैं। कहा कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान 25 जून से 24 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ के माध्यम से घर-घर जा कर सत्यापन कराया जायेगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण/ पुनर्गठन, मतदाता सूची/ इपिक में भी विसंगतियों को दूर करना शामिल है।

### स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को आठवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्राओं के बीच कल्याण विभाग से निःशुल्क साइकिल बांटा गया। बीइओ रामनरेश राम ने बताया कि 2023-24 के लिए उमवि पिपरा विशुनपुर, सतगावां, कूलहिया, पचमो, सेमरवार, हल्का, पड़रिया सहित 26 विद्यालयों के आठवीं कक्षा उत्तीर्ण 353 छात्राओं के बीच साइकिल बांटा गया। कहा कि साइकिल मिलने से सुदूरवर्ती इलाके के बच्चियों को स्कूल आने जाने में काफी सुविधा होगी और शिक्षण कार्य में सुधार होगा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर विरोध तेज

**मोहम्मदगंज पलामू।** किशुनडीह टोला आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिका चयन को लेकर विरोध तेज हो गए हैं। सोमवार को इसे लेकर बीडीओ को मुखिया कमला देवी, टोला के ग्रामीण और दोनों आवेदिका ने अलग-अलग आवेदन दिया है। जिसमें सहायिका चयन को रद्द कर पुनः आम सभा में पोषक क्षेत्र के आवेदिका में से योग्य को इस पद पर चयनित कराने की मांग की गयी है। आवेदकों का कहना है कि गलत तरीके से दूसरे पंचायत की आवेदिका का चयन किया गया है। जिसके प्रति आमसभा में भी मुखिया के साथ ही पंचायत समिति सदस्य ममता देवी, ग्रामीण एवं पोषक क्षेत्र की दोनों आवेदिका ने विरोध जताया था। जिसकी अनसुनी कर दूसरे पंचायत के आवेदिका को सर्टिफिकेट दे दिया गया। पोषक क्षेत्र की आवेदिका नीलम कुमारी व संजू देवी ने पुनः आमसभा का आयोजन करने की बात कही है। बीडीओ को संबोधित आवेदन उनकी अनुपस्थिति में प्रखंड सहायक नीरज कुमार को रिसीव कराया गया।

## मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने बकोरिया में किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मंगलवार को बकोरिया में विधायक कोटे की राशि से सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन की सरकार सबका साथ सबका विकास के अनुसार कार्य कर रही है। सरकार ने 200 यूनिट बिजली फ्री कर अपना वादा निभाया है, 25 से 49 साल के प्रत्येक जरूरतमंद महिलाओं को 1000 प्रतिमाह सरकार देगी। राज्य सरकार ने 5 साल में जितना काम किया है अभी तक किसी सरकार ने काम नहीं किया है। गठबंधन की सरकार ने पहले 50000 तक किसानों का कृषि लोन माफ किया अब कृषि लोन दो लाख का माफ करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है।

### पाटन प्रखंड क्षेत्र में पैक्स की सदस्यता के लिए चल रहा अभियान

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में पैक्स में सदस्यता वृद्धि अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में प्रत्येक परिवार से इच्छुक किसान पैक्स की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सदस्यता शुल्क राशि 10 रुपये व 100 रुपये देना होगा। कहा कि दिवालिया या अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को पैक्स की सदस्यता नहीं मिलेगा। पैक्स की सदस्यता के लिए विशेष प्रचार प्रसार किया जा रहा है। होर्डिंग व बैनर लगाकर पैक्स की सदस्यता ग्रहण करने के लिए जागरूक किया जायेगा।

## प्रमुख ने बांटी साइकिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रमुख शोभा देवी ने आठवीं कक्षा के छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। प्रमुख शोभा ने पाटन हाई स्कूल के मैदान में 234 छात्राओं को साइकिल वितरण किया प्रमुख शोभा ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनिका, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बडीहा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाढा, मध्य विद्यालय किशुनपुर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय टुसरा, मध्य विद्यालय पाटन, राजकीय नवसृजित मध्य विद्यालय जोरा खुर्द, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गवरमारा के छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। प्रमुख शोभा देवी ने छात्राओं के बीच साईकिल वितरण करते हुए कहा कि छात्राओं को साइकिल मिल जाने से विद्यालय आने जाने में सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि इससे छात्राओं को समय कि बचत होगी। उन्होंने कहा कि साईकिल के पैसे खाते में आते थे।

### पाटन : रोजगार सेवक बिना काम कराये ही मजदूरों के बीच कर रहे मजदूरी का भुगतान



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावाखास पंचायत में बिना मजदूरी किये ही रोजगार सेवक के द्वारा मनरेगा योजना में पैसे की भुगतान की जा रही है। नावाखास पंचायत में कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही है। जिसमें मरेगा योजना के तहत सिंचाई कूप की निर्माण कार्य हो रहा है। बीते दिन 22 जून दिन शनिवार को मनरेगा योजना में सिस्टम के अनुसार ऑनलाइन के माध्यम से 46 मजदूर कार्य कर रहे थे। जिसमें 24 महिलाएं एवं 22 पुरुष थे। जब योजना के धरातल पर पहुंच कर मजदूरों की जानकारी ली गई तो सिर्फ एक कुआं पर तीन मजदूर कार्य करते पाए गए हैं। बाकी कुएं में मजदूरी का कार्य बंद था। इस संबंध में कुएं के लाभुक सुनीता देवी के पति नंदकिशोर तिवारी से बातचीत की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे कुएं पर दो दिनों से कार्य बंद है।

# हज से वापस लौटे झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन का भव्य स्वागत

- हाजी एजाज हुसैन ने लोगों का आभार जताया सिरनी भी बांटी



हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी का स्वागत करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी सोमवार को हज कर वापस हुसैनाबाद लौटे। बड़ेपुर मोड़ पर जेएमएम नेता सह जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह समेत अन्य ने उन्हें फूल माला देकर स्वागत किया व आशीर्वाद लिया। हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान के आने की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास के पास राजटोली मैदान में पहुंच गए। हाजी एजाज हुसैन के पहुंचते ही नारा ए तकबीर अल्लाह हो अकबर से क्षेत्र गूंज उठा। लोगों ने हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी को फूल माला देकर उनका स्वागत किया व हज करने की मुबारकबाद दी। एजाज हुसैन उर्फ छेदी ने कहा कि अल्लाह का करम है वह सही सलामत हज कर वापस लौट गये। उन्होंने लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र राज्य व देश की खुशहाली के लिए उन्होंने दुआ मांगी है। मौके पर आलोक कुमार सिंह, मसरूर अहमद, डॉ एजाज आलम, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, आशिक कश्यप, राज अली, हाजी अब्बास अंसारी, डा अमीनुल हक अंसारी, सज्जू खान, अमीन खान, खुश्तर खान, कलीम खान, इस्लाम खान के अलावा सैकड़ों लोग शामिल थे।

# गरीबों के बीच समोसा-मिठाई बांट कर करायें जरूरतमंद का ऑपरेशन-रक्तदान : डॉ प्रवीण

- सामर्थ्यहीन व्यक्ति के सेवा करने में सुकून महसूस होता है





**मुख्य बातें :** इलाज करते हुए डॉ सिद्धार्थ ने बताया कि ऐसे समर्थहीन व्यक्ति की सेवा में सुकून महसूस होता है। यह अपने पैरों से चलकर हमारे अस्पताल में कभी आये और आशीर्वाद दें यही मेरी कमाई होगी। लायंस क्लब का उद्देश्य ही सेवा है। सदस्यों के रिकमेंडेशन पर जो भी ऐसे पेशेंट आते हैं मैं उनके लिए सदा तैयार रहता हूं। लायन गुरबीर के सौजन्य से चाचा स्व परविंदर सिंह की पुण्यतिथि पर स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में समोसा एवं मिठाई बांटा गया। साथ ही जरूरतमंदों के लिए रक्तदान भी किया गया। महिला समाजसेवी शीतल वर्मा ने वालिया परिवार के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चा के लिए अपना रक्तदान किया। रणजीत मिश्रा ने बाईपास रोड बैरिया के एनीमिया से ग्रसित वृद्ध भर्ती मरीज को रक्तदान कर पुण्य का भागी बने। मौके पर रंजन अग्रवाल, प्रियंका आनंद साहू, डॉ निशांत, डॉ रविश कुमार, डॉ अमित सिंह, परिमल प्रसून, नवीन पांडे भी थे।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब मेदिनीनगर सेवा के क्षेत्र में कई कार्य किया है। रेलवे स्टेशन परिसर में समोसा एवं मिठाई वितरण के साथ असहाय मरीज को निःशुल्क ऑपरेशन एवं जरूरतमंदों को रक्तदान देकर सेवा के क्षेत्र पुण्य का भागी बन सके। लायंस क्लब ने विश्रामपुर के वीरू राम 66 वर्ष ग्राम करी को सफर करते समय किसी वहन वाले ने धक्का मारते हुए भाग गया। इसमें उसका दाहिना पैर बिल्कुल अलग लटका हुआ था ऐसी स्थिति में पैर को बचा पाना बहुत मुश्किल था। कई डॉक्टर का चक्कर लगाते हुए लायंस निलेश चंद्र के माध्यम से निर्मला मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पहुंचा एवं इलाज में होने वाले खर्च में अपनी असमर्थता जतायी। तत्काल गंभीर स्थिति को देख डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ ने बिना अपना ऑपरेशन चार्ज का स्पेशल ऑपरेशन थिएटर में उसका सफल ऑपरेशन किया।

स्पीड न्यूज

## डीटीओ ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

वाहनों से डेढ़ लाख रुपये जुर्माना राशि की हुई वसूली


वाहन जांच करते डीटीओ।

**चंदवा।** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में मंगलवार को परिवहन विभाग की टीम के द्वारा एनएच 75 अब 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत मिशन स्कूल वन विभाग चेकनाका में समीप बड़े वाहनों का साधन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दर्जनों भारी वाहनों के कागजात, इंश्योरेंस, चालकों के लाइसेंस, फिटनेस समेत अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के क्रम में 18 वाहनों को नियमों का उलंघन करते पकड़ा गया, जिनके लगभग 1 लाख 53 हजार रुपये राजस्व की जुर्माना वसूल किया गया। पकड़े गए वाहनों में कई वाहन में लोड था, जिसको लेकर बाजार में चर्चा गर्म है। डीटीओ श्री कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लाना व परिवहन नियमो का अनुपालन सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान डीटीओ ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अभिभावक अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दे। अगर कोई नाबालिक वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो उनके अभिभावक को खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में परिवहन विभाग की टीम व स्थानीय पुलिस शामिल थे।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार युवक घायल, रेफर

**चंदवा।** एनएच-75 अब 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना अंतर्गत अमझरिया घाटी में मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। वाहन के चपेट में आने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई व बाइक सवार युवक सूरज यादव पिता शिवचरण यादव चेतर सुकलकट्टा गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद एनएच से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। जिसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से उसे चंदवा सीएचसी लाया गया। जहां डॉ मनोज कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टर के अनुसार घायल युवक के दाएं पैर में गंभीर चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार शिवचरण यादव के भाई की शादी 11 जुलाई को है। इसी सिलसिला में वह शादी का कार्ड बाटने ननतिलो कुडू गया था जहां से वह वापस लौट रहा था।

## बरवाटोली हरिजन मुहल्ले के ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर लगाई गुहार


गुहार लगाते ग्रामीण।

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत बरवाटोली पंचायत के हरिजन मोहल्ला रुद के ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर उपायुक्त के पदनाम प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवा को एक ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में हरिजन मोहल्ला रुद के ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत बोरिंग किया जा चुका है तथा नल जल के सामान भी गिर चुके थे। परंतु जल सहिया पति देवेंद्र महतो के द्वारा कार्य करने से रोका जा रहा है। इसके बाद नल जल के ठेकेदार के द्वारा नल जल के सामानों को वापस ले जाया गया है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि पीने के पानी के लिए उन लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उपायुक्त लातेहार से टोले में नल जल योजना के तहत जल मिलार लगवाने की मांग रखी है।ज्ञापन में कबूतरी देवी, भगवती देवी, शांति देवी,पूनम देवी,जमुना देवी, मीना देवी, सुमंती देवी, सुमित्रा देवी समेत दर्जनों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## सर्पदंश से दो बच्चे अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड में दो अगल-अलग घटना में सर्पदंश से दो बच्चे अचेत हो गए। जिन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। पहली घटना में रामकुमार गंझु 7 वर्ष पिता स्व. नागेश्वर गंझु ग्राम जोगियाडीह थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के बाहर खेल रहा था। जहां बहेराजाड़ा सांप ने उसे काट लिया। जिससे बच्चा अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनो द्वारा बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। वहीं दूसरी घटना में मो.अरमान 16 वर्ष पिता मो.नसीम ग्राम इटके थाना बारियातु निवासी अपने घर के दरवाजे के पास खड़ा था। जहां एक विषैले सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा अरमान को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर धुर्व कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## डीसी के निर्देश पर शिविर का हुआ आयोजन


शिविर में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव के द्वारा प्रखंड के बालू और चेताग पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे झारखंड सरकार खाघ आपूर्ति विभाग द्वारा बनाए जा रहे ग्रीन कार्ड,राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड, आधार सुधार जैसे कार्य किए गये। आयोजित शिविर में नया राशन कार्ड हेतु 34 आवेदन,नाम जोड़ने हेतु 20,नाम हटाने 10,राशनकार्ड नाम सुधार के लिए 1,वही आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 45 आवेदन, आधार सुधार का 1 आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ वीडियो सोमा उरांव ने बताया इस तरह का शिविर आज मासीयातु एवं रजवार, गुरुवार को बसिया, मारंगलोइया, शुक्रवार को मुरपा,भगिया शनिवार को धाधु और रविवार को गणेशपुर एवं शेरेगड़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर उन्होंने ग्रामीणों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील किया।

### बोरसीदाग सियानी टोला के समीप चोरों ने गिराया हाई टेंशन टावर, एसडीपीओ की कार्रवाई के बाद भागे चोर

# धड़ल्ले से काट रहे हैं हाई टेंशन टावर व प्लांट का लोहा

एसडीपीओ के लगातार कार्रवाई के बाद भी नही रूक पा रहा है चोरों का अवैध धंधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र में विगत लंबे समय से स्क्रैप माफिया व चोर गिरोह के लोग बेखौफ होकर ट्रांसमिशन लाइन के डेड हो चुके हाई टेंशन टावर व बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट से स्क्रैप व लोहा की चोरी धड़ल्ले से कर मालामाल हो रहे हैं। विगत एक माह से एसडीपीओ अरविंद कुमार के द्वारा चोरी के इस गोरखधंधे पर रोक लगाने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिसमें लगातार सफलता भी मिली है, लेकिन आश्चर्य की बात तो यह है कि बावजूद इसके चोरी थमने का नाम नही ले रहा है। ताजा मामला सोमवार की रात्रि थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के बोरसीदाग सियानी टोला के समीप की है जहां रात्रि करीब साढ़े दस बजे चोरों ने एक हाई टेंशन टावर को काटकर गिरा दिया। टावर के घरसाई होने के बाद जोरदार आवाज से आसपास के लोग जाग गए व इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन व लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार को दी, जिसके बाद एसडीपीओ अरविंद कुमार रात्रि में ही दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन चोरों को इसकी भनक पहले ही लग गयी व चोर गिराए गए टावर, कटिंग किया हुआ लोहा को छोड़कर रात्रि का लाभ उठाते हुए भाग निकले। एसडीओपी श्री कुमार ने कहा कि चोरों के गिरफ्तारी को लेकर संभावित ठिकानों में छापामारी की जा रही है। इस अवैध धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नही जाएगा। बता दें कि ट्रांसमिशन लाइन के हाई टेंशन टावर व अभिजीत पावर प्लांट से स्क्रैप को चोरी करने में कई चोर गिरोह लगे हुए हैं। अतबत चोरों के द्वारा करोड़ों रुपए की संपति की चोरी कर चंदवा समेत बालूमाथ, कुडु, लातेहार समेत दूसरे स्थानों के कबाड़खानों में खपा दिया गया है, जिससे चोर गिरोह के लोग मालामाल हो रहे हैं व अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। इक्का दुक्का मामलों में कार्रवाई को छोड़ दिया जाए, तो चोर बेखौफ होकर अपने मंसूबे में कामयाब हो रहे है जो प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती है।


गिरा हुआ हाईटेंशन तार।

## दलदली सड़क होने के कारण हाईवा अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टकराया, चालक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के 9 नंबर बैरियर के पास दलदली सड़क होने की वजह से एक हाइवा अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा टकराया। जिसमें हाईवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राकेश सिंह 30वर्ष पिता सुरेंद्र सिंह ग्राम मंगरा, डीही मुरुप थाना लातेहार निवासी बालूमाथ के मगध कोलियरी में श्याम ट्रांसपोर्ट कम्पनी का हाईवा जेएच 10सीजे2821 चलाता है। मंगलवार को मगध कोलियरी से कोयला लोड कर वह बालूमाथ साइडिंग जा रहा था। इसी दौरान 9 नंबर बैरियर के पास सड़क दलदल होने के कारण हाइवा अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा टकराया। जिसमे हाइवा चालक राकेश सिंह हाइवा में दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद अन्य ड्राइवर की सहायता से कड़ी मशक्क्त के बाद बाहर निकाला जा सका और उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।



### डीएमओ आनंद कुमार ने उपायुक्त के निर्देश पर अवैध बालू भंडार को लेकर की कार्रवाई

# संलिप्त व्यक्तियों पर दर्ज करवायी प्राथमिकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर अवैध बालू भंडारण को लेकर लातेहार डीएमओ आनंद कुमार ने कार्रवाई की है एवं बालूमाथ में रेलवे निर्माण कार्य कर रहे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड एवं संलिप्त व्यक्तियों पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की करवाई गई। साथ ही अवैध बालू भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

जिले में अवैध खनिज कारोबारियों को बख्सा नहीं जाएगा : डीएमओ

**क्या है मामला**

डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि 20 जून को छापेमारी के दौरान खान निरीक्षक पदमलोचन ओहदार एवं पुलिस बल के द्वारा मकईयाटांड के रेलवे कैंप में अवैध रूप से 1 लाख 50 हजार घनफूट बालू पाया गया। जिसे जप्त कर लिया गया एवं जांच में पाया गया कि रेलवे निर्माण कार्य में लगे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी की संलिप्ता उजागर हुई। जांच के दौरान पाया गया कि कंपनी द्वारा किसी प्रकार के बालू भंडारित संबंधित लाईसेंस नहीं लिया गया और नहीं आवेदन ही दिया गया है। जिसके बाद कंपनी से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण करते हुए अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया। कंपनी के द्वारा1 लाख 8 हजार घनफुट का ही कागजात उपलब्ध कराए गए एवं बालू भंडारण में भिन्नता पाई गयी। वहीं बालू भंडारण लाईसेंस या डीलर संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद डीएमओ के द्वारा अवैध बालू भंडारण को लेकर उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। जिला खनन पदाधिकारी आनद कुमार ने कहा है कि जिले में अवैध खनिज कारोबारियों को बख्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज संपदा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

## बाल संरक्षण आयोग की टीम में चंदवा में विभिन्न होटलों के खिलाफ की छापेमारी



**चंदवा।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, भारत सरकार एवं विभागीय आदेशा के आलोक में उपायुक्त लातेहार से प्राप्त निर्देशन में मंगलवार को चंदवा प्रखंड के अंतर्गत होटलों, ढाबो एवं अन्य प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिक अधिनियम 1986 के अंतर्गत अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मां लक्ष्मी भोजनालय बायपास रोड चंदवा रेलवे फाटक के नजदीक से 1 बाल श्रमिक दिनेंद्र कुमार भुईयां उम्र लगभग 13 वर्ष को कार्य करने से विमुक्त कराया गया। उक्त नियोजक के विरूद्ध मुकदमा दायर करने की कार्रवाई की जा रही है। सभी नियोजको को बाल एवम किशोर श्रम (प्रतिषेध एवम विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत सुचना प्रदर्शित करने का अनुरोध किया गया। निरीक्षण के दौरान सत्येंद्र कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चंदवा, श्रम कार्यालय के रंजीत कुमार, विजय सिंह, बचपन बचाओ आंदोलन रवि शंकर, चाइल्ड लाइन के जय मंगल पासवान, वेदिक सोसायटी के प्रेम प्रकाश एवम चंदवा थाना के पुलिस टीम मौजूद थे।

### दो बाइकों के भिड़ंत में दो विद्यार्थी समेत चार घायल

## स्कूलों की छुट्टी के समय दिखता है बाइकर्स का स्टंटबाजी, विद्यालय प्रबंधन परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा शहर स्थित एसबीआई बैंक के समीप मंगलवार की दोपहर दो बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाइकों में सवार दो विद्यार्थी अनुराग बाड़ा व सुमित लकड़ा समेत अजय कुमार पिता दिनेश लोहरा व एक अन्य युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मिली जानकारी के अनुसार अनुराग व सुमित स्कूल छुट्टी होने के बाद बाइक अपने घर जा रहे थे वहीं दूसरे बाइक पर सवार युवक चंदवा बाजार आ रहा था, इसी दौरान भिड़ंत हो गयी। बता दे कि शहर के सटे सरोजनगर मुहल्ले में विद्यालयों के छुट्टी होने के बाद आवारा बाइकर्स का स्टंटबाजी देखने को मिलती है जो लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही है। आवारा बाइकर्स के स्टंट बाजी से विद्यालय प्रबंधन छात्राएं परेशान देखी जाती हैं। स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार प्रशासन से उनके विरोध कार्रवाई को लेकर आग्रह किया गया है, परंतु समुचित कार्रवाई नहीं होने के कारण बाइकर्स मनमर्जी करते देखे जाते हैं। विदित हो कि सरोजनगर के आसपास आधा दर्जन बड़े छोटे सरकारी व गैर सरकारी स्कूल संचलित है प्रतिदिन करीब 5 से 6 हजार विद्यार्थी स्कूल छुट्टी होने के बाद सरोज नगर मार्ग से आवागमन करते हैं ऐसे में बाइकर्स के स्टंट बाजी काफी घातक सिद्ध हो सकती है। अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधन ने प्रशासन से विद्यालय की छुट्टी के समय व सुबह शाम पेट्रोलिंग व गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## दो मोटरसाइकिल सवारों में आमने-सामने टक्कर में दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर प्रखंड मुख्यालय स्तिथ पपू चौबे घर के पास मंगलवार को दो मोटरसायकिल सवारो में आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र गंझु 55वर्ष पिता रति गंझु ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से बालूमाथ बाजार आ रहा था। इसी दौरान प्रेमचंद गंझु 45वर्ष पिता मनकी गंझु ग्राम साल्वे थाना बारियातु निवासी जो बालूमाथ से पेट्रोल पंप की ओर जा था के बाईक के साथ आमने- सामने टक्कर हो गई। जिसमे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद वहाँ से गुजर रहे समाजसेवी सुरेंद्र गुप्ता की नजर दोनों घायलों पर पड़ी तो उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया।


RESPECTFUL HOMAGE
On Twenty Sixth Death Anniversary
To
The Man of Courage and Conviction
Determination and Social Disposition



S. D. SINGH (15.8.1931 - 25.6.1998)

A BLOOD DONATION CAMP is organised on Tuesday, 25.6.2024 from 9.00 am to 4.00 pm at SDSM SCHOOL FOR EXCELLENCE, Sidhgora


## बस्तानिया फोकानिया परीक्षा संपन्न



**बालूमाथ।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को वस्तानिया फोकानिया परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में वस्तानिया के कुल 51 परीक्षार्थी को भाग लेना था। जिसमें 46 परीक्षार्थी ही भाग लिया। शेष पांचपरीक्षार्थि अनुपस्थित रहे। वहीं फोकानिया में 50 छात्रों को परीक्षा देनी थी जिसमें सभी लोग शत प्रतिशत उपस्थित रहे। केन्द्रा अधीक्षक अनीता बाड़ा ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष मदरसा परीक्षा के तहत बस्तानिया एवं फोकानिया परीक्षा आयोजित की जाती है। यह परीक्षा कदाचारमुक्त कराया गया है। इस परीक्षा को सफल बनाने में वीक्षक चंदन दास, विमल कश्यप, संजय कुमार, प्रयाग कुमार, निर्मल कुमार, सतीश कुमार, दुपद कुमार, वसी इमाम, मोतिउर रहमान एवं संध्या गुप्ता समेत कई लोगो ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# गोताग स्कूल में नहीं है रसोई घर, बच्चों का भोजन झोपड़ी में बनाई जाती है


झोपड़ी वाला रसोई घर देखते शिक्षक।


लकड़ी के चूल्हा जलातीं हुए रसोईया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के अति सुदूर क्षेत्र गोताग गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 66 छात्र-छात्रा नामांकित है। ज्ञात हो कि विद्यालय में रसोई घर नहीं होने के कारण रसोइयों को खाना बनाने में भारी परेशानियों की सामना करना पड़ता है। स्कूल के पास झोपड़ी बनाकर सभी बच्चों के लिए खाना बनाया जाता है। वहीं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोताग के प्रधानाचार्य उमेश दास ने बताया कि पुराने वाले स्कूल के पास बने रसोई घर पूरे तरीके से जर्जर हो गया है। जिसके कारण रसोइयों को खाना बनाने में हमेशा डर बनी रहती थी। जिसके लेकर नया स्कूल के पास झोपड़ी लगाकर सभी बच्चों का भोजन बनाया जाता है। जिससे काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनो में जब बारिश होती है तो झोपड़ी के अंदर पानी पूरे तरहा से तब्दील हो जाता है। जिससे बच्चों को खाना बनाने में और भी मुश्किलें बढ़ जाती है। वहीं प्रधानाचार्य ने बताया कि सभी सरकारी स्कूलों में गैस का कनेक्शन दिया गया है। लेकिन गोताग स्कूल में गैस का कनेक्शन नहीं मिलने का कारण आज भी यहां की रसोईया जंगल से सुखे लकड़ियों को लाकर खाना बनाती है। वहीं रसोईया मनिता देवी, रामपति देवी ने बताई की गोताग ही ऐसा जगह है। जहां स्कूल में ना तो रसोई घर है और ना ही स्कूल में पेयजल की सुविधा है। खाना बनाना हो या बच्चों को पानी पीना हो सभी को स्कूल से कोसों दूर जाना पड़ता हैं। जिससे हम लोगों को भारी परेशानी होती है। वहीं रसोईया ने कही कि अगर गोताग स्कूल में रसोई घर और पीने का पानी का सुविधा उपलब्ध होती तो न हमलोग को खाना बनाने में दिक्कत होता ना हीं स्कूल के बच्चों को प्यास बुझाने के लिए दर दर भटकना पड़ता। वही गोताग स्कूल के शिक्षक और रसोईया ने जिले के उपायुक्त से स्कूल में रसोई घर और पेयजल की सुविधा मुहैया कराने को लेकर मदद की गुहार लगाई है।


जिला दण्डाधिकारी-सह उपायुक्त का कार्यालय,गुमला
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुमला जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) के अन्तर्गत केन्द्र प्रायोजित एवं राज्य संचालित योजनाओं यथा इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (IGNOAPS) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (IGNWPS) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना (IGNDPS) मुख्यमंत्री आदिम जन-जाति पेंशन योजना (MMAJJPY) मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना (MMRVSPY) मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना (MMSOAPS) स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना (SVNSPY) का भौतिक सत्यापन दिनांक 19.06.2024 से 10.07.2024 तक किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे सभी लाभुकों से अनुरोध है कि उक्त तिथि को ग्राम/पंचायत भवन में आधार एवं बैंक पासबूक की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर भौतिक सत्यापन अवश्य करावें, ताकि प्रतिमाह नियमित रूप से पेंशन राशि का भुगतान किया जा सके।

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग,गुमला

PR 327613 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D



JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY
(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)
C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi- 835217
Registration under Society Act No.519
Registration under GST No. 20AACAJ6436C1Z9
OUR MISSION- OLYMPIC GOLD, Contact no.: 0651 2543320

No:- CEO/LMC/JSSPS/24-25/255 Date:- 20/06/2024

निविदासूचना
Notice Inviting Tender
NIT 02 OF 2024-25

1. Tenders are invited on-line under two part system on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for the following work:

| Description of work | Location | Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Period of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|
| AMC for Horticulture works at Mega Sports Complex, Hotwar, Ranchi for two years under JSSPS. | Mega Sports Complex,JSSPS, Khelgaon, Ranchi | 3,98,15,489.78 | 4,97,700.00 | 730 days |

The bid documents will be available on the website(s) https://jharkhandtenders.gov.in and www.centralcoalfields.in and can be downloaded by the bidder up to the bid download end date. There is no Application Fee.
(i). For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact Sri Vikas Kumar, Sr. Overseer(Civil), JSSPS, Mobile No.:-7004838366

| Tender inviting authority | Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s) | |
|---|---|---|
| Member (Civil) LMC, JSSPS 8092466706 | Sr. Overseer (Civil) LMC, JSSPS 7004838366 | |

2.Time Schedule of Tender:

| Sl. No | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a. | Tender e-Publication date | 28.06.2024 | 18.00 Hours |
| b. | Document download start date | 29.06.2024 | 10.00 Hours |
| c. | Document download end date | 15.07.2024 | 17.00 Hours |
| d. | Bid Submission start date | 29.06.2024 | 10.00 Hours |
| e. | Bid submission end date | 15.07.2024 | 17.00 Hours |
| f. | Start date for seeking Clarification on-line | 29.06.2024 | 10.00 Hours |
| g. | Last date for seeking Clarification on-line | 08.07.2024 | 17.00 Hours |
| h. | Date of Pre-bid meeting (if any) | NA | NA |
| i. | Technical Bid (Cover I) opening date | 16.07.2024 | 17.00 Hours |
| j. | Price Bid (Cover II) opening date | To be notified later | ---------- |

Sd/-
Member (Civil), LMC, JSSPS

PR 327578 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25).D

# चौपारण में रथयात्रा की तैयारी जोरों पर

## समाजसेवी हरिश्चन्द्र सिंह बने आयोजन समिति के अध्यक्ष



खबर मंत्र संवाददाता

**चौपारण।** रथयात्रा की तैयारी जोरों पर है। आयोजकों ने रथ की मरम्मति शुरू किया। सियरकोनी में समाजसेवी हरिश्चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें प्रखंड वार पदमा, बरही, चंदवारा, इटखोरी में प्रबुद्ध जनों संग बैठक कर आमजनों से यात्रा में शामिल होकर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करने पर निर्णय हुआ।

समाजसेवी हरिश्चन्द्र सिंह को आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि रथयात्रा भगवान की यात्रा है। आयोजन को हर साल करना है। इस बार ऐतिहासिक भीड़ होगी। बैठक में संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, राकेश रंजन, राकेश पांडेय, सुमन सिंह, दयानंद केशरी, मुखिया बिनोद सिंह, प्रताप सिंह, रोहित जैन, कैलाश सिंह, अभिषेक सिंह, राजु सिंह, मुनेश्वर गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौपारण प्रखंड में आगामी 7 जुलाई को जगन्नाथ रथ यात्रा निकालने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। रविवार को जगन्नाथ रथ यात्रा चौपारण समिति का बरही में आगमन हुआ। जिसके साथ सनातन प्रेमियों की बरही धनबाद रोड स्थित होटल हाइवे इन में एक बैठक हुई। बैठक में रथ यात्रा चौपारण समिति ने बरही प्रखंड के सभी सनातन प्रेमियों से रथ यात्रा में सहयोग की अपील की। जिसे लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के त्रिवेणी साव व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र रजक की संयुक्त अध्यक्षता में जगरनाथ रथ यात्रा बरही कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से गुरुदेव गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कमिटी में सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, नंदकिशोर कुमार, राजकुमार केशरी, दयानंद चौरसिया, कैलाश ठाकुर, बलराम केशरी, डॉ संजय कुमार बर्नवाल, प्रदीप चंद्रवंशी, पिंटू केशरी, राहुल राणा, राजकुमार यादव, मोतीलाल चौधरी, सुनील दत्ता, सुजीत कुमार, पप्पू केशरी, नितेश कुमार, निरंजन केशरी, पप्पू राणा, शिवा निषाद, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव, युगल यादव को दायित्व सौंपा गया। वही बरही प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के लिए पंचायत संयोजक व सह संयोजक भी बनाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रथयात्रा चौपारण में 7 जुलाई को निकाला जाएगा। रथयात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए बरही प्रखंड के अधिक से अधिक लोग बढ़ चढ़कर भाग लेंगे और तन मन धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। बैठक में चौपारण से संजय सिंह, राजदेव यादव, शशि शेखर, रामचंद्र सिंह, सुमन सिंह, राकेश पांडे, राकेश रंजन, विकास कुमार सिंह, दिलीप सिंह, बरही से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, त्रिवेणी साव, सुरेंद्र रजक, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रो संजय बर्नवाल, डॉ सुनील दत्ता, बलराम केशरी, मुखिया मोतीलाल चौधरी, पप्पू केशरी, नंदकिशोर कुमार, राजकुमार यादव, पिंटू केशरी, प्रदीप चंद्रवंशी, इंद्रदेव यादव, सुजीत कुमार, रितेश गुप्ता, नितेश कुमार, राजकुमार केशरी, राहुल कुमार राणा, बिनोद केशरी, निरंजन केशरी आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विस चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जायें झामुमो कार्यकर्ता : बेदिया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती मदनाटांड़ में बूथ कमेटी गठन को लेकर सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राम अवध प्रसाद एवं संचालन लालमोहन करमाली ने किया। बैठक में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो में सबों सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए सभी को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता। श्री बेदिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को उखाड़ फेंकते हुए झारखंड में झामुमो पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी।

### नशे की लत घातक : डॉ. एके झा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज में झारखंड सरकार एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एनएसएस ईकाई 1 और 2 के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नशा उन्मूलन जागरूकता को लेकर सेमिनार हुआ। इसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार सिंह झा एवं संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी रविदास ने किया। प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने कहा हमसबो का यह दायित्व है कि आज के युवाओ को नशीले पदार्थो के सेवन से होनेवाले दुष्प्रभाव से सचेत करें। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति को ही बर्बाद नहीं करता, बल्कि पूरे घर-परिवार को नर्क की ओर धकेलने का काम करता है। प्राचार्य श्री झा ने बच्चों को नशामुक्त समाज के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

### नवनिर्माण मोर्चा का हस्ताक्षर अभियान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा ने भुरकुंडा के समग्र विकास को लेकर मंगलवार को बिरसा चौक भुरकुंडा और रिभर साईड दुंदुआ में हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान के दौरान मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि भुरकुंडा के समग्र विकास के लिए निर्णायक आंदोलन किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान के दौरान मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि भुरकुंडा के समग्र विकास के लिए निर्णायक आंदोलन किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान के उपरांत हजारों जनता का हस्ताक्षर युक्त पत्र उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को सौंपा जायेगा। शैलेश कुशवाहा के नेतृत्व में बिरसा चौक भुरकुंडा और रुस्तम कुमार के नेतृत्व में रिवर साइड दोतल्ला पंचायत दूंदूआ में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

### आमनारी में वज्रपात से मवेशी की मौत

टाटीझरिया। टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत अंतर्गत अमनारी गांव में व्रजपात से गुंजवा देवी पति दामोदर तुरी के मवेशी की मौत हो गयी। गुंजवा देवी ने बताया कि मवेशी को मचान में बांध कर रखे थे अचानक व्रजपात होने से मौत हो गया जिसका सूचना मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय को दी। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि मैं विभाग से मुवावजा दिलवाने का प्रयास करूंगा।

### विनय ढांढानिया बने बेस्ट प्रसिडेंट

**भुरकुंडा ।** जमशेदपुर के होटल द क्रूज में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के 2023-24 के अवार्ड फंक्शन में रोटरी मंडल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो एसपी बगड़िया द्वारा रोटरी रांची के अध्यक्ष विनय ढांढानिया को बेस्ट प्रेसिडेंट का अवार्ड प्रदान किया गया। क्लब सचिव ललित त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2023-24 में रोटरी रांची को विभिन्न सेवा क्षेत्रों में कुल 29 अवार्ड प्राप्त हुए हैं, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सम्मान समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के झारखण्ड और बिहार के 112 क्लबों के रोटरी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आनंद साईं दरबार में भंडारा आज

**रामगढ़ ।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार के के 14 वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को पूजा एवं हवन हुआ । पुजारी राजेश पांडे कि देखरेख में यजमान नंदकिशोर गुप्ता सपत्नीक एवं शैलेन्द्र ठाकुर सपत्नीक ने विधिवत रूप से पूजन एवं हवन सम्पन्न किया । साथ ही क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की । पूजा और हवन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया । आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन 26 जून को मंदिर परिसर में भंडारा होगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे और महाप्रसाद ग्रहण करेंगे ।

### स्वप्निल को आइआइटी में मिली सफलता

**भुरकुंडा (रामगढ़) ।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के 12वीं का छात्र स्वप्निल कुमार ने पहली बार में जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता अर्जित माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्वप्निल के पिता प्रयाग साहु विदेश में कार्यरत हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजंयत कुमार ने बताया की स्वप्निल सत्र 2022-24 में 12वीं का छात्र था। जिन्होंने बिना किसी कोचिंग के जेईई एडवांश की परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है।

# दनुआ घाटी में कई वाहनों में टक्कर, दो लोगों की मौत



**चौपारण ।** दनुवा घाटी में मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हुआ। जिसमें गाड़ी संख्या आरजे 14 जी जीरो 5481, डब्लू बी 25 के 8573, आरजे 19 जीएफ 3634, यूपी 22 टी 8425, आरजे 01 जीबी 6223 के बीच हुए टक्कर में दो निर्दोष लोगों की जान चली गई। मिल रही जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे दनुवा घाटी में हथिया बाबा के समीप एक ही दिशा में बिहार कि ओर जा रही तीन गाड़ियों में भयंकर टक्कर के पश्चात पलट गई। इसी बीच एक बाइक सवार और एक ट्रक का चालक गाड़ी को रोक कर घायलों को देखने के लिए रुका। पर दुर्भाग्यवश पीछे से तेजी से आ रहा एक ट्रेलर ने आगे चल रही ट्रेलर को पीछे से जोरदार धक्का मार कर बाइक सवार और नीचे खड़े चालक को अपने चपेट में ले लिया।

जिससे बाइक सवार जसविंदर सिंह पिता हरभजन सिंह सोनापटी राधा कॉम्प्लेक्स ,झुमरीतिलैया और नीचे खड़े ट्रक चालक छोटू राम गुर्जर पिता रघुनाथ ,बिड़काचियावास अजमेर,राजस्थान का मौके पर ही मौत हो गया। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार खालसा होटल , दनुवा का संचालक था जो तिलैया से अपना होटल जा रहा था। वहीं दुर्घटना में 2 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसे आपदा एंबुलेंस चालक शक्ति कुमार,एनएचएआई एंबुलेंस सहयोगी प्रकाश रजक,चालक उपेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान विजय यादव तिलैया,हरिनाथ प्रजापति यूपी, कंटेन्टर चालक यूपी के रूप में हुई। लोगों का माने तो डीजल चोरी करने के ख्याल से अधिकांश चालक घाटी में 7 किमी तक डाउन मार देते हैं,इसी के दौरान इनका अचानक ब्रेक फेल हो जाता है और दुर्घटना का शिकार हो जाते है।

### अडाणी समूह ने हजारीबाग में लगाया रक्तदान शिविर

**हजारीबाग।** अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी के 62वें जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अडाणी फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में अधिकारियों, कर्मियों और ग्रामीणों ने उत्साह से भाग लिया और 41 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई हानि नहीं होती, बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। मौके पर डॉक्टरों ने कहा कि यह पुण्य का काम है और एक स्वस्थ व्यक्ति को हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिए। इसके साथ ही रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित रहता है। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोंदुलपारा खनन परियोजना प्रमुख संजय कुमार, डीजीएम कुमार विवेक, एसके सिंह,पुंडरीक मिश्रा,एचआर आशीष कुमार,एडमिन प्रबंधक भीखम सिंह,राहुल राज समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बिजली कटौती से लोग परेशान

**बरही।** क्षेत्र में इन दिनों बिजली की समस्या गहराती जा रही है। लोगों को भीषण गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है और रात की नींद हराम है। वहीं अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की समस्याओं को और भी बढ़ा दिया है। बरही में कुछ दिन से ऐसी कटौती हो रही है कि दिन में न सुकून मिल रहा है और न ही रात में सही से नींद आ रही है। वहीं पसीने से तर बतर होने के साथ ही लोग जागकर रात गुजारने को विवश हो रहे हैं। वहीं जिम्मेदार सब कुछ जानकर चुप्पी साधे हुए हैं।

### बरही अनुमंडल अस्पताल में फिर पोस्टमार्टम शुरू

**बरही।** अनुमंडलअस्पताल बरही में पोस्टमार्टम भवन बनकर पिछले कई माह से पड़ा था। मंगलवार को अनुमंडल चिकित्सीय उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि मंगलवार को चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा में हुई सड़क दुर्घटना में दो मौत हुई, दोनों शव का पोस्टमार्टम शुरू कर दिया गया। अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं होने से अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र के लोगों को पोस्टमार्टम कराने के लिए कम से कम 90 से 100 किमी की दूरी तय कर हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का चक्कर काटना पड़ता था। खासकर सड़क दुर्घटना, अस्वाभाविक मौत व अन्य कारणों से किसी गरीब परिवार की मौत हो जाए तो वह अपने स्वजनों के निधन से परेशान रहते थे। डॉ ज्ञानी ने बताया कि स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए सहयोगी चिकित्सक को प्रशिक्षण दिलाने के बाद यह निर्णय लिया गया कि अब पोस्टमार्टम हाउस की शुरूआत सम्भव है, तब जाकर इसकी शुरूआत हो पाई है।

# नशा रोकने के लिए जागरूकता जरूरी : शैलेश कुमार

खबर मंत्र संवाददाता



बरही। बरही थाना और आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा संयुक्त रूप से 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि आजकल समाज में नशा का चलन काफी बढ़ गया है। आज के युवा भी शराब, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा, पान, खैनी जैसे नशे के गिरफ्त में फँसते हीं जा रहे हैं। इसी के तहत आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा कल एक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान आईलेक्स के सभी ब्रांच, पंचमाधव, गोरिया करमा, बड़कागांव, गाड़िकला, बरकठा, पाण्डेबारा में एक साथ चलाया जायेगा। इस जागरूकता अभियान की तैयारी में सभी शिक्षक और बच्चे कई दिनों से लगे हुए हैं। वहीं बरही थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि आज के बदलते परिवेश को देखते हुए यह अतिआवश्यक है कि समय-समय पर इस तरह के जागरूकता अभियान चलाया जाए। वरीय पदाधिकारियों का निर्देश है कि मादक पदार्थ के दुरुपयोग को रोकने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाना है। इसी निमित यह अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि शिक्षक होने के नाते हमारा यह मौलिक कर्तव्य है कि हम समाज में बढ़ते नशे के लत को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं और इसके लिए पहले लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक है।

### आरएनवाईएम कॉलेज बरही में जागरूकता अभियान

**बरही।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने हेतु रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही द्वारा एक जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय में कार्यक्रम एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में कराया गया। मंच संचालन एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अरुणा रानी के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विमल किशोर मौजूद थे। राष्ट्रीय कैडेट कोर के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ अजय कुमार रंजन ने शपथ दिलाया गया।प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने मादक पदार्थ से विद्यार्थियों को दूर रहने की सलाह दी। साथ ही अपने मित्रों और आस पास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया की कैसे नशा आपका भविष्य खराब कर रहा है। नशा से सामाजिक आर्थिक हर तरह का नुकसान है। नशे के कुचक्र से निकलना बहुत जरुरी है, तभी हम सुंदर समाज की परिकल्पना कर सकते है और इसके लिए हर वर्ग की सहभागिता जरुरी है, तब ही इसे दूर किया जा सकता है। डॉ संजय बरनवाल ने कहा कि युवाओं को मादक पदार्थो से दूर रहने के लिए जागरूक करना होगा। मादक पदार्थों की चपेट में आने से सिर्फ सेहत ही नहीं खराब होती, बल्कि उनका भविष्य, समाज और देश का भविष्य भी इससे प्रभावित होता है।

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार
## उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू-अर्जन शाखा)

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)**

ज्ञापांकः-653/भू0अ0 दिनांकः-19.06.2024

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम- मुरवे, थाना नं0- 145 थाना- सिमरिया, अंचल- सिमरिया, जिला- चतरा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना कठौतिया-शिवपुर न्यू बी0 जी0 रेलवे लाईन हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम- मुरवे, थाना- सिमरिया, थाना नं0- 145, अंचल- सिमरिया, जिला- चतरा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 3.85 एकड़ यानि 1.55807 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 35 | 232 | रैयती | टांड II | 0.28 | बहोरी सिंह पिता-स्व0 भागवत सिंह | प्लॉट सं0 233 | प्लॉट सं0 231 | नीज | प्लॉट सं0 232 |
| 2 | 26 | 233 | रैयती | टांड II | 0.05 | अवधेश प्रसाद सिंह वो राजकुमार सिंह वो जयचन्द प्रसाद सिंह वो गौतम प्रसाद सिंह, जालेश्वर प्रसाद सिंह पिता-स्व0 रूदो सिंह उर्फ रूद्रनारायण सिंह | प्लॉट सं0 233 | प्लॉट सं0 232 | प्लॉट सं0 240 | प्लॉट सं0 233 |
| 3 | 26 | 233 | रैयती | टांड II | 0.05 | ब्रजेश सिंह वगैरह पिता-स्व0 कामेश्वर सिंह | प्लॉट सं0 233 | प्लॉट सं0 232 | प्लॉट सं0 240 | प्लॉट सं0 233 |
| 4 | 25 | 741 | रैयती | टांड II | 0.02 | ब्रजेश सिंह वगैरह पिता-स्व0 कामेश्वर सिंह | प्लॉट सं0 738 | प्लॉट सं0 742 | प्लॉट सं0 741 का शेष | प्लॉट सं0 741 का शेष |
| 5 | 26 | 757 | रैयती | टांड II | 0.02 | अवधेश प्रसाद सिंह वो राजकुमार सिंह वो जयचन्द प्रसाद सिंह वो गौतम प्रसाद सिंह, जालेश्वर प्रसाद सिंह पिता-स्व0 रूदो सिंह उर्फ रूद्रनारायण सिंह | प्लॉट सं0 745 | प्लॉट सं0 756 | रास्ता | प्लॉट सं0 757 का शेष |
| 6 | 25 | 741 | रैयती | टांड II | 0.02 | अवधेश प्रसाद सिंह वो राजकुमार सिंह वो जयचन्द प्रसाद सिंह वो गौतम प्रसाद सिंह, जालेश्वर प्रसाद सिंह पिता-स्व0 रूदो सिंह उर्फ रूद्रनारायण सिंह | प्लॉट सं0 738 | प्लॉट सं0 742 | प्लॉट सं0 741 का शेष | प्लॉट सं0 741 |
| 7 | 26 | 757 | रैयती | टांड II | 0.02 | ब्रजेश सिंह वगैरह पिता-स्व0 कामेश्वर सिंह एवं अन्य। | प्लॉट सं0 745 | प्लॉट सं0 756 | प्लॉट सं0 755 | प्लॉट सं0 757 का शेष |
| 8 | 31 | 899 | रैयती | टांड II | 0.04 | बहोरी सिंह पिता-स्व0 भागवत सिंह | प्लॉट सं0 901 | प्लॉट सं0 992 | प्लॉट सं0 907 | प्लॉट सं0 899 |
| 9 | 21 | 914 | रैयती | टांड II | 0.01 | बिन्ती देवी पति-स्व0 प्रेम सागर सिंह, प्रतिमा देवी पति-उगदेव सिंह | प्लॉट सं0 912 | प्लॉट सं0 913 | प्लॉट सं0 914 | प्लॉट सं0 813 |
| 10 | 31 | 992 | रैयती | धान I | 0.30 | बहोरी सिंह पिता-स्व0 भागवत सिंह | प्लॉट सं0 908 | प्लॉट सं0 990 | प्लॉट सं0 913 | प्लॉट सं0 898 |
| 11 | 31 | 992 | रैयती | धान I | 0.30 | मानी देवी पति-स्व0 लाखो सिंह | प्लॉट सं0 908 | प्लॉट सं0 990 | प्लॉट सं0 913 | प्लॉट सं0 898 |
| 12 | 31 | 994 | रैयती | धान I | 0.04 | सितवा देवी उर्फ सिता देवी पति-स्व0 दुखी महतो | प्लॉट सं0 994 | प्लॉट सं0 995 | प्लॉट सं0 989 | प्लॉट सं0 237 |
| 13 | 39 | 1019 | रैयती | धान I | 0.10 | बहोरी सिंह पिता-स्व0 भागवत सिंह | प्लॉट सं0 1035 | प्लॉट सं0 1020 | प्लॉट सं0 1035 | प्लॉट सं0 1019 |
| 14 | 33 | 1004 | रैयती | टांड II | 0.02 | कौलेश्वरी उरांव वगैरह पिता-स्व0 रामधनी उरांव एवं अन्य। | प्लॉट सं0 1003 | प्लॉट सं0 1009 | प्लॉट सं0 1004 का शेष | प्लॉट सं0 1009 |
| 15 | 33 | 1025 | रैयती | टांड II | 0.59 | कौलेश्वरी उरांव वगैरह पिता-स्व0 रामधनी उरांव एवं अन्य। | प्लॉट सं0 1024 | प्लॉट सं0 1026 | प्लॉट सं0 1025 | प्लॉट सं0 1025 |
| 16 | 05 | 1026 | रैयती | टांड II | 0.05 | कौलेश्वरी उरांव वगैरह पिता-स्व0 रामधनी उरांव एवं अन्य। | प्लॉट सं0 1025 | प्लॉट सं0 1030 | प्लॉट सं0 1026 | प्लॉट सं0 1027 |
| 17 | 05 | 1016 | रैयती | टांड II | 0.01 | कामख्या सिंह वगैरह पिता-स्व0 बनवारी सिंह | प्लॉट सं0 1014 | प्लॉट सं0 1017 | प्लॉट सं0 1014 | प्लॉट सं0 1016 |
| 18 | 21 | 1031 | रैयती | टांड II | 0.12 | बिगन महतो वो धरम महतो वो शिवा महतो पिता-स्व0 चुल्हन महतो वो जदु महतो वो आतो महतो वो इन्दर महतो वो नागेश्वर महतो पिता-स्व0 झमन महतो वो रिना देवी पति-स्व0 दशरथ महतो | प्लॉट सं0 1032 | प्लॉट सं0 1031 | प्लॉट सं0 1031 | प्लॉट सं0 1030 |
| 19 | 08 | 1035 | रैयती | टांड I | 0.10 | जमुनी देवी पति-बालेश्वर साव, ग्राम-सोहर कला, टोला डेला बागी। | प्लॉट सं0 1013 | प्लॉट सं0 1019 | प्लॉट सं0 1035 | प्लॉट सं0 1019 |
| 20 | 08 | 1035 | रैयती | टांड I | 0.10 | सीता देवी पति-कामेश्वर साव | प्लॉट सं0 1013 | प्लॉट सं0 1019 | प्लॉट सं0 1035 | प्लॉट सं0 1019 |
| 21 | 08 | 1035 | रैयती | टांड I | 0.10 | मुकेश कुमार पिता-भुगन रविदास | प्लॉट सं0 1013 | प्लॉट सं0 1019 | प्लॉट सं0 1035 | प्लॉट सं0 1019 |
| 22 | 08 | 1035 | रैयती | टांड I | 0.435 | जदु महतो वो आतो महतो वो इन्दर महतो वो नागेश्वर महतो पिता-स्व0 झमन महतो वो मसोमात रिना देवी पति-स्व0 दशरथ महतो, ग्राम-डाढ़ी | प्लॉट सं0 1013 | प्लॉट सं0 1019 | प्लॉट सं0 1035 | प्लॉट सं0 1019 |
| 23 | 08 | 1035 | रैयती | टांड I | 0.5375 | धनी महतो पिता-स्व0 अन्दी महतो, ग्राम-डाढ़ी | प्लॉट सं0 1013 | प्लॉट सं0 1019 | प्लॉट सं0 1035 | प्लॉट सं0 1019 |
| 24 | 08 | 1035 | रैयती | टांड I | 0.5375 | प्रयाग महतो वो रितलाल महतो वो अनिल कुमार पिता-चिन्मामन महतो, ग्राम-डाढ़ी। | प्लॉट सं0 1013 | प्लॉट सं0 1019 | प्लॉट सं0 1035 | प्लॉट सं0 1019 |
| | | | Total | | 3.85 | | | | | |

**संरचना का विवरण**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | 35 | 737 | रैयती | मकान मिट्टी 20' X 38' | नेपुर देवी पति-दीना सिंह | – | – | – | – |
| 26 | 18 | 935 | रैयती | मकान ईट एस्बेस्टस सीट 22.5' X 22.5' शौचालय चौ0 X लं0 4' X 5' X 7' एस्बेस्टस सीट | शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता-राजकुमार सिंह | – | – | – | – |
| 27 | 08 | 1009 | रैयती | मकान लं0 X चौ0 14' X 7' X 8' बाउड्री 75' लं0 उं0 8' चौ0 10" 64' 11' उ0 पानी का हौज 7.5' X 9.5' X 5' | मसो0 निमीया देवी पति-स्व0 किसुन साव वो छक्कन साव पिता-स्व0 फकिर साव वो खिरू साव पिता-स्व0 फकिर साव | – | – | – | – |

**वृक्ष का विवरण**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | वृक्ष | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | 31 | 994 | रैयती | करंज पेड़ 01 | सितवा देवी उर्फ सिता देवी पति-स्व0 दुखी महतो | – | – | – | – |
| 29 | 33 | 1004 | रैयती | बर पेड़ 01 | कौलेश्वरी उरांव वगैरह पिता-स्व0 रामधनी उरांव एवं अन्य | – | – | – | – |
| 30 | 05 | 1026 | रैयती | पीपल पेड़ 01 आम पेड़ 01 सखुआ पेड़ 01 महुआ पेड़ 01 | कौलेश्वरी उरांव वगैरह पिता-स्व0 रामधनी उरांव एवं अन्य | – | – | – | – |
| 31 | 08 | 1035 | रैयती | बर पेड़ 01 | नागेश्वर महतो पिता-स्व0 झमन महतो | – | – | – | – |
| 32 | 18 | 935 | रैयती | महुआ 01 आम 01 बैर 02 | शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता-राजकुमार सिंह | – | – | – | – |
| 33 | 4 | 1022 | रैयती | महुआ 01 | महेश उरांव पिता-स्व0 इन्दरू उरांव | – | – | – | – |
| 34 | 48 | 1024 | रैयती | बर पेड़ 02 महुआ 01 | अशोक उरांव पिता-स्व0 रामचन्दर उरांव | – | – | – | – |
| 35 | 03 | 234 | रैयती | महुआ 01 | बुटा उरांव वगै0 पिता-स्व0 मालो गोप | – | – | – | – |
| 36 | 35 | 1011 | रैयती | महुआ 03 | बहोरी सिंह पिता-स्व0 भागवत सिंह | – | – | – | – |

**बोरिंग का विवरण**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | बोरिंग | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | 08 | 1035 | रैयती | चापाकल 01 | जदु महतो वो आतो महतो वो इन्दर महतो वो नागेश्वर महतो पिता-स्व0 झमन महतो वो मसोमात रिना देवी पति-स्व0 दशरथ महतो, ग्राम-डाढ़ी | – | – | – | – |
| 38 | 08 | 1009 | रैयती | चापाकल 01 | मसो0 निमीया देवी पति-स्व0 किसुन साव वो छक्कन साव पिता-स्व0 फकिर साव वो खिरू साव पिता-स्व0 फकिर साव | – | – | – | – |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु

अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/ अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR.NO.327571 Land Reforms(24-25):D

उपायुक्त, चतरा।

स्पीड न्यूज

### अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**सिमरिया।** जिला परिषद ने सिमरिया चौक के अतिक्रमणकारियों को 29 जून तक अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी शिशिर पंडित ने दलबल के साथ सिमरिया चौक का निरीक्षण किया और दुकानदारों को अपना एग्रीमेंट पेपर दुकानों में लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुकानों में मार्किंग से अधिक कब्जा को अतिक्रमण मानकर हटाया जाएगा। जिला परिषद की टीम ने सिमरिया चौक के दुकानों का निरीक्षण किया और चेतावनी दी। सिमरिया चौक पर बस पड़ाव और टेंपो पड़ाव के स्थल को भी चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उन्हें भी व्यवस्थित किया जा सके। बस और टेंपू पड़ाव न होने के कारण आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

### महिला को बहला फुसलाकर व नशीला पदार्थ देकर यूपी में बेचा

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के डोकवा गांव की एक महिला कविता देवी पति अजित रविदास को शादी का झांसा देकर यूपी के शाहजहांपुर में बेच दी गई।महिला के परिजनों के आवेदन के आधार पर कुंदा थाना में दो लोगो पर मानव तस्करी एंव बाहला फुसलाकर शादी के नियत से मामला दर्ज की गई है।कुंदा थाना पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के खुटेर गांव निवासी कविता देवी पति उमेश रविदास को मंगलवार को जेल भेज दिया।एंव एक अन्य आरोपी यूपी के शाहजहांपुर के रामदास रविदास पर मामला दर्ज किया गया है। ये दोनों आरोपी पर कुंदा थाना में महिला के पति के आवेदन पर शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है।थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने कहा कि आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूसरे की गिरफ्तारी के सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। कांड संख्या के 363, 366, 370, 34 के तहत मामला दर्ज की गई है।

### चतरा में कार की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**चतरा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर सोमवार को खरीक गांव के समीप एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक से बचने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार को रौंद दिया। एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृत युवकों की पहचान घंघरी कल्याणखाप गांव निवासी एजाज और तस्लीम के रूप में की गई है। दोनों युवक सोमवार शाम बाइक से अपने गांव लौट रहे थे।

### विशेष लोक अदालत 29 जून को

**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकर रांची के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के निर्देश पर मंगलवार को मरकच्चो प्रखंड सभागार में 29 जून को होने वाले विशेष लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीओ परमेश्वर कुशवाहा मौजूद थे। वहीं उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में भूमि एवं राजस्व के मामले पर विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जून को हो रहा है। विशेष लोक अदालत भूमि एवं राजस्व मामले में तेजी और प्रभावी न्यायिक समाधान प्रदान करने के लिए विशेष मंच है।

### माले जिला कमिटी की बैठक 27 को

**कोडरमा।** माले जिला कमिटी की बैठक पार्टी कार्यालय झुमरीतिलैया में 27 जून को समय 11 बजे दिन से रखी गई है। बैठक में मुख्य रूप से राज्य सचिव मनोज भक्त उपस्थित रहेंगे।

# लोन दिलाने के नाम पर साईबर ठगी करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को सूचना प्राप्त हुई कि सतगांवा थानान्तर्गत कुछ व्यक्तियों द्वारा लोगों को लोन दिलाने के नाम पर साईबर ठगी किया जा रहा है। मामले की जांच एवं विधि-सम्मत कार्रवाई के लिए एसपी द्वारा थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में विषेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा छापामारी करते हुए दो साईबर अपराधी 20 वर्षीय टुन्नी कुमार पिता पवन सिंह भण्डाजोर थाना रोह नवादा जिला तथा 30 वर्षीय मनीष कुमार पिता बलम सिंह मरचोई थाना सतगांवा निवासी को पकड़ा गया। छापामारी के दौरान दोनों के पास से भारी संख्या में मोबाईल फोन, सीम कार्ड, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, लाईन वाला पेज, हस्तलिखित संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुआ। वहीं अपराधियों से पुछताछ के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि इनलोगों के द्वारा स्वीकार किया गया कि ये लोग आम लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। इस संबंध में सतगांवा थाना काण्ड संख्या-45/24, दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के पास 13 मोबाइल, दो पीस सीम कार्ड, दो एटीएम कार्ड, एक पासबुक तथा हस्तलिखित संदिग्ध दस्तावेज बरामद किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, एसआई रौशन कुमार पासवान, सशस्त्र बल व तकनीकी शाखा कर्मी शामिल थे।

# पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक डॉ.नीरा यादव ने किया प्रखंड का दौरा

## शहीद आईटीबीपी के जवान संतोष पासवान की 11वीं पुण्यतिथि में हुई शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** गत बीते वर्ष 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में आये प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लगे हेलीकॉप्टर क्रेश में शहीद हुए आईटीबीटी के जवान संतोष पासवान का 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि डोमचांच जिप सदस्य शांति प्रिया, स्थानीय जिप सदस्य नीतू कुमारी, प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, आईटीबीपी रांची एएसआई चामू उरांव, आरक्षी मुकेश कुमार, माता देववंती देवी, पिता देवनंदन पासवान समेत कई जनप्रतिनिाि व समाजसेवी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीद की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ.नीरा यादव ने कहा कि आज देश में जो शांति व्यवस्था कायम है, वो भारतीय सेना की ही देन है। हमें गर्व है ऐसे जवान पर जो देश की सेवा करते हुए अपने जान न्योछावर कर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि आज शहीद के माता-पिता पर देश को गर्व है, जिन्होंने ऐसे पुत्र को जन्म दिया। कार्यक्रम के दौरान गौतम पासवान ने मुख्य अतिथि से शहीद के समाधि स्थल की चारदीवारी, पुस्तकालय व खेल मैदान की मांग की, जिसपर उन्होंने भरोसा दी। इसके आलावे श्रद्धांजलि सभा को जिप सदस्य डोमचांच शांति प्रिया, स्थानीय जिप सदस्य नीतू कुमारी, प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार आदि ने भी संबोधित किया। वहीं उपस्थित लोगों ने शहादत दिवस के मौके पर उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। वहीं कार्यक्रम का संचालन मनोज भगत ने किया। कार्यक्रम के अंत में शहीद के स्मृति द्वार के समीप शहीद संतोष पासवान चौक के नामाकरण बोर्ड का उद्घाटन की। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशीष चौधरी, परमेश्वर यादव, राजकुमार यादव, महेंद्र यादव, नागेंद्र सिंह, धनंजय यादव, निर्भय कुल, मानसिंह पासवान, पुरुषोत्तम सिंह, मिथलेश सिंह, बालमुकुंद सिंह, रंजीत सिंह, बब्लू सिंह, सुरेंद्र पांडेय, गौतम पासवान, सुखदेव पासवान, मनोज पासवान, जैप जवान के आलावे दर्जनों महिला व पुरुष मौजूद थे।

वहीं पुण्यतिथि कार्यक्रम के तत्पश्चात उन्होंने हाल में ही भखरा निवासी सीताराम पासवान के 54 वर्षीय सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर उमाचरण पासवान के निधन पर उनके निवास स्थान पहुंच कर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और ढाढ़स बंधाया। ज्ञात हो दिवंगत सब इंस्पेक्टर दिल्ली हरियाणा बॉर्डर पर पदस्थापित थे। विगत तीन माह पूर्व हुए किसान आंदोलन के धरना स्थल पर ड्यूटी के दौरान माथे पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बेहोशी की हालत में दिल्ली के वेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। आखिरकार 16 जून को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

### होल्डिंग टैक्स में छूट का लाभ लेने के लिए बचे हैं अब मात्र पांच दिन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद क्षेत्र के होल्डिंग धारियों को 30 जून तक बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने पर सरकार ने पांच से दस प्रतिशत की छूट दी है। यह छूट वित्तीय वर्ष 2024-25 के बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने वाले सीनियर सिटीजन, महिला, दिव्यांग और सैनिक को दी है। छूट की अवधि तक बकाया टैक्स जमा करने वाले 4890 होल्डिंग धारियों ने इस छूट का लाभ उठाया है। इन होल्डिंग धारियों ने करीब 10.88 लाख रुपये का होल्डिंग टैक्स बचत की है। नगर परिषद के 28 वार्डों में 24 हजार 200 सौ होल्डिंगधारी हैं। इन होल्डिंग धारियों से चालू वित्तीय वर्ष में करीब 6.03 करोड़ रुपये का लक्ष्य है, इसमें अब तक करीब 1.75 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। होल्डिंग धारियों के लिए वित्तीय वर्ष का बकाया टैक्ट जमा करने पर छूट का लाभ मिलेगा। यह लाभ 30 जून तक ही दी जायेगी। होल्डिंग धारियों के पास छूट का लाभ उठाने के लिए महज पांच दिन ही बचे हैं। छूट अवधि 30 जून समाप्त होते ही एक जुलाई से होल्डिंग धारियों को बकाया होल्डिंग टैक्स पर एक प्रतिशत जुर्माना राशि के रूप में लिया जायेगा।

एक नजर में

### मीडिया के खिलाफ षड्यंत्र बर्दाश्त नहीं: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा।** मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसके खिलाफ किसी भी कंपनी द्वारा षड्यंत्र बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने मीडिया के खिलाफ कोई भी हरकत की तो उन्हें एक छटाक भी कोयला डिस्पैच नहीं करने दिया जाएगा। विधायक ने केरेडारी पुलिस से बातचीत कर कंपनियों के नापाक इरादों पर चर्चा की। उन्होंने टंडवा के पत्रकारों की तारीफ करते हुए कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता का कोई भी हनन नहीं कर सकता और मीडिया द्वारा समाज को आईना दिखाना गलत नहीं है। विधायक ने प्रगति कंपनी के मीडिया विरोधी कदम की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि अगर कंपनी ने अपने रवैये में सुधार नहीं किया तो उसके लिए परिणाम अच्छे नहीं होंगे।

### होन्हे गांव के निवासियों का जीवन धूल और प्रदूषण से त्रस्त



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** आम्रपाली कोल परियोजना से प्रभावित होन्हे गांव के निवासी धूल और गर्दा खाने को मजबूर हैं क्योंकि आरकेटीसी-बीएलए ट्रांस्पोटिंग कंपनी के वाहन आम्रपाली से शिवपुर तक कोयले की ढुलाई करते हैं और इन वाहनों से उड़ने वाली धूल घरों के छत से लेकर फर्श तक जमा हो जाती है। धूल के कारण ग्रामीण सांस, हैजा, चर्म रोग और स्किन के रोगों से ग्रसित हो रहे हैं।?सीसीएल प्रबंधन और ट्रांसपोर्टिंग कंपनी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जिंदगी नर्क से कम नहीं है और उन्हें 24 घंटे धूल में रहना पड़ता है। सीसीएल या ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा गांव में पानी का छिड़काव या अन्य कोई सुविधाएं बहाल नहीं की गई हैं। वाहनों से उड़ने वाली धूल ने गांव के आसपास के वातावरण को प्रदूषित कर दिया है और ग्रामीण ठीक से सांस भी नहीं ले पा रहे हैं।

**गांव के ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या :** आम्रपाली कोल परियोजना से प्रभावित होन्हे गांव के ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आधी आबादी एक सूखते कुएं पर निर्भर है, जबकि बाकी आबादी एक चापानल और नदी पर निर्भर है। कोयले के ट्रकों से उड़ने वाली धूल कुएं के पानी को दूषित कर रही है। सीसीएल द्वारा मुहैया कराए गए वाटर टैंकर में भी साफ पानी नहीं है।ग्रामीणों का कहना है कि सीसीएल प्रबंधन उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

**मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों :** होन्हे गांव की ग्रामीण मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं और आश्वासन नहीं बल्कि समाधान चाहते हैं। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन को बिजली और पेयजल संकट से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। यह देखना बाकी है कि सीसीएल प्रबंधन कब तक ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेगा और उन्हें धूल भरी जिंदगी और मूल समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

# मवेशियों से भरा ट्रक जप्त, तीन गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना के समीप मवेशियों से भरे ट्रक को जप्त किया गया। चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मवेशियों से भरा ट्रक बरही से कोडरमा की तरफ जा रहा था। इस सूचना के आधार पर चंदवारा थाना गेट के समीप जांच के दौरान ट्रक संख्या यूपी75एउ/9007 से 35 पाड़ा भैंस का बच्चा को अवैध रूप से परिवहन करने के आरोप में पकड़ा गया। इस मामले में चंदवारा थाना कांड संख्या 45/24 दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों में 40 वर्षीय मो.मोफिज फुलवारी शरीफ पटना बिहार, 25 वर्षीय रोशन कुमार मानबिल थाना परस बिगहा बिहार और 40 वर्षीय बैकुंठ यादव पांडेचक थाना सकुराबाद शामिल हैं। सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया गया है।

# विधायक ने साइकिल वितरण व विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने प्रखंड का दौरा कर सर्वप्रथम कल्याण विभाग के द्वारा मंगलवार को राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय बासोडीह में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक तथा पिछड़ा वर्ग के कक्षा आठ में अययनरत छात्र-छात्राओं के बीच सायकिल वितरण समारोह में भाग लिया। वितरण समारोह में विधायक डॉ. नीरा यादव, डीडब्लूओ अभिषेक आनंद, जिप सदस्य नीतू कुमारी, प्रखंड प्रमुख ललिता देवी व उप प्रमुख मनोज कुमार निराला ने संयुक्त रूप से 9 विद्यालयों के 378 छात्र-छात्राओं के बीच सायकिल वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर विधायक ने प्रखंड के विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखी। जिसमें मुख्य रूप से नावाडीह पंचायत के ग्राम बाद में देवी मंडप से रविदास टोला होते हुए शमशान घाट तक पीसीसी एवं गार्डवाल निर्माण, ईटांय पंचायत अंतर्गत ग्राम ईटांय में मुख्य सड़क से सदानंद रविदास के घर तक गार्डवाल निर्माण आदि योजना शामिल हैं। मौके पर बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओम प्रकाश बड़ाईक, बीइओ शेख शकील अहमद, बीडब्लूओ कपिल देव यादव, बीआरपी शाहजाद आलम, सीआरपी संतोष कुमार, अनुसेवक विनोद कुमार, शिक्षक कर्मी, परमेश्वर यादव, महेंद्र यादव, राजकुमार यादव, धनंजय यादव, प्रदीप यादव, बालमुकुंद सिंह, बब्लू सिंह, रंजीत सिंह, समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत के द्वारा समाज एवं राष्ट्र को नशा मुक्त करने हेतू विभिन्न उपायों पर विस्तारपूर्वक प्रकश डाला गया। महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु विकास कुमार यादव ने सभी प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी। वहीं 'राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने कहा कि युवा वर्ग ही देश का अग्रिम भविष्य है और आज के वर्तमान दौर में युवा वर्ग ही सबसे ज्यादा नशा से ग्रसित हैं। हमें अपने समाज एवं राष्ट्र को सशक्त एवं दृढ़ बनाने के लिए युवा पीढ़ी को नशा मुक्त करना होगा। मौके पर मो. सम्मीउल्लाह, सदाकात अंसारी, रविकुमार यादव, मुरली यादव, अजीत यादव, निरंजन कुमार, रेनू कुमारी, नूतन कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रीती कुमारी, अर्चना कुमारी, पुजा रवि, सीमा जोजो, मिनल कुमारी, गुलाब कुमार, डॉ. मनीष कुमार पासवान, डॉ. रविकांत तिवारी, डॉ पवन, डॉ. पुजा कुमारी, रोहित कुमार, चुन्नु कुमार, आलम मुख्तार, सुधीर साव, नागेश सिंह समेत सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

## समापन बेला में अंडर 17 बालिका वर्ग का हुआ मुकाबला, कान्हाचट्टी को 2- 0 से हराकर पत्थलगड्डा बनी विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** 23 जून से 25 जून तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल कप प्रतियोगिता मंगलवार को अंडर 17 बालिका वर्ग के मुकाबले के साथ ही सम्पन्न हो गई। मंगलवार को आयोजित सुब्रतो मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ टंडवा प्रखंड बनाम हंटरगंज प्रखंड के बीच हुआ जिसमें टंडवा प्रखंड के बालिकाओं ने 1-0 से विजई घोषित हुई। दूसरा मैच लावालौंग बनाम मयूरहंड के बीच खेला गया जिसमें मयूरहंड प्रखंड 1-0 से विजय हुई। तीसरा मैच कुंदा प्रखंड बनाम गिद्धौर के बीच खेला गया जिसमें गिद्धौर प्रखंड 1-0 से विजय हुई।चौथा मैच चतरा सदर प्रखंड बनाम सिमरिया प्रखंड के बीच खेल हुई जिसमें चतरा सदर प्रखंड पेनल्टी शूटआउट में 3- 2 से विजय रही। वहीं पहला क्वार्टर फाइनल मैच पत्थलगड्डा प्रखंड बनाम टंडवा प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमें पत्थलगड्डा प्रखंड 1-0 से विजय हुई। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच मयूरहंड प्रखंड बनाम कान्हाचट्टी के बीच खेला गया जिसमें कान्हाचट्टी 1-0 से विजय हुई। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच गिद्धौर बनाम प्रतापपुर के बीच खेला गया जिसमें गिद्धौर 1-0 से विजय हुई। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच चतरा बनाम इटखोरी के बीच खेला गया जिसमें चतरा पेनल्टी शूटआउट में 3 -2 से विजय हुई। सेमीफाइनल मैच पत्थलगड्डा बनाम गिद्धौर के बीच हुआ जिसमें पत्थलगड्डा 1-0 से विजय हुई। दूसरा सेमीफाइनल मैच चतरा बनाम कान्हाचट्टी के बीच हुई जिसमें कान्हाचट्टी 1- 0 से विजय हुई।तीसरे स्थान के लिए गिद्धौर बनाम चतरा के बीच मैच खेला गया। जिसमें गिद्धौर की टीम 3- 2 से विजय रही।

फाइनल मैच पत्थलगड्डा बनाम कान्हाचट्टी के बीच खेला गया जिसमें पत्थलगड्डा 2- 0 से विजय हुई। सभी विजेता एवं उपविजेता एवं तृतीय स्थान के लिए सभी टीमों को जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ श्री मनोज कुमार सिंह, ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी ने मेडल, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ सुब्रतो मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आयोजक समिति के सदस्यों एवं सभी रेफरी को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि हार जीत नहीं होती,जीत खेल की होती है। हर संभव सहयोग करने का दिया भरोसा। कहा कि हजारीबाग में आयोजित प्रमंडल स्तर पर होने वाले खेल में जिला का नाम रौशन कर लौटे। जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा और कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

मौके पर नोडल पदाधिकारी दीपक कुमार, शारीरिक शिक्षक अबोध राम, राघवेन्द्र चौधरी, सबिता मालतो, जितेंद्र कुमार यादव, मुकेश कुमार ,मंजू कुमारी, कुसुम कुमारी, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार पांडे,सीमा श्रीवास्तव, श्याम किशोर कृष्ण, कुमार टिंकू, जितेंद्र कुमार पांडे, चंदन कुमार पांडे, धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा, पुष्पा एक्का का सहयोग काफी सराहनीय रहा। मैच रेफरी के रूप में वीरेंद्र कुमार रविदास, वासुदेव वी उरांव, जगदीश सिंह भोक्ता, योगेंद्र रविदास, संतोष यादव, डब्लू राम एवं दिलीप राम थे। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक अबोध राम के द्वारा किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार के द्वारा किया गया।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर शाहिद संतोष कुमार पासवान को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, जयप्रकाश सिंह, राकेश पांडेय, सतीश कुमार, शंकर कुमार और पायल सिंह आदि शिक्षकों ने संतोष कुमार पासवान की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि देश सेवा के क्षेत्र में संतोष कुमार पासवान के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके कार्य हमेशा बच्चों के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे। ज्ञात हो की संतोष कुमार पासवान सतगावा प्रखंड के भखरा गांव के रहने वाले थे।

# जंगली हाथियों के उत्पात से दहला ग्रामीण क्षेत्र

## कई घर व फसल हुआ बर्बाद, घर के अंदर से जान बचाकर भागे दंपति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटी में बीती रात दर्जनों की संख्या में जंगली हाथियों ने खूब उत्पात मचाया। कई घरों व खेती को किया नुकसान। लोग जान बचाकर इधर उधर भागते रहे और पूरा क्षेत्र भय के माहौल में रात गुजारा। मिली जानकारी और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार रात दर्जनों की संख्या में गितिलगढ़-खरता दक्षिणी कोयल नदी से बेड़ा होते हुए टाटी गांव में करीब 11 बजे के आसपास पहुँचा। जहाँ टाटी खरता रास्ते में सड़क किनारे अपने घर के अंदर राम मुंडा व उसकी पत्नी नीलम देवी सो रहे थे। जिसके बाद हाथियों की आने की आहट के बाद दोनों जगकर घर के अंदर ही दुबके रहे कि अचानक हाथी द्वारा एलबेस्ट्स को खींचकर गिरा दिया फिर लगातार पूरा दीवाल को गिराने लगा, इसी बीच दोनों पति पत्नी डर और साहस





जंगली हाथियों से किसी तरह बचा दंपती व हाथियों द्वारा ध्वस्त घर

के बीच मात्र कुछ सेकेंड के लिए गिरा हुआ दीवाल के तरफ से ही चुपके से निकल कर गांव की ओर भाग निकले। इधर राम मुंडा का पूरा घर सहित, ड्राम, बर्तन, खाद्य सामग्री सहित हजारों हजार का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। वहीं सामने में मंजू देवी का बना छोटा सा कमरा जिसमें मोटर पम्पसेट रखा था उसके एलबेस्ट्स को तोड़कर खेती को बर्बाद करते हुए जंगल किनारे बने सूगैन देवी के पूरा दीवाल को तोड़ दिया। हालांकि सूगैन देवी बताती है कि कुछ मिनट पहले हाथियों की आहट मिलते ही घर छोड़ दूसरे रास्ते गांव की ओर भागकर जान बचाई। इतना ही नहीं गांव के एक व्यक्ति खुले में सो रहा था उसे हाथी द्वारा बालू छींटकर सामने से निकला तो वह आदमी सोने का नाटक कर अपनी जान बचा पाया। इधर मामले को लेकर अंचल अधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि पीड़ित द्वारा आवेदन जमा करने की बाद हल्का कर्मचारी से जांच कराकर मुआवजा के लिए वन विभाग को भेजा जाएगा। मामले पर बनक्षेत्र पदाधिकारी से बात करने की कोसिस की गई किन्तु फोन रिसीव नही होने के कारण बात नही हो सकी । वहीं बिभाग के सूरज ने बताया कि रात में सूचना मिलते ही टाटी पहुचंकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए हाथियों को भगाने का काम किया गया जिसमें मथुरा सिंह सहित थाना प्रभारी भी मौजूद थे। इधर जंगली हाथी के आने और घर एवं फसलों के बर्बाद करने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। लोग शाम होते ही घरों से निकलने से डर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्य स्मृति दिवस मनायी गयी

गुमला। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के घाटो बगीचा स्थित शाखा में सोमवार को मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्य स्मृति दिवस मनायी गई। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता फोरम के न्यायाधीश ओमप्रकाश पांडे, राजयोगिनी शांति दीदी, व्यवसायी पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संस्था के सैकड़ो भाई बहन ने मातेश्वरी जगदंबा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शांति दीदी ने मातेश्वरी को याद करते हुए कहा कि मातेश्वरी जगदंबा की वाणी सरल मधुर कशिश वाली थी। जिसे सुनकर सुनने वालों के विचार ही बदल जाते थे। उनमें परखने की शक्ति  निर्णय करने की शक्ति बहुत तेज थी।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**भंडरा।** रांची लोहरदगा  मुख्य पथ के चट्टी गांव के समीप मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से भंडरा  सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल अंकित उरांव को रांची रिम्स रेफर किया गया।

### मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने कार्य स्थल का किया निरीक्षण

**किस्को।** मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने  प्रखंड में मनरेगा योजनाओ के कार्यों का निरीक्षण किया। मनरेगा लोकपाल ने बेटहट पंचायत में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओ का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने  सिंचाई कूप निर्माण कार्य को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।  साथ ही मनरेगा से संचालित योजनाओ में समय पर मजदूरी भुगतान पर जोर दिया।

### वाहन जांच अभियान चलाकर वसूला जुमार्ना

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू थाना के समीप  सघन वाहन जांच अभियान चलाकर जुमार्ना वसूला गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे सभी दो पहिया वाहनों को रोक कर वाहनों के कागजात, हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ गाड़ियों के डिक्की खोलकर भी जांच की गई। हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। वाहन जांच का नेतृत्व कर रहे आरटीओ कर्मी कृष्ण कुमार  ने बताया कि वाहनों की जांच में पाए जाने वाली त्रुटियों के अनुरूप चालान काटकर जुमार्ना वसूला गया। लोगों को सख्त हिदायत भी दी गई कि हेलमेट, जूते पहन कर ही वाहन चलाएं तथा यातायात के नियमों का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं ताकि आए दिन होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### अज्ञात बोलेरो के धक्के से 13 वर्षीय बालक घायल, गुमला रेफर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के खोपाटोली के समीप अज्ञात बोलेरो वाहन के धक्के से 13 वर्षीय आलोक तिग्गा  पिता प्रवीण तिग्गा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। घटना में आलोक का पैर फ्रेक्चर हो गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आलोक तिग्गा चना खरीदकर अपने घर लौट रहा था। तभी सामने से आ रही बस को ओवरटेक करने के के दौरान बोलेरो ने बच्चे को धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गया। हांलांकि कुछ लोगों ने बोलेरो का पीछा भी किया लेकिन उसको पकड़ नहीं पाये। इधर बच्चे की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का हुआ आरंभ

## पहले दिन एक मामले का किया गया निष्पादन, कार्यक्रम का पीडीजे ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कुटुंब न्यायालय में लंबित मुकदमों का निपटारे के लिए सोमवार से स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुभांरभ प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा किया गया।  इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि मध्यस्थ एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें निरपेक्ष मध्यस्थ वादी और प्रतिवादी को अपने मामले आपसी समझ एवं सहमति से सुलझाने में सहायता करता है।

इस प्रक्रिया में मामला आपसी सहमति से जल्द सुलझ जाते हैं। इस स्पेशल मेडिएसन ड्राइव का भरपूर लाभ लोग उठा सकते हैं। यह ड्राइव परिवारिक विवाद जो फैमिली कोर्ट में पेंडिंग है। उसका



स्पेशल मेडिएशन ड्राइव शिविर में शामिल न्यायिक पदाधिकारी व अन्य

निपटारा त्वरित गति से करने के लिए किया गया है ताकि पक्षकार सहमति और समझौता कर अपना परिवारिक जीवन बिना किसी बाधा के आगे बढ़ा सके।

स्पेशल मेडिएशन ड्राइव में सोमवार को एक मामले का निपटारा किया गया तथा दोनों पक्ष कार के बीच सुलह के आधार पर मामले को निष्पादित किया गया। ड्राइव के शुभारंभ पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला रामकुमार लाल गुप्ता, स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह, लीगल डिफेंस काउंसिल के विद्या निधि शर्मा, अधिवक्ता शारदा पांडे, अरविंद चौधरी,  प्रकाश पांडे, आशा पूनम, तथा पक्षकार गण उपस्थित थे।

### दो दर्जन किसानों के बीच धान बीज का वितरण

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चुंदरी लैंपस में दो दर्जन किसानों के बीच सोमवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार ने सरकार से मिलने वाले अनुदान दर पर धान बीज का वितरण किया। इस क्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खरवार ने बताया कि सरकार द्वारा 50% अनुदान दर पर धान बीज किसानों के बीच मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें हाइब्रिड धान,अराइज गोल्ड,अराइज 8433,डीआरएच एमटीयू 10 उपलब्ध है। मौके पर कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसान अनुदान पर मिले बीज का समुचित लाभ उठाएं और अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रधान उरांव,उप मुखिया अजीत मनी पाठक,पूर्व मुखिया आदित्य भगत, लैंपस सचिव सुरेंद्र यादव सहित कई किसान उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेता के प्रयास से पुना में मरे मजदूर का शव लाया गया पैतृक गांव

## श्रम विभाग से मृतक की पत्नी को आर्थिक मदद दिलाया



श्रम विभाग से मिले चेक की राशि मृतक की पत्नी को देते कांग्रेसी नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पुना में काम करने के दौरान पालकोट थाना क्षेत्र के चौक टेंगरा गांव निवासी रंजीत लकड़ा की मौत हो गयी थी। जिसका पार्थिव शरीर परिजन लाने में असमर्थ थे। इस बात की जानकारी पालकोट के कांग्रेसी नेता बसंत गुप्ता ने असंगठित कामगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम  को दी। मुख्यतार आलम ने मामले को लेकर श्रम अधीक्षक से मुलाकात कर मृतक के पार्थिव शरीर को लाने में सहयोग की अपील की। जिसके बाद श्रम विभाग के द्वारा मृतक के शव को लाने के लिए चेक प्रदान किया गया और मृतक का शव उसके घर तक लाया गया। रंजीत लकड़ा पुना में काम करने के क्रम में अचानक ऊपर से गिर गया था। जिस कारण रंजीत लकड़ा के सर में गहरी चोट लगने से ब्रेन हेमरेज हो गया और रंजीत लकड़ा की मृत्यु हो गई थी। श्रम विभाग द्वारा पार्थिव शरीर को लाने की के लिए 50 हजार रुपए का मदद दिया गया।

# शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार पांडेय, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार, प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम, डाइट चिरी के प्रभारी प्राचार्य अमृता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एपीओ अशोक कुमार पांडेय ने बतलाया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सतत विकास करना, स्वमूल्यांकन करना होता है। परिस्थितियों के बदलने के साथ ही अपने आप को भी परिवर्तन करना होगा। शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि होता है, हमारा भी दायित्व है कि हम विद्यालय के बच्चों को बेहतर माहौल देखकर उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करें। फील्ड मैनेजर आकाश कुमार ने




उद्घाटन करते अतिथि

बतलाया कि प्रशिक्षण कार्यशाला से शिक्षकों के में बौद्धिक विकास होता है, परिणाम स्वरुप बेहतर कार्य करने में हम सक्षम हो सकेंगे। प्रशिक्षके अरुण राम ने बतलाया कि पीएम श्री विद्यालय का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है यह स्वयं में हीं उपलब्धि भरा है। पीएम श्री विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षणोपरांत सभी अपने विद्यालय में बेहतर कर सकेंगे। प्रशिक्षक महबूब आलम ने बतलाया कि शिक्षण सत्र में उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा समय उपस्थिति का अनुपालन कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसका सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा।

# देश में इमरजेंसी लगाने का 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने मनाया काला दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** 25 जून 1975 को कांग्रेस के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा रायबरेली चुनाव हार जाने के बाद संविधान को ताक में रखकर देश में इमरजेंसी लगाने का 50 वर्ष पूरे होने पर जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा हटिया गार्डन में काला दिवस मनाया गया। इमरजेंसी के दौरान भारतीय जनसंघ के कार्यकताओं को बिना वजह गिरफ्तार कर जेल में डाला गया उनमें से एक उमेश कास्यकर इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने अपने स्मरण में बताया की इमरजेंसी एक काला कानून था उसे वक्त के रायबरेली के उम्मीदवार राज नारायण  द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कहा गया था कि सरकारी तंत्र का इन्होंने दुरुपयोग किया है और उसके परिणाम स्वरुप हर को जीत में बदल गया है। जिसे इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सही माना और उस वक्त की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पराजित घोषित किया था। इसके बाद 24 जून की मध्य रात्रि को



कार्यक्रम में शामिल भाजपाई

तत्कालीन राष्ट्रपति से मिलकर पूरे देश में इमरजेंसी लगाई गई थी। इमरजेंसी के दौरान उन्होंने कई ऐसे कार्य किया जिससे जनता का उत्पीड़न हुआ। उन्होंने जबरदस्ती नसबंदी लोगों की कार्रवाई और देश भर के विरोधी दल के नेताओं को जेल में डालने का काम किया था। हम लोगों ने इसका विरोध किया जिसके परिणाम स्वरूप मुझे और रामसुंदर प्रसाद जैसे नेताओं को जेल में डालने का काम किया गया था। इस इमरजेंसी का विरोध लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में  किया गया जिसे छात्रों एवं पूरे देश के नागरिकों ने समर्थन किया। जिला प्रभारी एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सुनीता सिंह ने कहा की जो इल्जाम आज कांग्रेस द्वारा नरेंद्र मोदी सरकार के ऊपर लगाया गया कि उन्होंने संविधान बदलने का काम किया जो कि सरासर गलत है और जनता को दिग्गभ्रमित करने का काम किया गया जबकि नरेंद्र मोदी जी की सरकार के द्वारा भारत के हर नागरिक को आवास, नल के द्वारा हर घर में जल पहुंचाना हर गांव तक पहुंच पथ बनवाना, प्रत्येक गांव तक बिजली पहुंचाना, किसानों को किसान सम्मन निधि देना, आदिकई जनहित में कार्य किया जा रहे थे। जिसे कांग्रेस ने जनता को दिग्भ्रमित करने का काम किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति के रूप में एक आदिवासी महिला को बनाया गया है। जिसके रहते किसी भी अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति या पिछड़ा वर्ग का आरक्षण को समाप्त नहीं किया जा सकता है। यह जनता को विश्वास करना चाहिए। लोकसभा चुनाव के दरमियान कांग्रेस के उम्मीदवारों द्वारा संविधान के पुस्तक लेकर लोगों को दिग्गभ्रमित करने का काम किया गया है। इसके अलावा जनता को उन्होंने ?100000 प्रतिवर्ष देने का वादा किया जबकि उसकी सरकार झारखंड में है इसे, उसे लागू करना चाहिए. पिछले झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस ने इसी तरह का लोभ जनता को देने का काम किया था प्रत्येक माह 6000 साल में 72000 देने का वादा किया था जो कि आज 4:30 वर्ष बीतने के बावजूद इसे उसने लागू नहीं किया, 5 लाख लोगों को नौकरी देने एवं बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का भी वादा किया था आज झारखंड सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर है उसके बावजूद इन घोषणाओं को लागू नहीं किया गया है। जनता को इसे समझने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो और  परमेश्वर साहू ने भी  संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने किया एवं मंच संचालन जिला मंत्री अनिल उरांव ने किया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कलावती देवी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रकाश नायक, इस कार्यक्रम के सहसंयोजक विमल कांत सिंह, जिला की नेत्री एवं वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश महतो,अनूप महतो, ओम प्रकाश गुप्ता, मंगल यादव, बृजनंदन यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

# खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है: जिप सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बारवे हाई स्कूल के खेल मैदान में  प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा प्रखंड स्तरीय 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य अतिथि चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा,उपप्रमुख प्रमोद खलखो सहित अन्य अतिथियों के द्वारा सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मुख्य अतिथि के द्वारा फुटबॉल किक मारकर किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के कुल 7 टीमों ने हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य अतिथि मेरी लकड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल के क्षेत्र में हमारे झारखंड के बच्चों ने पदक जीतकर अपने गांव व देश का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर छुपे प्रतिभा को निखारकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लाना है। वहीं उपप्रमुख प्रमोद खलखो ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। पढ़ाई के साथ साथ आप खेल के माध्यम से भी अपना कैरियर बना सकते हैं। इधर प्रतियोगिता के फाइनल में बालक वर्ग अंडर 17 में बारवे हाई स्कूल चैनपुर ने बलबीर उच्च विद्यालय कटकाही को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका वर्ग अंडर 17 में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चैनपुर ने संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालक वर्ग अंडर 15 में भी बारवे स्कूल की टीम विजेता रही इधर सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों के द्वारा मेडल व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया।

# खेल को खेल की भावना से बच्चे खेले: प्रखंड प्रमुख



फुटबाल मैच में शामिल अतिथि व अन्य

**खबर मन्त्र संवादाता**

**घाघरा।** प्रखंड शिक्षा विभाग घाघरा के द्वारा नवडीहा खेल मैदान में सोमवार से दो दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया। टूनार्मेंट का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उदघाटन मैच बालक वर्ग में प्रोजेक्ट विद्यालय बदरी बनाम मॉडल स्कूल घाघरा के बीच खेला गया। जिसमें दो गोल से प्रोजेक्ट विद्यालय बदरी की टीम बिजयी रही। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि खेल को खेल की भावना बच्चे खेले। हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। सरकार के द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। निश्चित तौर पर प्रखंड स्तर के बच्चों को एक प्लेटफार्म मिल रहा है।

### मेगा कैंप का आयोजन

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती  गांव नकटीझरिया में सोमवार को जिला स्तरीय एक विशेष मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी विभागों के  पदाधिकारियों ने अपने अधिनस्तों के साथ कैंप लगाते हुए उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया। पिछले गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण क्रम में उन्होंने उक्त ग्राम का दौरा किया था।

# स्पोर्ट्स अकादमी व गुमला एकादश के बीच हैंडबॉल  प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवादाता**

**गुमला।** स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के द्वारा परमवीर अलर्बट एक्का स्टेडियम में अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस और अंतराष्ट्रीय हैंडबॉल दिवस धूमधाम से मनाया गया। साथ ही खिलाडियों के लिए आयोजित समर कैंप संपन्न हुआ। हैंडबॉल दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी और गुमला एकादश के बीच हैंडबॉल का मैच हुआ। जिसमें 12-9 के स्कोर से स्पोर्ट्स अकादमी ने जीत हासिल किया। तत्पश्चात इस कार्यक्रम में ओलंपिक खेल को लेकर मौखिक रूप से सवाल जवाब प्रतियोगिता रखी गयी। कार्यक्रम में जिला स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में खेलने वाले खिलाड़ियों को  मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी और समाज सेवी भोला चौधरी ने सम्मानित किया।

### प्रखण्ड स्तरीय टूर्नामेंट में शामिल हुईं 17 टीमें

**गुमला।** सोमवार को संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम में सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रखण्ड स्तरीय मुकाबलों का भव्य शुभारंभ हुआ। द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित कोच वीणा केरकेट्टा और रिजवान अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूनार्मेंट का विधिवत उद्घाटन किया।

# निरंतर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है: डीडीसी




सम्बोधित करते डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला शिक्षा विभाग के तत्वाधान में 63वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का जिला स्तरीय आयोजन संत स्तानिसलॉस उच्च विद्यालय, लोहरदगा के मैदान में किया जा रहा है। यह आयोजन 25 से 27 जून 2024 तक अंडर-17 (बालक और बालिका) वर्ग तथा अंडर-15 बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। मंगलवार को प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला शिक्षा पदाधिकारी,  सह डीपीओ, जेईपी नीलम आईलीन टोप्पो,एपीओ अशोक पांडेय,एपीएम सह प्रभाग प्रभारी विश्वास दीपक झा,  आकाश कुमार,फील्ड मैनेजर एंव जीतेन्द्रमित्तल,सीआरपी आदि के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत  ने कहा कि खेल खिलाड़ियों में अनुशासन और उनमें टीम भावना के साथ साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है। खेलों में निरंतर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है। साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता का यह खेल छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व में निखारने का कार्य करती है।

स्पीड न्यूज



## पूर्व उपमुख्यमंत्री सुधीर महतो की जयंती मनी

**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल गोलचक्कर में झारखंड राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं ईचागढ़ के पूर्व विधायक स्वर्ग सुधीर महतो का 68 वां जन्म जयंती केक काटकर व तस्वीर पर माल्यार्पण कर मनाया गया। मौके पर धर्मु गोप, मोहन लोहार, सुदामा हेम्ब्रम, वैधनाथ टुडू, दीनबंधु महतो, राजु किस्कु, मोती सोरेन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय में भू-माफिया गिरोह सक्रिय

**गम्हरिया।** गम्हरिया प्रखंड और अंचल कार्यालय में भूमाफिया और बिचौलिया गिरोह सक्रिय है। ये सक्रिय बिचौलिये अंचलकर्मियों का मनोबल गिराने और राज्य में महागठबंधन सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। यह बातें युवा राजद जिलाध्यक्ष उदित यादव ने एक बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि राजद, झामुमो और कांग्रेस गठबंधन वाली राज्य सरकार चंपाई सोरेन के नेतृत्व में योजनाओं पर बेहतरीन कार्य कर रही है। इससे घबरा कर भाजपाई मानसिकता के लोग सरकार और सरकार की योजनाओं को कार्यान्वित करने वाले ईमानदार अधिकारियों पर मनगढ़ंत एवं झूठे लगा कर उन्हें बदनाम कर रहे हैं। इससे महागठबंधन की सरकार घबराने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी मजबूती से गरीबों और जरूरतमंदों का काम करती रहेगी। दूसरी ओर, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रदेश सचिव मनोज पासवान ने भी डीसी से प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सक्रिय विचौलियों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि ये विचौलिए आम जनता को अधिकारियों तक पहुंचने नहीं देते हैं और भोली भाली जनता का दोहन करते हैं।

## अंचल कार्यालय में मेगा लीगल कैंप 30 को

**गम्हरिया।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में डालसा के तत्वावधान में आगामी 30 जून को मेगा लीगल कैंप का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए बीडीओ प्रवीण कुमार ने बताया गया कि उक्त कैंप में लोग अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। कैंप में कई न्यायिक दंडाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर लोग किसी भी प्रकार के कानूनी मामले की मुफ्त सलाह भी ले सकते हैं। इस दौरान कई लाभुकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील किया है।

## एफ टी एस युवा का प्लांट्स ऑन व्हील शुरू



**जमशेदपुर।** तुलसी भवन में मंगलवार को एफ टी एस युवा द्वारा पौधा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसके तहत 150 फलदार वृक्ष के पौधे जमशेदपुर प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के लिए रवाना किये गये। अध्यक्ष रश्मि गर्ग ने बताया की विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एफ टी एस युवा जमशेदपुर ने अबतक दो कार्यक्रम किए हैं! पहला 100 पौधे लगाना, एवं पुधरोपन पर कार्यशाला लगाना। इसी कड़ी में आज प्लांट्स ऑन व्हील्स कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जिसके तहत इस हफ्ते विभिन्न एकल विद्यालयों के प्रमुखों के बीच 150 फलदार पौधे बांटे जायेंगे। ये पौधे मुख्य रूप से मुसाबनी, घाटशिला, डुमरिया, पोटका एवं पटमदा के एकल विद्यालयों में लगाये जायेंगे। सचिव पीयूष चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच पेड़ लगाने को लेकर जागरूकता फैलाना है। इसके साथ ही फलदार वृक्ष कालांतर में विद्यालयों के लिए कमाई का एक जरिया भी बन सकते हैं। आज के कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गयी।

# भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है आपातकाल : अमर बाउरी

- भाजपा ने आपातकाल के विरोध में मनाया काला दिवस
- शहर के लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित, संगोष्ठी में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से लागू आपातकाल के विरोध में भाजपा जमशेदपुर महानगर ने मंगलवार को काला दिवस मनाया। मानगो स्थित बड़ा हनुमान मंदिर सभागार में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में 'लोकतंत्र की रक्षा-हमारा संकल्प' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में आपातकाल को भारतीय इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए लोकतंत्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोकतंत्र सेनानियों को स्मरण कर नमन किया गया। इस दौरान झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, कार्यक्रम के प्रभारी गुरविंदर सिंह सेठी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री नंदजी समेत अन्य नेतागण विशेष रूप से मौजूद रहे।

इससे पहले, भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम स्थल से गांधी मैदान तक पदयात्रा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि 25 जून, 1975 की मध्यरात्रि में लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे कलंकित अध्याय है। 25 जून 1975 की मध्य रात्रि को भारत के इतिहास में एक ऐसा काला अध्याय लिखा दिया गया था जिसका आभास शायद ही किसी को रहा होगा। उस रात की कालिमा ने भारतीय लोकतंत्र पर 21 महीने तक ग्रहण लगा दिया था।



कार्यक्रम को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सह नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी।

उन्होंने कहा कि 49 वर्ष पूर्व आज ही के दिन भ्रष्टाचार, शिक्षा में गिरावट और अपनी सत्ता को बचाये रखने के लिए देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। आपातकाल की घोषणा के साथ ही देश को गैर-लोकतांत्रिक मोड में धकेल दिया। लोगों की स्वतंत्रता पर रोक लगा दी थी। कुछ ही मिनटों में तत्कालीन कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने भारतीय संविधान का लगभग अपहरण ही कर लिया था। इसमें श्रद्धेय अटल बिहारी, लाल कृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई और लोकनायक जयप्रकाश नारायण समेत देश के विपक्षी नेताओं, आरएसएस व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को जेल में भर दिया गया और नागरिकों के मौलिक अधिकारों सहित सभी संवैधानिक अधिकारों को जबरन हटा दिया।

अमर बाउरी ने कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी सत्ता में आसीन हुई थी, उस सिहांसन को बचाये रखने के लिए उसी संविधान पर ताला लगा दिया। प्रेस को झुकाया गया, उसपर सेंसरशिप लगायी गयी। मीसा और डीआईआर के तहत देश में एक लाख से ज्यादा लोगों को जेलों में ठूंस दिया गया। उस समय इंदिरा गांधी के सबसे बड़े सलाहकार संजय गांधी के गलत निर्णय के कारण देशभर में लोगों को जबरदस्ती पकड़कर नसबंदी कार्यक्रम को चलाया गया, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गयी।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि आज कई राजनीतिक पार्टी यह प्रचारित करने में लगी रहती हैं कि लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। ऐसा कहने वालों को आपातकाल का वो काला दौर याद करना चाहिए कि सत्ता के लालच में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश को क्रूरतापूर्वक इमरजेंसी की बेड़ियों में कैद कर दिया था।

अमर बाउरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पंच निष्ठा में एक निष्ठा मजबूत लोकतंत्र भी है। इसी लोकतंत्र की भावना को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के आदर्शों के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के शासनकाल में सफल नीतियों और योजनाओं से चरितार्थ किया है। हमें ऐसे राजनीतिक दल और वंशवादी पार्टियों से भी सावधान रहना होगा, जो सत्ता सुख के लिए लोकतंत्र और संविधान को एक झटके में खत्म कर देते हैं।

वहीं, कार्यक्रम के प्रभारी गुरविंद्र सिंह सेठी ने कहा कि आपातकाल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था।

# जीएसटी घोटाले में जमशेदपुर के व्यवसायी बबलू जायसवाल अरेस्ट

- दिसंबर 2023 से अब तक जीएसटी इंटेलीजेंस के हत्थे चढ़ चुके हैं 5 कारोबारी

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जीएसटी इंटेलिजेंस ने करीब 4000 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में प्याज के छिलके की तरह परत दर परत उघाड़ना शुरु कर दिया है। इस घोटाले के मामले में जमशेदपुर से एक और गिरफ्तारी की है। मंगलवार को इस मामले में व्यावसायिक ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल को जीएसटी इंटेलिजेंस ने गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। जीएसटी विभाग के अधिकारियों के अनुसार गुप्ता बंधुओ ने अपनी सेल कंपनियों के जरिए बड़े व्यापारियों से करोड़ों रुपए का लेनदेन दिखाया है इसमें से एक कंपनी जमशेदपुर के नामी उद्योगपति ज्ञानचंद जायसवाल की शारदा एंडेवर है जिससे पूरे घोटाले के कर्ताधर्ता गुप्ता बंधुओ ने 25 करोड रुपए का लेनदेन दिखाया है।

बबलू जायसवाल को गत सोमवार की देर शाम को पहले जीएसटी के साक्षी स्थित इंटेलिजेंस विभाग के कार्यालय में बुलाया गया उनसे कई दौर में बातचीत की गई इसके बाद उनको हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लेने के बाद मंगलवार की दोपहर 12 बजे एमजीएम अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करने के बाद जमशेदपुर कोर्ट में पेश किया गया और वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



बबलू जायसवाल को जेल भेजने से पूर्व एमजीएम अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के लिए ले जाते।

बता दे इस मामले में पहले सबसे पहले जमशेदपुर से विक्की भालोठिया नामक व्यापारी को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद मुंबई के श्री शिवकुमार देवड़ा और उसके बाद कोलकाता साल्ट लेक से अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता नाम के दो कारोबारी भाइयों को गिरफ्तार किया गया। अब पांचवीं गिरफ्तारी बबलू जायसवाल की हुई है ।

जीएसटी इंटेलिजेंस के सूत्रों के अनुसार जमशेदपुर में ऐसी दर्जनों कंपनियां है जिसमें फर्जी तरीके से लेनदेन किया जा रहा है। जांच में पाया गया की 100 से ज्यादा कंपनियां ऐसी है जिसमें फर्जी तरीके से लेनदेन हो रहा है। अब तक इन कंपनियों में 3000 से ज्यादा के लेनदेन सामने आये हैं।

जमशेदपुर में ही 150 करोड रुपये से ज्यादा का जीएसटी घोटाला सामने आया है इस घोटाले के बाद एक टीम का गठन किया गया जिसमें सीनियर इंटेलिजेंस ऑफीसर रोशन कुमार मिश्रा, इंटेलिजेंस ऑफीसर दिनेश कुमार, राजीव रंजन और राजेश कुमार शामिल थे। सबसे पहले इसी महीने में कई और गिरफ्तारियां की जा चुकी है सबसे पहले गिरफ्तार विकी भालोटिया और शिव कुमार देवड़ा को अदालत से जमानत मिल गयी है।

## आनंदमार्गी-संन्यासियों ने इमरजेंसी के खिलाफ कर लिया था आत्मदाह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** 25 जून आपातकाल को काले दिन के रूप में याद करते हुए आनंदमार्गियों ने आपातकाल के दौरान आनंदमार्गियों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध में सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए देश-विदेश में अपने आराध्य के कष्ट को शहर ना करते हुए आत्मदाह कर दिया। एक दर्जन से भी ज्यादा साधु संन्यासियों ने आपातकाल के दौरान अत्याचार के विरुद्ध में आत्मदाह किया। उन दिवंगत त्यागी सन्यासियों एवं सन्यासिनियों को ईश्वरप्रणिधान के बाद श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जमशेदपुर के सभी यूनिटों में यह कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर कुछ आनंदमार्गियों ने ब्लड सेंटर में रक्तदान कर उन दिवंगत आत्माओं को रक्तदान कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। 25 जून 1975 को लगाये गये आपातकाल के विरोध में काला दिवस के रूप में मनाते हैं। आनंद मार्ग प्रचारक संघ के जनसंपर्क सचिव सुनील आनंद ने कहा कि 25 जून 1975 को पूरे भारतवर्ष में इमरजेंसी लगा दिया गया। आनंद मार्ग के लगभग एक सौ से भी ज्यादा संगठनों को बैन कर दिया गया, अनुयायियों को जेल भेजा गया एवं उन पर सबसे ज्यादा अत्याचार किया गया।

## इंदिरा गांधी ने आपात काल लगा कर भारतीय संविधान को कलंकित किया : डॉ जटाशंकर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा/जमशेदपुर।** मंगलवार को चाईबासा स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष संजय पांडे की अध्यक्षता में आपातकाल के खिलाफ एक प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया जिसे भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डा जटाशंकर पांडेय ने विशेष रुप से संबोधित किया। डॉ जटाशंकर पांडेय ने कहा कि 25 जून काला दिन है। इसी दिन 1975 को भारत देश के अहंकारी कांग्रेस पार्टी के प्रधानमान्त्री इंदिरा गांधी ने 25 जून को पूरे देश मे अलोकतांत्रिक तरीके से आपातकाल लगा कर देश के संविधान को कलंकित किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार में लिप्त होने पर उन्हें दोषी करार दिया था, जिस कारण उनका निर्वाचन रद्द हो गया और अगले 6 साल के लिए उन्हें किसी भी चुनाव लड़ने से रोक लगा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केवल उन्हें प्रधानमंत्री बने रहने का राहत दिया, जिस पर विचलित होकर इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को अलोकतांत्रिक तरीके से भारत देश मे आपातकाल लगा दिया जो आजाद भारत के इतिहास में एक काला इतिहास बन गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ जटाशंकर पांडेय।

डॉ पांडेय ने कहा कि आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी की तानाशाही रवैये इतनी उग्र हो गई कि देश की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम करने पर विवश हो गयी। जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जार्ज फेर्नांडिश जैसे दिग्गज नेताओं को रातों रात बंदी बना लिया गया। पूरे देश मे लाखों नेताओं को जेल में डाल दिया गया।

## क्षेत्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024 के जूनियर वर्ग में 26 स्कूलों ने लिया भाग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** आर वी एस अकादमी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर ने 25 जून, 2024 को जूनियर वर्ग के लिए ए एस आई एस सी क्षेत्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। वाद-विवाद का विषय था, क्या ऑनलाइन शिक्षा पारंपरिक शिक्षा जितनी प्रभावी है, इस विषय पर प्रतिभागियों ने गहन तर्क दिये।

इस कार्यक्रम में सी आई एस सी ई से संबद्ध 26 विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में आरवीएस अकादमी के चेयरमैन बिंदा सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कार्यकारी समिति के सदस्य शक्ति सिंह, प्राचार्य वीशा मोहिंद्रा, उप प्राचार्य अनीता तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। जुस्को स्कूल कदमा की प्राचार्य झुमझुमी नंदी ने वाद-विवाद की मॉडरेटर के रूप में कार्य किया।

## घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे : अनन्य मित्तल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों से सहयोग की अपील की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जा कर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य करेंगे। इसी क्रम में राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें।

# एसडी सिंह की स्मृति में 375 यूनिट रक्त संग्रह, रक्तदाता सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एसडीएसएम. स्कूल फॉर एक्सीलेंस में सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय एसडी सिंह जी की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रातः 9 बजे से संध्या 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन विद्यालय प्रेक्षागृह में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं शिक्षाविद् एसडी. सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित की गई। तत्पश्चात् अध्यक्ष दिवाकर सिंह, प्राचार्या मौसमी दास, प्रभाकर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप-प्रज्ज्वलित एवं मंत्रोच्चारण कर किया गया।




रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते दिवाकर सिंह और प्रभाकर सिंह और एसडी सिंह की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देते मेजबान और मेहमान।

पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने रक्तदाताओं को डोनर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ सुधाकर सिंह, चन्द्रगुप्त सिंह, शिव शंकर सिंह, विजय खां, भाजपा नेता विनोद सिंह, रामाश्रय प्रसाद, संजय सिंह, वाईपी सिंह, सेंट्रल गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटि के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने भी रक्तदाताओं को सम्मानित किया।

रक्तदान महादान है जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को सुरक्षित रखने में अपनी अहम् भूमिका निभाता है। इसी सामाजिक दायित्व के निर्वहन के क्रम में विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष जनकल्याण हेतु रक्तदान षिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसाईटी एवं जमषेदपुर ब्लड बैंक सेंटर के सहयोग से किया जाता है।

कुल 375 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह शिविर एसडी सिंह मेमोरियल एडुकेशनल फाउंडेशन (ट्रस्ट) के बैनर तले विद्यालय अध्यक्ष श्री दिवाकर सिंह के देख-रेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मौके पर दिवाकर सिंह ने रेडक्रॉस के सचिव विजय कुमार सिंह के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

## एक नजर में

### गरुड़बासा का विधायक मंगल कालिंदी ने किया दौरा, लोगों की समस्याओं से हुए अवगत



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड हुरलुंग पंचायत अंतर्गत गरुड़बासा में पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण करने और सीढ़ी बनाने हेतु मांग काफी दिनों से स्थानीय लोग कर रहे थे जिसको संज्ञान में लेकर आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी गरुड़बासा पहुंचे और क्षेत्र का दौरा किया और पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर पहुंचकर दर्शन भी किये। विधायक ने क्षेत्र वासियों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द मंदिर में सौंदर्यीकरण और सीढ़ी का निर्माण करवाया जाएगा ताकि स्थानीय लोगों को मंदिर में दर्शन करने पर कठिनाइयां ना हो। मौके पर क्षेत्र में नाली और अन्य समस्या से भी स्थानीय लोगों ने विधायक को अवगत कराया उसका भी जल्द से जल्द समाधान करवाने का विधायक ने आश्वासन दिया। मौके पर रमेश लोहार, आशा देवी, भरत चौधरी, अरुण सिंह, सुनील लोहार, शिवचरण सिंह आदि स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### सूर्य मंदिर परिसर में चल रहे रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए भाजपा नेता अमर बाउरी



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में सूर्य मंदिर समिति के 11 दिवसीय रुद्र महायज्ञ में झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी शामिल हुए। इस दौरान संध्या आरती में सम्मिलित होकर उन्होंने क्षेत्र के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अमर बाउरी ने सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों के संग मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, रूबी झा, कंचन दत्ता, प्रेम झा, संतोष ठाकुर, अभिमन्यु सिंह, काजू शांडिल, साकेत कुमार, पुष्पेंद्र मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

### करीम सिटी कॉलेज में उर्दू कविता प्रतियोगिता 'बैत बाजी' का आयोजन



**जमशेदपुर।** मंगलवार को करीम सिटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर (स्पार्क) के द्वारा बैत बाजी (उर्दू कविता प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कथाकार और लेखक डॉ अख्तर आजाद थे। कार्यक्रम के निर्णायक सैयद बद्र अहमद और अनवर अदीब थे। कार्यक्रम का आगाज कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रेयाज द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। आज की बैत बाजी में 7 टीमों ने भाग लिया। गौहर अजीज (प्रोफेसर, उर्दू विभाग) ने प्रतियोगिता का संचालन किया। बैत बाजी के विजेता का खिताब इंजमाम अजीज और सदफ अत्तारिया की टीम टीम दाग ने और उपविजेता का खिताब सफदर हारून और नाफिया निशात की टीम टीम फैज ने जीता। उत्कृष्ट प्रदर्शन का पुरस्कार इंजमाम अजीज को दिया गया। मंच का संचालन सना वकील ने किया। पुरस्कार वितरण डॉ एस एम याहिया इब्राहीम द्वारा किया गया। कॉलेज के सचिव डॉ मोहम्मद जकारिया ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो और धन्यवाद पत्र भेंट किया। आज का यह कार्यक्रम बहुत रोचक रहा।

### पुल और सड़क निर्माण को लेकर विभागीय मंत्री से मिलीं विधायक सविता महतो



**चांडिल।** ईंचागढ़ विधायक सविता महतो सोमवार को जल संसाधन, पथ निर्माण व भवन निर्माण विभाग के मंत्री बसंत सोरेन से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकत कर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कैनाल पुल व सड़क निर्माण को लेकर विभागीय मंत्री को मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में विधायक ने चांडिल प्रखंड के हुमिद करमगोड़ा गांव के समीप जर्जर कैनाल पुल का निर्माण, चैनपुर गांव के समीप जर्जर कैनाल पुल निर्माण मांग किया। साथ ही उन्होंने आदरडीह मिलन चौक रोड एन एच 32 आदरडीह से लेकर मिलनचौक तक 32 किमी सड़क का निर्माण आईआरक्यूपी के तहत कराने, एन एच 33 चौका से पातकुम पुल ईचागढ़ तक 9 किमी सड़क का निर्माण आईआरक्यूपी के तहत कराने व चांडिल से मानिककुई होते हुए गिदीबेड़ा टोल ब्रिज तक लगभग 7 किमी सड़क निर्माण का मांग किया। साथ ही विधायक सविता महतो ने घोड़ालिंग मौजा के ग्रामीणों के अभ्यावेदन पर कारवाई की भी मांग की। इस दौरान विभागीय मंत्री बसंत सोरेन ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही जर्जर पुल व सड़को का निर्माण जल्द किया जाएगा। किया इस अवसर पर विधायक के साथ झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समीर महतो, अमीन कुमार महतो, कमल महतो, बृहस्पति टुडू, दीपक महतो आदि उपस्थित थे।

# नीट प्रश्न-पत्र लीक मामले में सीबीआई ने विशेष अदालत को सौंपी अपनी एफआइआर

एजेंसी



**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपनी दर्ज की गई प्राथमिकी आज पटना स्थित विशेष अदालत को सौंप दी। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी पटना स्थित ब्यूरो की विशेष अदालत को सौंपी है। सीबीआई ने यह प्राथमिकी पटना के शास्त्री नगर थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दर्ज की है, जिसमें उक्त प्राथमिकी में दर्ज अभियुक्तों के अलावा अन्य को भी अभियुक्त बनाया है। सीबीआई ने विशेष अदालत में आज दो आवेदन भी दाखिल किए हैं। एक आवेदन इस मामले के जेल में बंद अभियुक्तों की इस मामले में पेशी के लिए और दूसरा आवेदन जेल में बंद अभियुक्तों से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड के लिए दिया है। दोनों आवेदन पर सुनवाई 26 जून 2024 को होगी। इस बीच इस मामले के जेल में बंद अभियुक्तों की पटना के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत में लंबित आठ जमानत याचिकाओं में से दो अभियुक्तों की जमानत याचिका आज वापस ले ली गई है। बाकी बचे छह अभियुक्तों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 02 जुलाई 2024 की तिथि निश्चित की गई है। दूसरी ओर इस मामले में अभियुक्त बनाए गए संजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 15 जुलाई 2024 की तिथि पूर्व से निश्चित है। इसी अदालत ने इस अभियुक्त का नाम प्राथमिकी में नहीं होने के करण केस डायरी और आपराधिक इतिहास पेश किए जाने तक उसके खिलाफ कार्रवाई किए जाने पर रोक लगा दी थी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या 358/2024 के आधार पर 23 जून 2024 को अपनी प्राथमिकी आरसी 224/2024 भारतीय दंड विधान की धारा 120 बी, 406, 407, 408 और 409 के तहत दर्ज की है और मामले का अनुसंधान अपने हाथ में ले लिया है।

# महागठबंधन सरकार में जारी 826 करोड़ के 350 टेंडर रद्द

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में हुए 826 करोड़ के 350 टेंडर में धांधली होने के चलते रद्द कर दिया है। ये सभी टेंडर महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में जारी हुए थे। जिन्हें अब रद्द कर दिया गया है। पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार बबलू ने बताया कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल के दौरान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) में हुए 826 करोड़ रुपये के 350 टेंडर रद्द कर दिए गए हैं। ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था के लिए टेंडर हुए थे। अब नए सिरे से टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान प्रक्रिया में अनियमितता पाए जाने के चलते टेंडर रद्द किए गए हैं। अभी जांच चल ही रही है। मुख्यमंत्री के हर घर नल का जल के संकल्प को पूरा करने के लिए जल्द ही नए सिरे से टेंडर किए जाएंगे। आपको बता दें कि 17 महीने के कार्यकाल के दौरान महागठबंधन सरकार ने 4600 करोड़ रुपये के 1160 टेंडर किए थे। उस समय विभाग के मंत्री ललित यादव थे। एनडीए सरकार के गठन के बाद ही इन टेंडर में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। अब इस मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। नल-जल योजना नीतीश सरकार के महत्वाकांक्षी सात निश्चय में से एक है। ये टेंडर उस वक्त के हैं, जब ललित यादव के पीएचईडी मंत्री रहते हुए स्वीकृत किए गए थे।

## स्पीड न्यूज

### केतार पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान


जब्त वाहन।

**केतार।** केतार पुलिस ने मंगलवार को दोपहर में थाना गेट के समीप दो पहिया वाहन जांच अभियान चलाकर सात बाईक को बिना हेलमेट का चलाते हुए पकड़ कर चालान किया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अगले आदेश तक लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहन कर वाहन चलाए, अपने साथ वाहन का कागजात साथ रखें, वाहन चलाते समय नशा पान नहीं करें अन्यथा पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वाहन जांच अभियान में एएसआई वेंकटेश वर्मा सहित थाना के शस्त्र बल शामिल थे।

### शिकायत के बाद पंचायत सचिव का स्थानांतरण

**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के लाभुकों के द्वारा बीडीओ से लिखित शिकायत के बाद पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद को भवनाथपुर पंचायत से हटाते हुए चपरी पंचायत में स्थानांतरण किया गया है। जबकि भवनाथपुर में नवनीत कुमार को प्रभार दिया गया। बताते चलें कि भवनाथपुर के एक दर्जन लाभुको ने पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद पर आचरण के विरुद्ध कार्य करने को लेकर लिखित आवेदन देकर पंचायत से अविलंब हटाने की मांग किया था। दिए आवेदन में लाभुक शिव शंकर राम, सुरेश कुमार, अमृत कुमार, रामशंकर मेहता, नागवंत मेहता, अजित यादव, अमित कुमार, विजय राउत, रघुनाथ राम, राम जन्म राम, जनक राउत सहित अन्य दर्जनों लाभुकों ने उल्लेख किया था कि पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद का लाभुकों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं है। लाभुकों को अनावश्यक परेशान करना इनका प्रतिदिन का कार्य है।

### जमुई में वज्रपात से सात साल के बच्चे की मौत, दो झुलसे

**जमुइ।** बिहार में जमुई जिले के सिमुलतल्ला थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर वज्रपात से सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी, तथा दो अन्य झुलस गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कनौदी गांव के पिपराडीह टोला के कुछ बच्चे जामुन पेड़ के नीचे जामुन चुन रहे थे,तभी वज्रपात हुआ। इस घटना में कुर्बान अंसारी के पुत्र फैजान अंसारी (07) की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य बच्चे शाहिद अंसारी और महबूब अंसारी झुलस गया।

### लुटेरा गिरोह के सरगना को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गांजा बरामद

**गया।** बिहार में गया जिला पुलिस ने एक लुटेरा गिरोह के सरगना अमरजीत कुमार को गिरफ्तार कर गांजा समेत अन्य सामान बरामद किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने आज बताया कि गिरफ्तार अपराधी लुटेरा गिरोह का सरगना है। कई लूट कांड में पुलिस को इसकी तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर शेरघाटी थानाक्षेत्र के सगाही से अमरजीत को गिरफ्तार किया गया है जो बस के माध्यम से फरार होने के फिराक में था।

### ट्रक की चपेट में आने से स्कूल के कर्मचारी की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से स्कूल के कर्मचारी की मौत हो गयी। कहलगांव के प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद सरफराज नवाज ने यहां बताया कि कहलगांव शहर में सुबह गिट्टी लदे ट्रक की चपेट में आने से स्कूल के कर्मचारी जय शंकर झा (58) की मौत हो गयी। मृतक स्कूल कर्मचारी अनादीपुर गांव का निवासी था। वह स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में काम करता था। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक और खलासी वाहन छोड़कर फरार हो गया है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

एजेंसी



**सारण।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बोलेरो और कार की टक्कर में सारण जिले के तरैया क्षेत्र अंतर्गत भटोरा गांव निवासी एक ही परिवार के पिता और पुत्र सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अन्य तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। हादसे का शिकार परिवार फरीदाबाद से बेटी की अस्थियां लेकर अपने गांव सारण के तरैया आ रहा था। मृतकों में 45 वर्षीय सत्येंद्र सिंह, जबकि उनके 25 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार सिंह और 25 वर्षीय कार चालक मदन सिंह उर्फ साहेब कुमार शामिल हैं। कार चालक मदन सिंह, सत्येन्द्र सिंह के साला का बेटा बताया जाता है। वहीं घायलों में सत्येन्द्र सिंह की पत्नी सुमन देवी और भतीजा सुबोध सिंह शामिल हैं। सत्येंद्र सिंह फरीदाबाद से मारुति सुजुकी कार से घर आ रहे थे। जबकि बोलेरो इटावा से आगरा आ रही थी। पुलिस के मुताबिक दोनों गाड़ियों में कुल 7 लोग सवार थे। इनमें से चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। वहीं तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने घायलों से पूछताछ कर उनके परिजनों को सूचित कर दिया है। सभी मृतक सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत भटौरा गांव के एक ही परिवार के तीन लोग बताए जाते हैं। जिनकी मौत सड़क दुर्घटना में आगरा में हो गई है। जबकि दो लोगो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस द्वारा परिजनो को मिली तो घटना की सूचना पाकर परिवार के अन्य सदस्य बेसुध अवस्था में आगरा के लिए रवाना हो गए है। इस घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। वही एक साथ परिवार के तीन सदस्यों की मौत के बाद गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# आठ सूत्री मांगों को लेकर आमरण अनशन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



अनशन पर बैठे लोग।

**भवनाथपुर।** प्रखंड में अबुआ आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं गड़बड़ी को लेकर भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने आठ सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में आमरण अनशन शुरू कर दिया। पंसस चन्दन ठाकुर ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य एवं जरूरत मंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवास का जियो टैग करने का काम सरकार द्वारा चुने गए स्वयंसेवक का है लेकिन स्वयंसेवक से कार्य नहीं कराया जा रहा है। अबुआ आवास के प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सभी पंचायत सचिवालय में दीवार लेखन कर नहीं कराने से उपरोक्त योजना में भ्रटाचार हावी है। जिसके चलते गरीब, गृह विहीन, दिव्यांग, आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। सभी पंचायतों में मनरेगा योजना में पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य के जानकारी के बिना योजना का संचालन हो रहा है। उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के जानकारी के बिना योजना का कार्य होने से मनरेगा में भ्रटाचार हावी है। पंसस ने बताया कि उपरोक्त मुद्दों को लेकर कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए में बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन पर बैठे है। यह अनशन मांगे पूरी होने तक चलते रहेगा। मौके पर मनोज पहाड़िया, अरसली दक्षिणी पंसस शकील अहमद, सुरेश गुप्ता, दयानन्द यादव, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, वार्ड सदस्य मनोज बैठा, घनश्याम शुक्ला, दयानंद प्रजापति, महेंद्र बैठा, विनोद पासवान, सुरेश प्रजापति, उर्मिला देवी, सरिता देवी, रीना देवी, प्रभादेवी, लक्ष्मी देवी, गुड्डी देवी, प्रतिमा देवी आदि मौजूद थे।

# सरकारी दर पर मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना




**भागलपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा के द्वारा मंगलवार को भागलपुर के समाहरणालय परिसर में धरना दिया। धरना दे रहे लोगों की मांग है कि कदवा दियारा में सड़क निर्माण को लेकर सरकार के द्वारा जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। लेकिन सरकारी रेट पर मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के लिए 2013 में भूमि अधिकरण कानून लागू हुआ था। जिसके तहत 96 हजार रुपया प्रति डिसमिल सरकारी रेट था। लेकिन किसानों को सरकार के द्वारा 72000 हजार रुपया प्रति डिसमिल ही दिया जा रहा है। इसका हम लोग विरोध करते हैं। यदि हम लोगों की मांग यहां पर पूरा नहीं होता तो हम लोग ऊपर तक जाएंगे।

# बीडीओ के प्रभार से विकास रुका : भाजपा


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भाजपाई।

**केतार।** प्रखंड के भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद एवं विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस कर कहा कि प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि जब से केतार में बीडीओ अपना प्रभार लिए हैं तब से प्रखंड में विकास की गति रुक गई है। साथ ही भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जैसे मोटेशन, खाद्य आपूर्ति, मनरेगा, अबुआ आवास, सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं की स्थिती काफी लचर हो चुकी है। यहां तक कि वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवारिक लाभ सहित अन्य योजनाओं का विकास कार्य बाधित हैं। यदि इस तरह की व्यवस्था और भाषा पर रोक नहीं लगती है तो हम सभी लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर उक्त सहित कई अन्य उपस्थित थे।

युवक की गोली मारकर हत्या, परिजनों ने किया एनएच जाम

# अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर भेजा जाएगा जेल : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता


सड़क जाम करते लोग।

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के पचपड़वा गांव में अपराधियों ने महुलिया गांव निवासी तैयब अंसारी 25 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 343 करीब 2 घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण गढ़वा से अंबिकापुर जाने वाले यात्री काफी परेशान रहे। जाम लगने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित परिजन अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी व मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़े हुए थे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने समझा बूझाकर जाम समाप्त कराया गया। जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व तैयब का पुत्र जन्म लिया था। सोमवार की संध्या तैयब घर का कुछ सामान लेने तथा बेटे की जन्म पर दोस्तों को पार्टी देने पचपड़वा पहुंचा था। इस बीच उसके साथ आए एक दोस्त के साथ पचपड़वा में वाहन से साइड लेने के क्रम में अपराधियों से विवाद हो गया। इस संबंध में एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पचपड़वा गांव में तैयब अंसारी की हत्या हुई है। घटना वाहन से साइड लेने के क्रम में विवाद के कारण घटी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद तैयब से नहीं हुई थी। उसके साथ आए हुए कुछ साथियों के साथ विवाद हुआ था। लेकिन अपराधियों ने गोली चला दी। जो तैयब के माथे में जा लगी। उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है।

# सदर अस्पताल में लापरवाही का आलम झामुमो ने की डीसी से कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता


डीसी को मांग पत्र सौपते झामुमो प्रतिनिधि मंडल के लोग।

**गढ़वा।** गढ़वा सदर अस्पताल में लापरवाही का जबरदस्त आलम बना हुआ है। यहां आए दिन लागातर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में झामुमो के प्रतिनिधि मंडल ने डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंप कर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की शिकायत करते हुए प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। डीसी को सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि सदर अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है। गत सोमवार की संध्या पचपड़वा में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके शव को सदर हॉस्पिटल लाया गया। इस दौरान यहां कोई भी कर्मी, प्रबंधक या चिकित्सक सहयोग के लिए मौजूद नहीं थे। वास्तविक जानकारी के लिए रात्रि नौ बजे से 11 बजे का तक सीसीटीवी की जांच कराई जा सकती है। आवेदन में कहा गया है कि हत्या जैसे गंभीर अपराध में जहां एक ओर पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन सक्रियता के साथ सजग होकर काम कर रही थी। वहीं दूसरी और अस्पताल प्रबंधन का लापरवाह रवैया सोच से परे था। ऐसी हरकतों से स्थानीय जन प्रतिनिधि की बदनामी हो रही है। झामुमो नेताओं ने कहा है कि इस मामले की जांच कर लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। यदि भविष्य में पुनः ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो जनहित में ऐसे भ्रष्ट, असंवेदनशील एवं लापरवाह अधिकारियों का झामुमो लोकतंत्रिक रूप से विरोध करेगी। आवेदन सौंपने वालों में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर आदि का नाम शामिल है।

## पेज एक का शेष

### सत्तापक्ष और विपक्ष में ...

वहीं भाजपा ने अपने सभी लोक सभा सदस्यों को 26 जून को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

**सरकार की नीयत साफ नहीं , राहुल का आरोप :** इंडिया समूह ने आरोप लगाया है कि पीएम मोदी ने पहले उपाध्यक्ष पद देने का वादा कर सबके सहयोग से सरकार चलाने की बात की थी, बाद में सहमति नहीं दी। राहुल गांधी ने इस मामले में पीएम मोदी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। ये इनकी रणनीति है लेकिन इन्हें इसे बदलना ही पड़ेगा। पूरा देश जानता है कि मोदी के शब्दों का कोई मतलब नहीं है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने लगाया है कि वह सबके साथ चलकर सहमति की बात करते हैं लेकिन उनके काम इसके ठीक विपरीत होते हैं। उन्होंने कहा, सोमवार को कल राजनाथ सिंह जी ने कहा कि आप हमारे स्पीकर पद के उम्मीदवार का समर्थन कीजिए। हम स्पीकर का समर्थन करने को तैयार हैं लेकिन संसदीय परंपरा के अनुसार उपसभापति विपक्ष का होना चाहिए। राजनाथ सिंह जी ने कहा कि वह दोबारा फोन करेंगे लेकिन अभी तक फोन नहीं आया। वहीं के सी वेणुगोपाल ने सरकार पर उप स्पीकर का पद विपक्ष को देने में आनाकानी करने का आरोप लगाया। सीपीआई (एम) नेता वृंदा करात ने सरकार के इनकार पर नाराजगी जाहिर की।

**लेनदेन की शर्त निराशाजनक : एनडीए :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि अध्यक्ष किसी पार्टी के लिए नहीं होता, यह सदन के कामकाज के लिए होता है, और यह निराशाजनक है कि कांग्रेस ने किसी को नामित किया है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों का यह लेन-देन सही नहीं है। कांग्रेस ने यह शर्त रखी, यदि उन्हें उपाध्यक्ष का पद मिलता है, तो वे अध्यक्ष पद के लिए हमारे उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। रिजिजू ने कहा कि हमने अध्यक्ष पद के बारे में विपक्ष के सभी फ्लोर नेताओं से बातचीत की। अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से होता है। अध्यक्ष पद के लिए कभी कोई चुनाव नहीं हुआ है।

**विपक्ष डील कर रहा : शिवसेना :** शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि सभी गठबंधन सहयोगियों ने स्पीकर पद के लिए ओम बिड़ला का नाम सुझाया था। उन्होंने बहुत बढ़िया काम किया है। हालांकि, विपक्ष ने डिप्टी स्पीकर पद के लिए तुरंत नाम घोषित करने के लिए एक डील पेश की है, मुझे नहीं लगता कि लोकतंत्र शर्तों पर चलता है। वहीं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा- अगर चुनाव होंगे भी तो यह तय है कि ओम बिड़ला जीतेंगे। यह किसी पार्टी का नहीं अध्यक्ष का चुनाव सदन का चुनाव है। मुझे याद नहीं पड़ता कि आजादी के बाद अध्यक्ष पद के लिए कोई चुनाव हुआ हो। विपक्ष जिस तरह से शर्तें लेकर आया है कि उन्हें उपसभापति का पद चाहिए, वह ठीक नहीं है। अगर चुनाव होंगे भी तो यह तय है कि वह (ओम बिड़ला) जीतेंगे।

### सेना में अलग ...

**टेरिटोरियल आर्मी के प्रस्ताव पर सरकार सहयोग देगी :** लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने झारखंड में भी पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन का प्रस्ताव रखा। इसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में सेना द्वारा प्रस्ताव मिलने पर सरकार पूरा सहयोग करेगी। ज्ञातव्य है कि सेना के इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी में भूतपूर्व सैनिक होते हैं, जो पर्यावरण के लिए कार्य करते हैं। झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सेना भी बड़े स्तर पर अपना योगदान कर सकेगी। खासकर इस राज्य के भौगोलिक परिवेश को देखते हुये जंगलों और खनन क्षेत्र में वृक्षारोपण और अन्य माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

**सरकार का आभार जताया :**लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बताया कि डुरंड कप एशिया की सबसे पुरानी और विश्व की दूसरी सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है। इस बार जमशेदपुर की मेजबानी में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसमें राज्य सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है। मौके पर सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल राजेंद्र पुरी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, कर्नल वीएस आडकर और मेजर जनरल एमपी सिंह मौजूद थे।

### नक्सली के शक में...

तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस घटना को संज्ञान में लेते हुए ट्वीट कर पुलिस अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। प्रार्थी का यह भी कहना था कि जिस थाना में उसने रंजीत कुमार यादव के खिलाफ मामला दर्ज है, उसके वे थाना प्रभारी थे। ऐसे में उस थाने में मामले की जांच की निष्पक्षता पर भी सवाल उठेगा। इसलिए मामले को सीआईडी या किसी स्वतंत्र एजेंसी को दिया जाए।

दरअसल, लातेहार के छिपादोहर थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार सिंह को 22 फरवरी 2022 को गारू थाना पुलिस ने उठाया था। उसे गारू थाना में ले जाकर थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने 2 दिनों तक उसके साथ काफी बर्बरता की थी। बाद में पुलिस ने कहा कि पहचानने में गलती हुई है, गलती से उसे उठाया गया है।

### सीबीआइ ने विशेष...

**रिमांड पर आज सुनवाई :** सीबीआइ ने विशेष पटना की अदालत में मंगलवार दो आवेदन भी दाखिल किये हैं। एक आवेदन इस मामले में जेल में बंद अभियुक्तों की पेशी के लिए और दूसरा आवेदन जेल में बंद अभियुक्तों से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड के लिए दिया है। दोनों आवेदन पर सुनवाई 26 जून 2024 को होगी। 5 मई को पूरे देश में एक साथ आयोजित की गयी थी। इसी दौरान पटना के शास्त्री नगर थानाध्यक्ष अमर कुमार ने उक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के आरोप में एक प्राथमिकी तहत शास्त्री नगर थाना में स्व लिखित बयान के आधार पर दर्ज करायी थी।

**दो जमानत याचिका वापस :** इस मामले के जेल में बंद अभियुक्तों की पटना के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत में लंबित आठ जमानत याचिकाओं में से दो अभियुक्तों की जमानत याचिका मंगलवार वापस ले ली गयी है। बाकी बचे छह अभियुक्तों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 2 जुलाई की तिथि तय की गयी है। इस मामले में अभियुक्त बनाये गये संजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तिथि तय है।

**हाईलेबल कमेटी की पहली बैठक :** इस मामले की जांच करने को गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक में मजबूत परीक्षा प्रणाली विकसित करने पर चर्चा हुई। पैनल की पहली प्राथमिकता अभिभावकों और छात्रों से उनकी चिंताओं और सुझावों को जानना होगा। पैनल दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी सिफारिशें सौंपेगा। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सिफारिशें करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति, पूर्व इसरो अध्यक्ष के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित की गयी है।

### दिल्ली से आकर ...

लेकिन इस बार भाकपा माले को भी जगह दिया जाना है। लिहाजा, इस विषय पर भी चर्चा हुई है। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही झारखंड में सभी पार्टियां विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी हैं। भाजपा ने तो केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को सह चुनाव प्रभारी बनाकर रणनीति की कमान तक सौंप दी है। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री आलगमीर आलम ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद एक मंत्री का पद खाली हुआ है। विधायक दल के नेता का पद भी खाली है। ऐसे में नये मंत्री को लेकर भी बातचीत हुई। दूसरी ओर, बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद की परिस्थितियों पर चर्चा के लिए कल्पना और गुलाम ने हेमंत सोरेन से जेल में मुलाकात की। इससे पहले इसी महीने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी।

# पेपर लीक करने पर उम्रकैद, एक करोड़ जुर्माना

## यूपी में परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए योगी कैबिनेट का अहम फैसला

**▸▸ परीक्षा प्रभावित होने पर खर्च की भरपाई साल्वर गैंग से की जाएगी और संस्था होगा ब्लैकलिस्टेड**

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने एक और अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई है। इस अध्यादेश के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सजा के कड़े प्राविधान सम्मिलित किए गए हैं, जिनमें दो साल से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने को शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है और अब इस अध्यादेश को इसी क्रम में एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। लोकभवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने मंजूर किए गए प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा।

वित्त मंत्री ने बताया कि पेपर लीक के संबंध में मंत्रिपरिषद के द्वारा अध्यादेश के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है, जिसमें यदि कोई संस्था या उससे जुड़े लोग पकड़े जाएंगे तो उन्हें 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्राविधान किया गया है।



उन्होंने बताया कि अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था भी इसमें सम्मिलित हैं। यह अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमितीकरण या पदोन्नती करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके अंतर्गत फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना इत्यादि दंडनीय अपराध बनाए गए हैं। अधिनियम के प्राविधानों के उल्लंघन पर अध्यादेश के अंतर्गत दोषियों को 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा, जबकि एक करोड़ रुपए के जुमार्ने का प्राविधान किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार को सॉल्वर गिरोह से वसूलने तथा परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली संस्था तथा सेवा प्रदाताओं को सदैव के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्राविधान किया गया है। अधिनियम में अपराध की दशा में संपत्ति की कुर्की भी प्राविधानित की गई है। इसके तहत समस्त अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के संबंध में भी कठोर प्राविधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विधानसभा का सत्र न होने के कारण बिल के स्थान पर अध्यादेश का प्रस्ताव किया गया है। मंत्रिपरिषद के द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद अध्यादेश की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा

## अयोध्या में बनेगा विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय

**कैबिनेट ने दी मंजूरी**

**▸▸ टाटा संस ने सीएसआर फंड से 650 करोड़ की लागत से संग्रहालय के निर्माण का किया था पेशकश**

**▸▸ जमीन पर्यटन विभाग एक रुपये की लीज पर 90 साल के लिए उपलब्ध कराएगी**

**लखनऊ।** राम नगरी अयोध्या में विश्वस्तरीय भारतीय मंदिर संग्रहालय के निर्माण के प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को हरी झंडी दे दी। इसके लिये पर्यटन विभाग 90 साल के लिये पट्टे पर जमीन देगा। प्रदेश के पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि टाटा संस कंपनी ने केन्द्र सरकार के जरिये एक प्रस्ताव राज्य को दिया था जिसमें कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कोष (सीएसआर फंड) से 650 करोड़ रुपए की लागत से अयोध्या में एक विश्व स्तरीय भारतीय मंदिर संग्रहालय के निर्माण की पेशकश की गई थी। सिंह ने कहा कि इसके अलावा अन्य विकास कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपए देने का प्रस्ताव किया गया था। उनके अनुसार इन प्रस्तावों को मंत्रिमंडल ने मंगलवार को स्वीकृति दी। उन्होंने बताया कि इस मंदिर संग्रहालय के निर्माण के लिये जमीन पर्यटन विभाग एक रुपये की लीज पर 90 साल के लिए उपलब्ध कराएगी। मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये एक अन्य फैसले के बारे में पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में विमान संपर्क बढ़ाने के मद्देनजर लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु (सिद्धार्थ नगर) में निजी सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) के तहत हेलीपैड बनाकर हेलीकाप्टर सेवाएं चालू करने के प्रस्ताव पर भी मंत्रिमण्डल ने मुहर लगा दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने पूरे प्रदेश में अनुप्रयुक्त धरोहर इमारतों को



पीपीपी मोड पर पर्यटन इकाइयों के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय लिया है जिससे पर्यटन क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं और आम लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इनमें से ऐसी तीन इमारतों कोठी रोशनुद्दौला लखनऊ, बरसाना जल महल मथुरा और शुक्ला तालाब कानपुर को चुना गया है। उनके मुताबिक इनके लिये तकनीकी निविदा, तकनीकी प्रस्तुतीकरण एवं वित्तीय निविदा को मंत्रिमण्डल ने अनुमोदन दे दिया है। सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं के बेहतर इस्तेमाल के लिए पर्यटन नीति 2022 लागू की गयी थी। उन्होंने कहा कि उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सके।

# कई सांसदों ने ली शपथ, लगाये नारे

**▸▸ औवेसी ने जय फिलिस्तीन का लगाया नारा, राहुल बोले जय हिन्द और जय संविधान**

**▸▸ हेमा मीलिनी ने जय श्री कृष्ण, जय श्री राधारमण व भारत माता नारा लगाया**

**▸▸ रविकिशन ने गुरु गोरक्षनाथ महाराज की जय और हर-हर महादेव के नारे लगाए**

**▸▸ अरूण गोविल ने संस्कृत में शपथ ली और जयश्रीराम व जय भारत के नारे लगाए**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को कई सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। शपथ लेने के दौरान सदस्यों के अलग-अलग अंदाज और बयान भी दिखाई दिए। हैदराबाद से सांसद असद्दुदीन औवेसी ने जय फिलिस्तीन का नारा लगा दिया जिस पर कई सदस्यों ने आपत्ति जताई। औवेसी ने शपथ के बाद जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन के नारे लगाए। इस पर कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई। इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि शपथ ग्रहण में दूसरे देश के नारे लगाने के विषय में विचार किया जाएगा और विचार किया जाएगा की सही है या नहीं। राहुल गांधी ने भी लोक सभा सदस्य की शपथ ली। उन्होंने अपनी शपथ के दौरान हाथ में संविधान पकड़ा हुआ था। अंत में उन्होंने जय हिन्द और जय संविधान का नारा लगाया।

प्रोटेम स्पीकर भर्तुहरि महताब ने इस बात को स्पष्ट किया कि शपथ के अलावा सदस्यों की कही कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के नारे लगाने से बचना चाहिए।







भाजपा नेत्री एवं अभिनेत्री हेमा मीलिनी ने अपनी शपथ की शुरूआत राधे-राधे से की और अंत में जय श्री कृष्ण, जय श्री राधारमण, जय भारत माता का नारा लगाया। फतेहपुर सिकरी से सांसद राजकुमार चाहर ने गिरिराज महाराज की जय कहा। फिरोजाबाद से अक्षय यादव और अन्य सपा नेताओं ने नेता जी अमर रहें और जय समाजवाद, जय भीम कहा। समाजवादी पार्टी से ही डिम्पल यादव ने जय हिन्द, जय संविधान, जय समाजवाद कहा। सपा सांसद आनंद भदौरिया ने अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। छत्रपाल सिंह गंगवार बरेली से भाजपा सांसद ने जय हिन्दू राष्ट्र और जय भारत का नारा लगाया। गोरखपुर से सांसद रविकिशन ने गुरु गोरक्षनाथ महाराज की जय, ॐ नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेव के नारे लगाए और कहा जय भोजपुरी। मेरठ से सांसद अरूण गोविल ने संस्कृत में शपथ ली और अंत में जयश्रीराम और जय भारत के नारे लगाए। गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिंदाबाद, दीनदयाल उपाध्याय जिंदाबाद, अटल बिहारी वाजपेयी, नरेन्द्र मोदी और डॉ. हेडगेवार जिंदाबाद का नारा लगाया।

## जम्मू से वैष्णो देवी मंदिर तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

**▸▸ एक तरफ का किराया 2,100 रुपये प्रति व्यक्ति**

**▸▸ यात्रियों के पास दो पैकेज होंगे ,उसी दिन वापसी के लिए प्रति यात्री 35,000 और अगले दिन वापसी के लिए प्रति व्यक्ति 60,000 रुपये**

एजेंसी

**कटरा/जम्मू।** जम्मू से माता वैष्णो देवी मंदिर तक मंगलवार को सीधी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई जिससे समय की कमी के कारण एक दिन के भीतर ही इस पवित्र मंदिर में दर्शन की इच्छा रखने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा होगी। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। यह हेलीकॉप्टर सेवा रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित प्रसिद्ध मंदिर में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर और मंदिर के पास सांझी छत के बीच पहले से ही उपलब्ध हेलीकॉप्टर सेवा के अतिरिक्त है, जिनका एक तरफ का किराया 2,100 रुपये प्रति व्यक्ति है। जम्मू से इस सेवा का विकल्प चुनने वाले तीर्थयात्रियों के पास दो पैकेज के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसमें उसी दिन वापसी के लिए प्रति यात्री 35,000 रुपये और अगले दिन वापसी के लिए प्रति व्यक्ति 60,000 रुपये लगेंगे। अधिकारियों ने बताया कि नई सेवा की शुरूआत के अवसर पर तीर्थयात्रियों को लेकर पहला हेलीकॉप्टर सुबह करीब 11 बजे जम्मू हवाई अड्डे से रवाना हुआ और मंदिर के नए मार्ग पर पंछी हेलीपैड पर उतरा। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल



गर्ग ने उद्घाटन के बाद कटरा में संवाददाताओं से कहा कि यह सेवा मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। बोर्ड के सीईओ ने कहा कि निजी सेवा को प्रायोगिक आधार पर दो उड़ानों के साथ शुरू किया गया है। इसकी लागत 35,000 रुपये प्रति यात्री है, जिसमें पंछी से भवन तक बैटरी कार सेवा, दर्शन और भैरव मंदिर तक रोपवे टिकट शामिल है। गर्ग ने कहा कि दूसरा पैकेज अगले दिन वापसी की सुविधा देता है और इसका शुल्क 60,000 रुपये प्रति व्यक्ति है। इस सेवा में विशेष प्रार्थना में भाग लेना भी शामिल है।

# लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे राहुल गांधी

**इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक में लिया गया यह निर्णय**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है। इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह जानकारी पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। इस बाबत कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर को पत्र लिखकर ये जानकारी दी। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में बीते दिनों सर्वसम्मति से राहुल को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने की मांग उठी थी* बैठक में कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्यों ने प्रस्ताव पारित किया कि राहुल गांधी को लोकसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया जाना चाहिए. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए अपने नाम का प्रस्ताव पारित होने पर राहुल गांधी ने इस बारे में सोचने के लिए कमेटी के सदस्यों से कुछ समय मांगा था। गौरतलब है कि विपक्षी गठबंधन का यह कदम स्पीकर चुनाव से कुछ घंटे पहले लिया गया है। बुधवार को । लोकसभा स्पीकर को लेकर चुनाव होना है। एनडीए की तरफ से कोटा सीट से भाजपा सांसद ओम बिरला मैदान में हैं तो दूसरी तरफ केरल से आठ बार सांसद बनकर पहुंचे कांग्रेस सांसद के सुरेश को विपक्ष ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

## जहीर ने सोनाक्षी को गिफ्ट की लग्जरी कार

**मुंबई।** शादी होते ही जहीर इकबाल ने अपनी बेगम सोनाक्षी सिन्हा को 2 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाली बीएमडब्ल्यू आई7 इलेक्ट्रिक सेडान कार उपहार में दी। वायरल वीडियो में नवविवाहित जोड़ा मुंबई के लिंकिंग रोड पर स्थित बास्टियन रेस्टोरेंट में रिसेप्शन के लिए एक आलीशान बीएमडब्ल्यू कार में आता हुआ दिखाई दिया। यह रेस्टोरेंट एशियाई व्यंजनों के लिए मशहूर है। इस क्लिप में सोनाक्षी और जहीर हाथ पकड़े हुए कार की पिछली सीट पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जहीर ने अपनी पत्नी को 2 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत की बीएमडब्ल्यू आई7 इलेक्ट्रिक सेडान गिफ्ट की है। दोनों ने 23 जून को मुंबई के बांद्रा वेस्ट में सोनाक्षी के नए अपार्टमेंट में रजिस्टर्ड मैरिज की।

## केजरीवाल को नहीं मिली राहत हाईकोर्ट में इडी की याचिका मंजूर

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विशेष अदालत से मिली 20 जून को मिली जमानत निलंबित करने की ईडी की याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली।न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा कि ईडी की ओर से दायर आवेदन को स्वीकार किया जाता है, आदेश (विशेष अदालत के जमानत आदेश) पर रोक लगाई जाती है। एकल पीठ ने कहा कि शराब नीति कथित घोटाला मामले में रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर उचित रूप से विचार नहीं किया। उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत द्वारा यह टिप्पणी कि बहुत अधिक सामग्री



पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है और यह दशार्ता है कि उसने सामग्री पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। पीठ ने यह भी कहा कि अवकाशकालीन न्यायाधीश को इडी के जमानत आवेदन पर बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने 24 जून को इस मामले में सुनवाई की थी और अगली सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख मुकर्रर की थी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के सोमवार को थोड़ा असमान्य करार दिया था।

## मप्र में मंत्री भरेंगे अपना इनकम टैक्स खुद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सभी मंत्री अपना इनकम टैक्स भरेंगे। अब तक यह वित्तीय भार राज्य सरकार वहन कर रही थी। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बताया है कि कैबिनेट ने मंगलवार को फैसला लिया है कि राज्य के मंत्री अपने इनकम टैक्स का वहन करेंगे। राज्य शासन से कोई वित्तीय भार नहीं लेंगे। आयकर की दृष्टि से वर्ष 1972 में एक नियम बनाया गया था, जिसके तहत मंत्रियों और संसदीय सचिव स्तर तक का इनकम टैक्स राज्य सरकार भर रही थी। अब मंत्री स्वयं भार का वहन करेंगे। वहीं, कैबिनेट ने फैसला किया है कि जेल, जिन्हें सुधार गृह भी कहा जाता है, वहां पर सुविधा बढ़ाई जाएगी और कैदियों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार जल्द ही विधानसभा में विधेयक लाएगी।

# बजट की उम्मीद से शेयर बाजार ने भरी नई उड़ान

**सेंसेक्स 78 हजार के पार और निफ्टी 23700 के रिकॉर्ड स्तर पहुंचा**

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नयी सरकार में चालू वित्त वर्ष के लिए पेश होने वाले बजट से सबकी उम्मीदें पूरी होने की आस लगाए निवेशकों की वित्तीय सेवाएं, आईटी, बैंकिंग और टेक समेत सात समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया।

सेंसेक्स 712.44 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,053.52 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.45 अंक उछलकर 23,721.30 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के



विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा, इससे मिडकैप 0.26 प्रतिशत गिरकर 46,020.08 और स्मॉलकैप 0.03 प्रतिशत फिसलकर 52,064.12 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4000 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1808 में लिवाली जबकि 2075 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियों में तेजी जबकि 24 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू बाजार में आज वित्तीय क्षेत्र की लिवाली से तेजी देखी गई, जिसका नेतृत्व मुख्य रूप से निजी बैंकों ने किया, जिसमें निफ्टी बैंक एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गया और सेंसेक्स 78,000 को पार कर गया। हालांकि, रियल्टी, बिजली, धातु और मिडकैप जैसे क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। आगामी बजट से उम्मीदों के कारण बाजार ऊपर की ओर बढ़ रहा है।

इससे बीएसई के सात समूहों में मजबूत लिवाली हुई और वित्तीय सेवाएं 1.45, हेल्थकेयर 0.08, इंडस्ट्रियल्स 0.12, आईटी 0.53, बैंकिंग 1.87, कैपिटल गुड्स 0.28 और टेक समूह के शेयर 0.43 प्रतिशत चढ़ गए। वहीं, यूटिलिटीज 0.95, धातु 0.84, तेल एवं गैस 0.75, पावर 1.05, रियल्टी 1.82 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.57 प्रतिशत टूट गये।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.15, जर्मनी का डैक्स 0.97 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.44 प्रतिशत टूट गया जबकि जापान का निक्केई 0.95 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.25 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार सेंसेक्स 188 अंक चढ़कर 77,529.19 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर से पहले 77,459.60 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 78,164.71 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 77,341.08 अंक के मुकाबले 0.92 प्रतिशत मजबूत होकर 78,053.52 अंक हो गया। निफ्टी 39 अंक बढ़कर 23,577.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,562.05 अंक के निचले जबकि 23,754.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एक्सिस बैंक 3.40, आईसीआईआई बैंक 2.48, एचडीएफसी बैंक 2.32, टेक महिंद्रा 1.80, एलटी 1.56, एसबीआई 1.10, बजाज फिनसर्व 0.98, इंफोसिस 0.92, रिलायंस 0.88, सन फार्मा 0.69, कोटक बैंक 0.63, अल्ट्रासिमको 0.59, टीसीएस 0.57, एचसीएल टेक 0.40 और इंडसइंड बैंक 0.34 प्रतिशत शामिल रही।

## स्पीड न्यूज

### दो अगस्त को रिलीज होगी फिल्म 'उलझ'



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ, 02 अगस्त को रिलीज होगी। जाह्नवी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म उलझ का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जाह्नवी ने कैप्शन में लिखा है कि जल्द ही पॉपकॉर्न के साथ मिलते हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर इंडियन फारेस्ट ऑफिसर का किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित होगी। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, राजेश तैलंग, रोशन मैथ्यू, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

### ब्रिटिश जेल से रिहा हुए विकीलीक्स संस्थापक

**वाशिंगटन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार विकीलीक्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें श्री असांजे वह सोमवार शाम को लंदन के स्टैनस्टेड हवाई पर विमान में सवार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घोषणा उस खबर के तुरंत बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि श्री असांजे इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए दोषी होने की दलील देने वाले हैं। इस समझौते के तहत वह अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकेंगे।

### अमेरिका ने यूट्यूब के साथ शुरू की साझेदारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने ग्लोबल म्यूजिक डिप्लोमेसी इनिटिएटिव के समर्थन को लेकर वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब के साथ साझेदारी की शुरूआत कर रहा है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी जे. ब्लिंकन और यूट्यूब म्यूजिक के ग्लोबल प्रमुख लियोर कोहेन ने सोमवार को इस साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी अमेरिका के व्यापक विदेश नीति लक्ष्यों के समर्थन में शांति और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए संगीत को एक राजनयिक मंच के रूप में ऊपर उठाने का एक विश्वव्यापी प्रयास है।

### हूती के पूर्व नेता को 35 साल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक न्यायाधीश ने 400 मावोजो के नाम से कुख्यात हूती गिरोह के पूर्व नेता को हथियारों की तस्करी करने और अमेरिकी बंधकों की फिरौती से एकत्र धन को सफेद करने के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद 35 साल जेल की सजा सुनाई है। अमेरिका के न्याय विभाग ने सोमवार को कहा कि क्रोक्स-डेस-बौकेट्स हूती के 31 वर्षीय जोली जर्मिन को आज 420 महीने जेल की सजा सुनाई गई।

### इजरायली हमले में 26 फिलिस्तीनी मरे

**गाजा।** इजरायल ने मंगलवार को गाजा सिटी के दो घरों, शहर के पूर्व और पश्चिम में विस्थापित लोगों के रहने वाले दो स्कूलों और एक सभा को निशाना बनाकर किये गये हवाई हमले में कम से कम 26 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गयी। इजरायल के नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने एक बयान में कहा कि इजरायली सुरक्षा बलों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-दारराज क्षेत्र में एक स्कूल और शहर के पश्चिम में अल शाती शिविर में एक अन्य स्कूल और अल-शुजाइया के पड़ोस में अल-जमीली परिवार के घर को निशाना बनाकर तीन हवाई हमले किये।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !